बालाघाट
गुरुवार 29 जनवरी 2026
कृष्ण शुक्ल 11 विक्रम सम्वत 2082
वर्ष 16, अंक 127
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

पद्मेश मीडिया समूह का प्रकाश

बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

सेंसेक्स - 82,344.68
निफ्टी - 25,342.75
सोना - 1,67,080
चांदी - 3,80,000
डॉलर - 91.96

/padmeshmedia /padmeshmedia
epaper.balaghatexpress.in
E-mail: balaghatexpress@gmail.com

खास खबर

झारखंड उच्च न्यायालय ने महापौर आरक्षण याचिका खारिज की

रांची। झारखंड उच्च न्यायालय ने महापौर के पदों के लिए सरकार की आरक्षण नीति को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया, जिससे राज्य में इन चुनावों का मार्ग प्रशस्त हो गया। मुख्य न्यायाधीश एमएस सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने शांतनु कुमार चंद्र द्वारा दायर याचिका की सुनवाई करते हुए पाया कि इसमें कोई ठोस तथ्य नहीं है। याचिकाकर्ता ने धनबाद और गिरिडीह में महापौर के पद पर नियुक्ति के लिए सरकार की आरक्षण नीति को चुनौती दी थी। याचिकाकर्ता ने यह दलील दी थी कि सरकार ने दो शहरी स्थानीय निकायों में पदों पर नियुक्ति के लिए एक त्रुटिपूर्ण आरक्षण नीति बनाई है। उन्होंने दलील दी कि महापौर पद के लिए आरक्षण 2011 की जनगणना के आधार पर किया गया है, जो कि बहुत पुरानी जनगणना है।

जयपुर- पैसेंजर्स से भरे एयर इंडिया प्लेन की लैंडिंग फेल

जयपुर। दिल्ली से जयपुर पहुंची एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-1719 की लैंडिंग फेल होने से दहशत फैल गई। बुधवार दोपहर को विमान रनवे को टच करते ही वापस उड़ गया। जानकारी के अनुसार फ्लाइट में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा भी थे। हालांकि, करीब 10 मिनट बाद दूसरे प्रयास में विमान की सुरक्षित लैंडिंग करा ली गई। जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहले भी लैंडिंग फेल होने की घटनाएं सामने आई हैं। दरअसल, फ्लाइट एआई-1719 ने दोपहर करीब 1 बजकर 5 मिनट पर जयपुर एयरपोर्ट पर लैंडिंग का प्रयास किया था। इस दौरान पायलट ने रनवे को छूते ही विमान को दोबारा हवा में उठा लिया। अस्थिर अप्रोच के कारण पायलट ने सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए गो-अराउंड का फैसला लिया। पहले प्रयास के बाद विमान ने एयरपोर्ट के ऊपर कुछ देर तक गोल चक्कर लगाया।

1 फरवरी को पेश हो रहे बजट में 16वें वित्त आयोग की सिफारिशें शामिल

नई दिल्ली। वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में 16वें वित्त आयोग की सिफारिशें शामिल होंगी। 16वां वित्त आयोग, जिसकी अध्यक्षता नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया ने की, ने 17 नवंबर 2025 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौंप दी। आयोग के अन्य सदस्यों में सेवानिवृत्त नौकरशाह एनी जॉर्ज मैथ्यू, अर्थशास्त्री मनोज पांडा, एसबीआई के मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्या कांति घोष, आरबीआई के डिप्टी गवर्नर टी रबी शंकर और सचिव ऋत्विक पांडे शामिल थे।

कुछ ना कहना



बारामती में लैंडिंग की दूसरी कोशिश में फिसला विमान, जलकर खाक, विमान में सवार सभी 5 लोग मारे गए, आज अंतिम संस्कार

अजित पवार का विमान दुर्घटना में निधन

–ममता बनर्जी ने जताई साजिश की आशंका, बोली– निष्पक्ष जांच हो, सुप्रीम कोर्ट के अलावा किसी एजेंसी पर भरोसा नहीं

मुंबई। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार का निधन हो गया है। बुधवार सुबह 8.45 बजे बारामती एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान उनका चार्टर्ड प्लेन क्रैश हो गया। वे 66 साल के थे। हादसे में पवार के सुरक्षाकर्मी, दो पायलट और एक महिला क्रू मेंबर समेत 5 लोगों की जान गई। पवार महाराष्ट्र पंचायत चुनाव के लिए जनसभा को संबोधित करने बारामती जा रहे थे। वे मुंबई से सुबह 8.10 बजे रवाना हुए थे। महाराष्ट्र एविएशन डिपार्टमेंट के मुताबिक पायलट ने सुबह 8.45 बजे बारामती एयरपोर्ट पर लैंडिंग की कोशिश की थी, लेकिन रनवे साफ दिखाई नहीं दिया तो वह विमान को दोबारा ऊंचाई पर ले गया। पहली कोशिश नाकाम रहने के बाद बारामती के रनवे-11 पर दोबारा लैंडिंग की कोशिश की गई। इस दौरान विमान रनवे से फिसलकर क्रैश हो गया। इसके तुरंत बाद उसमें आग लग गई। जानकारी मिली है कि लैंडिंग के दौरान पायलट ने कोई इमरजेंसी सिग्नल नहीं दिया था। उसने मेडे कॉल भी नहीं किया था। महाराष्ट्र में 3 दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। पवार का अंतिम संस्कार बारामती में गुरुवार सुबह 11 बजे किया जाएगा। अजित के चाचा शरद पवार, पत्नी सुनेत्रा, दोनों बेटे और बहन सुप्रिया सुले भी बारामती पहुंच गई हैं।

डिप्टी सीएम और एनसीपी प्रमुख अजित पवार की विमान हादसे में मौत के बाद देशभर में शोक की लहर है। इस बीच पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हादसे की जांच की मांग की है। उन्होंने एक्स पर शोक संदेश में अजित पवार के असामयिक निधन पर शोक जताते हुए प्लेन क्रैश में साजिश की आशंका जाहिर की। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में इस हादसे की जांच की मांग की। ममता बनर्जी ने इशारा किया कि इस घटना में साजिश हो सकती है क्योंकि अजित पवार महायुति गठबंधन से दूरी बना रहे थे। उन्होंने कहा कि इस मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि देश में कोई सुरक्षित नहीं है और हमें सुप्रीम कोर्ट के अलावा किसी एजेंसी पर भरोसा नहीं है।



लैंडिंग की पहली कोशिश फेल हुई थी

सुबह कोहरे के कारण विजिबिलिटी कम थी। पायलटों ने बारामती एयरपोर्ट के रनवे-11 पर लैंडिंग की कोशिश की। हालांकि, उन्हें रनवे नहीं दिखा। दोनों पायलट ने प्लेन दोबारा ऊपर ले लिया। दूसरी बार विमान ने फिर से रनवे की ओर आना शुरू किया। पायलट ने बताया कि अब रनवे दिख रहा है। इसके बाद विमान को लैंडिंग की अनुमति दे दी गई, लेकिन अहम बात यह रही कि पायलट ने इस अनुमति की रीडबैक नहीं दी, यानी लैंडिंग क्लीयरेंस को दोहराकर कन्फर्म नहीं किया।

रनवे छूने से पहले ही प्लेन पलटा

करीब 8:43 बजे विमान का संपर्क टूट गया। विमान ने अपनी लोकेशन और स्पीड बताने वाले सिग्नल भेजना बंद कर दिया। जमीन छूने से पहले ही पलटकर और रनवे से 100 मीटर पहले ही जमीन से टकरा गया। रनवे पर टकराने के बाद प्लेन में धमाका हुआ और भीषण आग लग गई। इसके बाद 4-5 और धमाके हुए। एयरपोर्ट से आग और धुएं का गुबार देख स्थानीय लोग क्रैश साइट की तरफ दौड़े। ग्रामीणों ने प्लेन में सवार लोगों को बाहर निकालने की कोशिश की, लेकिन आग इतनी भयानक थी कि मदद नहीं कर सके।

विमान क्रैश से पहले कैप्टन सांभवी के मुंह से निकला- ओह शिट...ओह शिट

महाराष्ट्र के बारामती में डिप्टी सीएम अजित पवार की विमान क्रैश में मृत्यु हो गई। उनके अलावा प्लेन में सवार पर्सनल सिक्योरिटी ऑफिसर एचसी विदिप जाधव, पायलट कैप्टन सुमित कपूर, कैप्टन सांभवी पाठक और फ्लाइट अटेंडेंट पिंकी माली की भी जान चली गई। अब हादसे से जुड़ी कई जानकारी सामने आ रही है। विमान क्रैश से तुरंत पहले कैप्टन सांभवी पाठक के आखिरी शब्द कहे थे- ओह शिट...ओह शिट। अब तक मिली जानकारी के मुताबिक विमान की कमान कैप्टन सुमित कपूर और सांभवी पाठक संभाल रहे थे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बुधवार सुबह कोहरे के कारण विजिबिलिटी कम थी। पायलटों ने बारामती एयरपोर्ट के रनवे 11 पर लैंडिंग की कोशिश की उन्हें रनवे नहीं दिखा। पायलटों ने विमान को दोबारा ऊपर लिया। थोड़ी देर बाद फिर लैंडिंग करने की कोशिश की। इस बार प्लेन रनवे की तरफ बढ़ा, लेकिन रनवे छूने से पहले ही जमीन से टकरा गया और उसमें आग लग गई उसके बाद उसमें कई विस्फोट हुए।

राष्ट्रपति का अभिभाषण से शुरू हुआ बजट सत्र...

जी राम जी कानून का जिक्र करते ही विपक्ष का हंगामा, कानून वापस लो के नारे लगे, द्रौपदी मुर्मू ने कहा... पिछले 11 साल में भारत की नींव मजबूत हुई

नई दिल्ली। 18वीं लोकसभा के बजट सत्र का पहला हिस्सा बुधवार को लोकसभा और राज्यसभा की जॉइंट मीटिंग में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के साथ शुरू हो गया है। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार देश में आर्थिक प्रगति और सामाजिक न्याय के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार भ्रष्टाचार और घोटालों से निपटने में सफल रही है। राष्ट्रपति ने 45 मिनट की स्पीच में वीबी- जी राम जी कानून का भी जिक्र किया। इस पर विपक्ष ने हंगामा किया और कानून वापस लो के नारे लगाए। उधर, एनडीए सांसदों ने समर्थन में नारेबाजी की। पीएम मोदी और अमित शाह भी मेज थपथपाते नजर आए। अभिभाषण के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विकसित भारत-जी राम जी कानून का भी जिक्र किया। जैसे इस कानून का जिक्र किया। विपक्षी सांसद हंगामा और नारेबाजी करने लगे। इसके जवाब में एनडीए सांसदों ने मेज थपथपाकर अभिभाषण का समर्थन किया। विपक्षी सांसद इस दौरान वापस लो, वापस लो, ये कानून वापस लो जैसे नारे लगाते रहे। हालांकि, कुछ मिनटों तक नारेबाजी करने के बाद विपक्षी सांसद शांत हो गए और राष्ट्रपति का अभिभाषण जारी रहा।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि साल 2026 के साथ, हमारा देश इस सदी के दूसरे चरण में प्रवेश कर गया है। भारत के लिए, इस सदी के पहले 25 साल कई सफलताओं, गर्व भरी उपलब्धियों और असाधारण अनुभवों से भरे रहे हैं। पिछले 10-11 सालों में, भारत ने हर सेक्टर में अपनी नींव मजबूत की है। यह साल विकसित भारत की हमारी यात्रा के लिए एक बड़ा आधार है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से भारतीय सेना का शौर्य पूरी दुनिया ने देखा है। भारतीय सेना ने आतंकी अड्डों को ध्वस्त किया। मिशन सुदर्शन चक्र पर काम चल रहा है। देश ने पिछले दिनों श्री गुरु तेग बहादुर जी का 350वां शहीदी दिवस, बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती, सरदार पटेल की 150वीं और भारत रत्न भूपेन हजारिका की जयंती समारोह मनाया जब देश अपने पूर्वजों के योगदान को याद करता है, तो नई पीढ़ी को प्रेरणा मिलती है, जो विकसित भारत की ओर हमारी यात्रा को और तेज करती है।

भारत दुनिया में सेतु की भूमिका निभा रहा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि विश्व आज कठिन कालखंड से गुजर रहा है। लंबे समय से चले आ रहे समीकरण भी बदल रहे हैं। कठिन परिस्थितियों के बीच भी भारत तेजी से विकास की राह पर बढ़ रहा है। इसके पीछे दृरगामी विदेश नीति की भूमिका है। भारत पर दुनिया के देश भरोसा व्यक्त करते हैं। भारत सेतु की भूमिका निभा रहे हैं। भारत ने मानवीय दृष्टिकोण को प्राथमिकता दी है। भारत ने ग्लोबल साउथ की आवाज को और मुखरता से तेज किया है। पुराने संबंधों को मजबूती देते हुए नए संबंध भी विकसित किए हैं। ग्लोबल पॉलिटिक्स का अंतिम ध्येय मानवता की सेवा होनी चाहिए। देश में वर्तमान में 150 वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं। भारत अपना अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। यूरोपीय संघ के साथ मुक्त समझौते से सेवा और विनिर्माण क्षेत्रों को बढ़ावा मिलेगा। युवाओं को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे।

पीएम मोदी ने एनसीसी रैली को किया संबोधित और लड़कियों की भागीदारी पर की प्रसन्नता व्यक्त

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बुधवार को दिल्ली कैंटोनमेंट स्थित कैरियप्पा परेड ग्राउंड में आयोजित नेशनल कैडेट कोर (एनसीसी) पीएम रैली में शामिल हुए। रैली की थीम 'राष्ट्र प्रथम, कर्तव्यनिष्ठ युवा' रही।



प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में एनसीसी कैडेट्स की बढ़ती संख्या और खासतौर पर लड़कियों की भागीदारी पर प्रसन्नता जताई।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर कहा, कुछ वर्ष पहले एनसीसी कैडेट्स की संख्या करीब 14 लाख थी, जो अब बढ़कर 20 लाख से अधिक हो गई है। सीमा और तटीय क्षेत्रों में यह बढ़ोतरी विशेष रूप से उत्साहजनक है। पीएम ने कहा कि इस बार भी बड़ी संख्या में बालिका कैडेट्स ने शिविर में भाग लिया है। उन्होंने कहा, कि मैं खासतौर पर बेटियों को बधाई देता हूं। उनका आत्मविश्वास और अनुशासन देश के भविष्य की मजबूत नींव है।

दरअसल, एनसीसी पीएम रैली महीने भर चले एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर 2026 के समापन का प्रतीक है। इस शिविर में देशभर से कुल 2,406 एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया, जिनमें 898 बालिका कैडेट्स शामिल रहीं। इसके अलावा भूटान, श्रीलंका, ब्राजील, नेपाल और मलेशिया समेत 20 से अधिक मित्र देशों से 200 से ज्यादा कैडेट्स और अधिकारी भी इसमें शामिल हुए।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि एनसीसी युवाओं को नेतृत्व, अनुशासन और राष्ट्रसेवा के मूल्यों से जोड़ने का सशक्त मंच है। उन्होंने कहा, आप सभी अपनी भूमिका को सशक्त कर रहे हैं। इस मंच पर हमारी विरासत को गर्व के साथ जिया जा रहा है।

पीएम मोदी ने बताया कि इस वर्ष वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने पर एनसीसी ने देशभर में जोश के साथ कार्यक्रम आयोजित किए। उन्होंने 'वीर सागर यात्रा', अंडमाननिकोबार के द्वीपों का नामकरण और लक्षद्वीप में आयोजित द्वीप उत्सव जैसे अभियानों का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि एनसीसी ने इतिहास को स्मारकों से निकालकर जनमानस के दिलों में जीवंत किया है। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा, लाल किले से कहा गया था— यही समय है, सही समय है। आज का समय देश के युवाओं के लिए अवसरों से भरा हुआ है।

एनआईए की कोर्ट ने जासूसी मामले में अल्ताफ हुसैन को साढ़े पांच साल की सजा सुनाई

नई दिल्ली। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की विशाखापत्तनम कोर्ट ने जासूसी मामले में एक दोषी को साढ़े पांच साल की सजा सुनाई है। मामले में दोषी अल्ताफ हुसैन घांची उर्फ शकील ने पाकिस्तान के लिए जासूसी के रूप में भारतीय सिम कार्ड का गलत इस्तेमाल किया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का दुरुपयोग किया था। एनआईए के अनुसार, शकील ने सुनवाई के दौरान अपना जुर्म कबूल किया। हालांकि, मामले में पहले ही 37 गवाहों से पूछताछ की गई थी। शकील को सिम कार्ड और ओटीपी सहित यूनिक पहचान सुविधाओं के साथ-साथ सोशल मीडिया का दुरुपयोग करने का दोषी मना गया है। स्पेशल कोर्ट ने शकील को यूएपीए एक्ट की धारा 18 के तहत पांच साल और छह महीने की जेल और 5 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। वहीं, आईटी एक्ट, 2000 की धारा 66सी के तहत 2.5 साल की जेल और 5 हजार के जुर्माने की सजा सुनाई गई है। दोनों सजाएं एक साथ चलेंगी, जिसकी अधिकतम अवधि 5.5 साल होगी।

जांच एजेंसी ने बताया कि सीमा पार साजिश के मामले में उन भारतीय सिम कार्ड का इस्तेमाल शामिल था, जो गहरे समुद्र में मछली पकड़ने के दौरान पाकिस्तानी नौसेना की ओर से गिरफ्तार किए मछुआरों के थे। इन मछुआरों के मोबाइल फोन और सिम कार्ड पाक नौसेना ने जब्त किए थे और बाद में शकील ने भारत में जासूसी गतिविधियों को आसान बनाने के लिए उन्हें सक्रिय किया था। साजिश की एनआईए जांच में पुष्टि हुई कि शकील ने भारतीय सिम कार्ड अपने मोबाइल हैंडसेट में डाले थे और वन-टाइम पासवर्ड (ओटीपी) जेनरेट किए थे, जिन्हें उसने पाकिस्तानी खुफिया ऑपरेटिव (आईपीओ) के साथ शेयर किया था, जिससे पाकिस्तान से भारतीय व्हाट्सएप नंबर ऑपरेट किए जा सकें।

बाद में इन भारतीय नंबरों का इस्तेमाल पाकिस्तानी खुफिया ऑपरेटिव ने नकली पहचान के तहत भारतीय रक्षा प्रतिष्ठान के कर्मियों से संपर्क करने के लिए किया, जिसका मकसद संवेदनशील और प्रतिबंधित रक्षा-संबंधी जानकारी हासिल करना था, जिससे भारत की एकता, अखंडता, सुरक्षा और संप्रभुता को खतरा हो।

इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से हो रही मौतों के मामले में हाईकोर्ट सख्त

रिपोर्ट को बताया 'आई-वॉश', स्वतंत्र जांच आयोग गठन करने का दिया आदेश

इंदौर। मध्यप्रदेश के इंदौर शहर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से हो रही मौतों के मामले में हाईकोर्ट ने शासन और नगर निगम की रिपोर्ट को 'आई-वॉश' करार दिया है। कोर्ट ने माना कि यह मामला गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थिति से जुड़ा है और स्वच्छ पेयजल का अधिकार जीवन के अधिकार का हिस्सा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए हाईकोर्ट ने स्वतंत्र जांच आयोग के गठन का आदेश दिया है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मंगलवार को भागीरथपुरा में एक और व्यक्ति की मौत हो गई, जिससे अब तक मरने वालों की संख्या 29 हो गई है। मृतक खूबचंद (63) पिछले 15 दिनों से उल्टी-दस्त से पीड़ित थे। परिजनों के मुताबिक वे पहले स्वस्थ थे और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से इलाज के बावजूद उनकी जान नहीं बच सकी। भागीरथपुरा मामले में दायर जनहित याचिकाओं पर हाईकोर्ट की इंदौर बेंच में ढाई घंटे से ज्यादा समय तक सुनवाई की। शासन की ओर से कोर्ट में 23 मौतों की रिपोर्ट पेश की गई, जिसमें 16 मौतें दूषित पानी से होनी बताई गई। वहीं 4 मौतों को लेकर असमंजस और 3 मौतें दूषित पानी से नहीं होना बताया।

रिपोर्ट के मुताबिक हाईकोर्ट ने मौतों के आंकड़ों को लेकर गंभीर असहमति दर्ज की। जहां सरकारी रिपोर्ट में 16 मौतें जलजनित बीमारी से मानी गईं, वहीं याचिकाकर्ताओं ने करीब 30 मौतों का दावा किया। कोर्ट ने कहा कि रिपोर्ट में मौतों के स्पष्ट कारण दर्ज नहीं हैं और पर्याप्त वैज्ञानिक व दस्तावेजी आधार का अभाव है। कोर्ट ने आदेश दिया कि भागीरथपुरा में दैनिक जल गुणवत्ता जांच और नियमित स्वास्थ्य शिविर लगातार जारी रखे जाएं।

चारधाम कोई पिकनिक स्पॉट नहीं, यहां केवल हिंदू, सिख, बौद्ध और जैन को ही मिलेगी एंट्री

देहरादून। उत्तराखंड के विश्वप्रसिद्ध चारधामों—बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री में गैर-हिंदुओं के प्रवेश को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच मंदिर समितियों ने अपनी स्थिति पूरी तरह स्पष्ट कर दी है। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) और गंगोत्री मंदिर समिति की ओर से कहा गया है कि इन पवित्र धामों में केवल उन्हीं लोगों को प्रवेश मिलेगा जो सनातन परंपरा और देवी-देवताओं में अटूट आस्था रखते हैं। इस निर्णय के तहत हिंदुओं के साथ-साथ सिख, जैन और बौद्ध धर्मावलंबियों को भी दर्शन की अनुमति होगी।

बीकेटीसी के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने इस फैसले को स्पष्ट करते हुए कहा कि केदारनाथ और बदरीनाथ धाम कोई पिकनिक स्पॉट या सामान्य पर्यटन स्थल नहीं हैं। ये सनातन परंपरा के सर्वोच्च आध्यात्मिक केंद्र हैं, जिनकी अपनी एक गरिमा और मर्यादा है। उन्होंने संवैधानिक तर्कों का हवाला देते हुए कहा कि संविधान के अनुच्छेद 25 के तहत सिख, जैन और बौद्ध धर्म को सनातन परंपरा का अभिन्न अंग माना गया है। वहीं, अनुच्छेद 26 धार्मिक संस्थाओं को अपनी परंपराओं, पूजा-पद्धति और अनुशासन की रक्षा करने का पूर्ण अधिकार प्रदान करता है। द्विवेदी ने जोर देकर कहा कि यह निर्णय किसी विशेष समुदाय के खिलाफ नहीं है, बल्कि सदियों पुरानी आस्था, अनुशासन और धामों की शुद्धता को संरक्षित करने के लिए लिया गया है। उत्तराखंड में पर्यटन के लिए हजारों अन्य स्थल खुले हैं, लेकिन धामों की मूल धार्मिक पहचान और आध्यात्मिक स्वरूप से समझौता नहीं किया जा सकता। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मंदिरों में गैर-हिंदुओं का प्रवेश पहले से ही प्रतिबंधित रहा है; यह कोई नया नियम नहीं बल्कि सदियों पुरानी परंपरा का औपचारिक ऐलान मात्र है। जिस तरह मस्जिद और चर्च के अपने नियम और संस्कार होते हैं, उसी तरह हिंदू मंदिरों को भी अपनी पवित्रता तय करने का अधिकार है। गंगोत्री मंदिर समिति के अध्यक्ष सुरेश सेमवाल ने भी इसी सुर में अपनी बात रखते हुए कहा कि जो लोग हिंदू धर्म का सम्मान करते हैं और सनातन संस्कृति में विश्वास रखते हैं, उनका स्वागत है। विशेष रूप से सिख समाज के लोग जो हमेशा से हिंदू परंपराओं के करीब रहे हैं, वे दर्शन के लिए आ सकते हैं। वर्तमान में गंगोत्री और यमुनोत्री मंदिर समितियों ने गैर-हिंदुओं के प्रवेश पर प्रतिबंध संबंधी औपचारिक प्रस्ताव भी पारित कर दिया है।

गर्डर लॉन्चिंग कार्य शुरू, पूरा मार्ग अस्थायी रूप से बंद

गर्रा रेलवे क्रॉसिंग पर ब्रिज निर्माण कार्य अंतिम चरण में

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। शहर के गर्रा रेलवे क्रॉसिंग पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज में गर्डर लॉन्चिंग का कार्य प्रस्तावित है। इस कार्य को सुरक्षित रूप से संपन्न कराने के लिए संबंधित विभाग द्वारा 28 जनवरी की सुबह से ही वारासिवनी-बालाघाट मुख्य मार्ग को पूरी तरह बंद कर दिया गया है। यातायात व्यवस्था में यह बदलाव अस्थायी रूप से लागू किया गया है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार पुराने आईजी ऑफिस दुर्गावती चौक से इस मार्ग का ट्रैफिक पूरी तरह परिवर्तित कर दिया गया है और वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से निकाला जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि 28 जनवरी की रात 10 बजे के बाद गर्डर लॉन्चिंग कार्य के दौरान सुरक्षा कारणों से रेलवे ट्रैक पर ट्रेनों का आवागमन भी अस्थायी रूप से बंद किया जाएगा। यह बंदिश केवल निर्माण कार्य के समय तक रहेगी।

गर्रा रेलवे क्रॉसिंग मार्ग पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज का कार्य अब अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है। संबंधित विभाग द्वारा करीब 500 मीटर



लंबाई और 12 मीटर चौड़ाई वाले इस ब्रिज का निर्माण करोड़ों रुपये की लागत से कराया जा रहा है। पिछले कई महीनों से लगातार चल रहे निर्माण कार्य के बाद अब केवल गर्डर लॉन्चिंग का कार्य शेष रह गया है, जिसे 28 जनवरी से शुरू कर दिया गया है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार गर्डर लॉन्चिंग कार्य के लिए बाहर से भारी क्षमता वाली क्रेन मशीनें मंगवाई गई हैं। मशीनों के पहुंचते ही सुरक्षा कारणों से बालाघाट-वारासिवनी मुख्य मार्ग को 28 जनवरी की सुबह से पूरी तरह बंद कर दिया गया। इससे पहले यह मार्ग भारी वाहनों के लिए प्रतिबंधित था, जबकि दोपहिया और छोटे वाहन यहां से आवागमन कर रहे थे, लेकिन गर्डर लॉन्चिंग के चलते अब सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश अस्थायी रूप से रोक दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि गर्डर लॉन्चिंग के दौरान रेलवे सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रेलवे से अनुमति लेकर ट्रेन संचालन भी अस्थायी रूप से बंद किया गया है। 28 जनवरी की रात 10 बजे से 29 जनवरी की सुबह 6 बजे तक रेलवे ट्रैक पर ट्रेनों का आवागमन पूरी तरह बंद रहेगा। गर्डर लॉन्चिंग कार्य को देखते हुए इस मार्ग को दो दिनों तक बंद रखने की योजना है। गर्डर लॉन्चिंग का कार्य पूर्ण होने के बाद 29 जनवरी को दोपहिया और छोटे वाहनों के लिए मार्ग आंशिक रूप से खोल दिया जाएगा, जबकि शेष कार्य पूर्ण होने पर यातायात पूरी तरह बहाल किया जाएगा। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिसकर्मी दिनभर वाहनों को पुराने आईजी ऑफिस के पास से दुर्गावती चौक की ओर वैकल्पिक मार्गों से डायवर्ट करते नजर आए। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे असुविधा को समझते हुए वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें और निर्माण कार्य में सहयोग प्रदान करें।

गर्डर लॉन्चिंग को लेकर मार्ग बंद हुआ हैं - अर्जुनसिंह

सेतु विभाग के एसडीओ अर्जुनसिंह सनोडिया ने बताया कि जिले में निर्माणाधीन ओवरब्रिजों पर इन दिनों गर्डर लॉन्चिंग का कार्य जारी है। इसी क्रम में गर्रा रेलवे क्रॉसिंग और वारासिवनी के वारा की रेलवे क्रॉसिंग पर भी यह महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। सुरक्षा और तकनीकी मानकों को ध्यान में रखते हुए इन स्थानों पर सड़क मार्गों को संबंधित विभागों से अनुमति लेकर अस्थायी रूप से बंद किया गया है। उन्होंने जानकारी दी कि रेलवे क्रॉसिंग पर गर्डर लॉन्चिंग के दौरान रेलवे प्रशासन से समन्वय स्थापित कर ट्रेन संचालन को भी निर्धारित समय के लिए रोका गया है। यह व्यवस्था केवल कार्य अवधि तक सीमित रहेगी। गर्डर लॉन्चिंग का कार्य पूर्ण होते ही रेलवे और सड़क दोनों मार्गों पर आवागमन पुनः सामान्य कर दिया जाएगा। एसडीओ सनोडिया ने बताया कि सेतु विभाग का प्रयास है कि सभी निर्माण कार्य तय समय-सीमा के भीतर और पूरी सुरक्षा के साथ पूरे किए जाएं।

चालू वित्तीय वर्ष में लाडली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत 5554 बालिकाओं का हुआ पंजीयन

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। लाड़ली लक्ष्मी योजना मध्यप्रदेश शासन की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य बालिकाओं के जन्म को प्रोत्साहन देना, बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना और बाल विवाह को रोकना है। प्रदेश में बालिका जन्म के प्रति जनता में सकारात्मक सोच, लिंगानुपात में सुधार, बालिकाओं के शैक्षणिक स्तर तथा स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार तथा उनके अच्छे भविष्य की आधारशिला रखने एवं बालिकाओं के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश सरकार द्वारा लाडली लक्ष्मी योजना 01 अप्रैल 2007 से प्रारम्भ की गई है। बालाघाट जिले में वर्ष 2025-26 में इस योजना के अंतर्गत 5554 बालिकाओं का पंजीयन किया गया है।

महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती दीपमाला मंगोदिया ने बताया कि वर्ष 2025-26 में बालाघाट जिले में लाड़ली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत 6723 बालिकाओं के पंजीयन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य के विरूद्ध जनवरी 2026 तक 5554 बालिकाओं का लाड़ली लक्ष्मी योजना में पंजीयन किया गया है। बाल विकास परियोजना किरनापुर में 755 के लक्ष्य के विरूद्ध 693, बिरसा में 596 के लक्ष्य के विरूद्ध 529, बालाघाट नवीन परियोजना में 240 के लक्ष्य के विरूद्ध 212, कटंगी में 727 के लक्ष्य के विरूद्ध 605, बालाघाट में 747 के लक्ष्य के विरूद्ध 600, लालबर्रा में 778 के लक्ष्य के विरूद्ध 624, वारासिवनी में 743 के लक्ष्य के विरूद्ध 595, बैहर में 398 के लक्ष्य के विरूद्ध 316, खैरलांजी में 644 के लक्ष्य के विरूद्ध 511, लांजी में 691 के लक्ष्य के विरूद्ध 556 तथा बाल विकास परियोजना परसवाड़ा में 404 के लक्ष्य के विरूद्ध 313 बालिकाओं का पंजीयन किया जा चुका है। इस प्रकार चालू वर्ष 2025-26 में जिले में अब तक कुल 5554 बालिकाओं को लाड़ली लक्ष्मी योजना जोड़ा जा चुका है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती दीपमाला मंगोदिया ने बताया कि लाड़ली लक्ष्मी योजना का लाभ उन्हीं बालिकाओं को दिया जाता है जिनका जन्म 01 जनवरी 2006 अथवा उसके पश्चात हुआ हो। बालिका का स्थानीय आंगनवाडी केन्द्र में पंजीकृत होना चाहिए। बालिका के माता-पिता मध्यप्रदेश के मूल निवासी होना चाहिए और उसके माता-पिता आयकर दाता न हो । इस योजना में जाति, धर्म एवं गरीबी रेखा का बंधन नहीं रखा गया है। बालिका की उम्र 01 वर्ष से कम होने पर इस योजना में पंजीयन के लिए आवेदन करना होता है। बालिका परिवार की पहली या दूसरी संतान होना चाहिए। लाड़ली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत बालिका के नाम से शासन की ओर से रुपये 01 लाख 43 हजार रुपये का आश्वासन प्रमाण पत्र जारी किया जाता है ।

इस योजना में पंजीकृत बालिका को कक्षा 6 वीं में प्रवेश पर 02 हजार रुपये, कक्षा 9 वीं में प्रवेश पर 04 हजार रुपये, कक्षा 11 वीं में प्रवेश पर 06 हजार रुपये एवं कक्षा 12वीं में प्रवेश पर 06 हजार रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है । लाडली बालिकाओं को कक्षा 12वीं के पश्चात स्नातक अथवा व्यवसायिक पाठ्यक्रम में (पाठ्यक्रम अवधि न्यूनतम दो वर्ष) प्रवेश लेने पर 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दो समान किश्तों में पाठ्यक्रम के प्रथम एवं अंतिम वर्ष में दी जाती है । लाडली बालिकाओं को उच्च शिक्षा (स्नातक) के लिए शिक्षण शुल्क शासन द्वारा वहन किया जाएगा। बालिका की आयु 21 वर्ष पूर्ण होने पर, कक्षा 12 वी की परीक्षा में सम्मिलित होने पर एवं बालिका का विवाह, शासन द्वारा निर्धारित आयु पूर्ण करने के उपरांत होने पर राशि 01 लाख रुपये का अंतिम भुगतान किये जाने का प्रावधान है ।

गणतंत्र दिवस पर मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। ग्राम पंचायत डोंगर माली अंतर्गत ग्राम भानपुर की प्राथमिक शाला में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर एक सराहनीय पहल देखने को मिली। यहां कक्षा आठवीं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, शील्ड एवं नगद राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ग्राम के समाजसेवी ठाकुर महेंद्र सिंह नेवरे ने जानकारी देते हुए बताया कि वे बीते कई वर्षों से यह प्रयास लगातार कर रहे हैं। उनका उद्देश्य ग्राम पंचायत डोंगर माली एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि कक्षा आठवीं में अच्छे अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करने से बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ती है और वे आगे भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित होते हैं।



इस वर्ष राशिलाल सिंह जांचेपले, ग्राम भानपुर 84.5 प्रतिशत कक्षा आठवीं, अंकिता सुरेश बंसोड़, ग्राम मोहाड़ी 91.8 प्रतिशत कक्षा आठवीं, अंकुश अजीत खोबरागड़े, ग्राम नवेगांव 85.16 प्रतिशत कक्षा आठवीं, अनंता जगदीश बहेटवार, ग्राम बिटोड़ी 91.16 प्रतिशत कक्षा आठवीं, शामिल रहे। सभी मेधावी विद्यार्थियों को शील्ड, प्रशस्ति पत्र एवं नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों ने समाजसेवी ठाकुर महेंद्र सिंह नेवरे की इस पहल की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के प्रयास ग्रामीण अंचलों में शिक्षा का स्तर सुधारने में अहम भूमिका निभाते हैं। वहीं विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों ने भी इस सम्मान से उत्साहित होकर आगे और मेहनत करने का संकल्प लिया।

अस्वच्छता और मिलावट पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन की सख्त कार्रवाई

दो होटल बंद, खाद्य पंजीयन निलंबित, नमूने जांच हेतु भेजे गए

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। आम जनता को मिलावट रहित गुणवत्ता युक्त एवं स्वच्छ खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों पर संचालित होटल, रेस्टारेंट आदि का निरीक्षण कर कार्यवाही की जा रही है। इसी कडी में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने बालाघाट, वारासिवनी एवं तिरोडी में छापामार कार्यवाही कर खाद्य सामग्री के 75 नमूनों की जांच की गई है और अल्पधिक गंदगी पाये जाने पर 02 होटल को बंद कराया गया है।

खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिले में मिलावटी एवं अस्वच्छ परिस्थितियों में निर्मित खाद्य पदार्थों के निर्माण एवं विक्रय के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 28 जनवरी को बैहर रोड बालाघाट स्थित होटल तौकीर बिरयानी एवं सिवनी बिरयानी एंड होटल पर छापामार कार्रवाई की गई। जांच के दौरान पाया गया कि रेस्टोरेंट के सामने भले ही साफ-सफाई एवं चमक-दमक दिखाई दे रही थी, किंतु किचन में अत्यंत गंदगी व्याप्त थी। फर्श खराब, दीवारें गंदी एवं चिपचिपी, बर्तन काले व गंदे, बासी सब्जियां, मकड़ी के जाले, गंदगी से भरे फ्रिज तथा बिना हाइजीन के कार्यरत वर्कर पाए गए। साथ ही आवश्यक दस्तावेजों के अभाव में खाद्य व्यवसाय संचालित किया जा रहा था। गंभीर अनियमितताओं को देखते हुए दोनों रेस्टोरेंटों का खाद्य पंजीयन निलंबित कर खाद्य व्यवसाय तत्काल बंद कराया गया तथा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत प्रकरण तैयार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है।



विदित हो कि जिले के अन्य अंचलों में भी खाद्य सुरक्षा के अंतर्गत छापामार कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में तिरोड़ी में सत्कार होटल एवं बीकानेर मिष्ठान पर कार्रवाई की गई। सत्कार होटल में अस्वच्छ परिस्थितियों में खाद्य पदार्थ निर्माण पाए जाने पर प्रकरण तैयार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया तथा दही एवं पेड़ा के नमूने जांच हेतु भेजे गए। वहीं बीकानेर मिष्ठान तिरोड़ी से खोवा एवं बर्फी के नमूने जांच हेतु लेकर प्रयोगशाला भेजे गए एवं अनियमितताओं के लिए सुधार सूचना नोटिस जारी किया गया।

इसके अतिरिक्त गुजरी बालाघाट की अनाज दुकानों से जांच हेतु विभिन्न प्रकार की दालों, चना, मटर एवं अनाजों के कुल 15 नमूने लेकर प्रयोगशाला भेजे गए हैं। रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत अमानक पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। विगत दिवस चलित खाद्य प्रयोगशाला (एमएफटीएल) द्वारा बालाघाट एवं वारासिवनी क्षेत्र की डेयरियों से दूध, दही, पनीर, खोवा एवं मिठाई आदि के 75 नमूनों की जांच की गई। साथ ही रेलवे स्टेशन रोड बालाघाट स्थित बाहुबली रेस्टोरेंट के सामने जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर मिलावट संबंधी प्रारंभिक जानकारी एवं उससे बचाव के उपाय बताए गए। इस संपूर्ण कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी योगेश डोंगरे एवं श्रीमती गीता टोंडेकर उपस्थित रहे। खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे सुरक्षित, स्वच्छ एवं मानक खाद्य पदार्थों का ही उपयोग करें तथा किसी भी प्रकार की शिकायत की जानकारी विभाग को दें।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने मनाया गणतंत्र दिवस

पद्मेश न्यूज। कटंगी। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कटंगी के द्वारा राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस वार्ड 15 स्थित पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष स्व.जगदीश प्रसाद पालीवाल के निवास स्थल के समक्ष समारोहपूर्वक मनाया गया। यहां कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं भूतपूर्व सांसद बोधसिंह भगत के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात् सांदीपनी विद्यालय की छात्राओं के द्वारा राष्ट्रगान की प्रस्तुति दी गई। सामूहिक रूप से तिरंगे झंडे को सलामी दी गई। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता विजय सरस्वार, पूर्व नपाध्यक्ष सुनील जैन, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नीरज हीरावत, पार्षद महेन्द्र कटारिया, मितेश कुमरे, मनीष चौकसे, कपिल मेश्राम, संजय चौकसे, पूर्व पार्षद रहमान अंसारी, प्रशांत हुमनेकर, लिखन नेवारे, नीरज पालीवाल, अशोक तुरकर, पवन अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, वनीत मोर, संतोष चौकसे, अशफाक खान, नरेन्द्र कड़वे, अजय कावरे सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।



वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक पटेल

पद्मेश न्यूज। वारासिवनी। शासकीय उ.चतर माध्यमिक विद्यालय बुदबुदा में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके पश्चात अतिथि के द्वारा मां सरस्वती के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वहीं स्कूल के प्राचार्य ने प्रथम आगमन पर विधायक विवेक पटेल का शाल और शील्ड देकर सम्मान किया। इस दौरान प्राचार्य राजेंद्र बारमाटे,राकेश वर्मा, राजकुमार चौधरी, सुरेश कुर्वे,वीरेंद्र गौतम,राजेश टेंभरे,क्षितिज बिसेन,संदीप चौधरी, सुनीता टेकाम,स्वाति पटले,यास्मीन खान, सरीता घोमडे,वैशाली चौधरी सहित छात्र.छात्राएं मौजूद रहे। स्कूल के प्राचार्य ने कहा कि इस स्कूल में छात्रों से ज्यादा छात्राओं की संख्या है। जब विधायक चुनाव जीते थे पहले ही सत्र में हमने उनसे ब'चों के लिए बैठने के लिए फर्नीचर की मांग की थी और उन्होंने ब'चों की समस्याओं को देखते हुए तत्काल 2 लाख रुपयों की लागत से फर्नीचर की सौगात दी थी। फिर उन्होंने ब'चों के स्मार्ट क्लास के लिए भी राशि दी थी। जिसका शुभारंभ भी किया गया। विधायक विवेक पटेल ने कहा की हमारे ब'चे



हमारे सपने है। ब'चो में शैक्षणिक प्रतिभा के अलावा भी सांस्कतिक, खेल, संगीत प्रतिभाओं को पहचानकर उस विषय में प्रोत्साहित कर मनोबल बढ़ाने की बेहद जरूरत है। हम देखते है की शैक्षणिक विषय में अव्वल रहने वाले ब'चे खेल के मैदान में और विभिन्न मंचो पर मनोबल की कमी के कारण पीछे नजर आते है। नन्हे मुन्नो की प्रतिभा को पहचानकर उसे उस विषय में पारंगत बनाने की जरूरत है। आप लोगों को क्या बनना है अभी से लक्ष्य तय कर पढ़ाई करे। समय कभी लौटकर वापस नहीं आता है मैंने अपने जीवन में शुरू से ही राजनीति को चुना था। इसलिए मैं राजनीति में सफ्ल भी हो गया। इसलिए अपने जीवन में जो भी बनना हो पहले से ही सोच समझकर आगे की पढ़ाई करे। विधायक बनने के बाद मैं लगातार स्कूलों का निरीक्षण कर रहा हुं। और जो भी चीज की कमी है उन्हें पूरा करने का प्रयास कर रहा हुं। शिक्षा और चिकित्सा का आगे बढ़ाना मेरी पहली प्राथमिकता है। हमने स्कूल में फ नीचर के साथ स्मार्ट क्लास की सौगात दी है और बहुत जल्द परिसर में टीन शेड और बाउंड्री वाल का भी निर्माण किया जाएगा।

वीरांगना अवंती महिला सेना ने मोहगांव में हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम का आयोजन

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। वीरांगना अवंती महिला सेना, बालाघाट द्वारा 27 जनवरी को लालबर्रा क्षेत्र में आने वाले ग्राम मोहगांव बाजार चौक में हल्दी-कुमकुम का कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर महिला समाज के अनेक गणमान्य सदस्य एवं स्थानीय महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत समिति अध्यक्ष शीला नगपुरे द्वारा मुख्य अतिथि अनुभा मुंजारे का स्वागत और सम्मान करने से हुई। अध्यक्ष ने उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इसके बाद सभी उपस्थित महिलाओं ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया और हल्दी-कुमकुम की परंपरा को धूमधाम से निभाया। कार्यक्रम में समाजिक सौहार्द, भाईचारा और महिला सशक्तिकरण के संदेश को भी प्रमुखता दी गई। आयोजन में उपस्थित सभी महिलाओं ने मिलकर इस अवसर को यादगार बनाया.कार्यक्रम की सफलता पर समिति अध्यक्ष शीला नगपुरे ने कहा कि ऐसे आयोजन महिलाओं के बीच आपसी सहयोग, उत्साह और सामाजिक चेतना को बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने सभी महिलाओं से आग्रह किया कि इस प्रकार के सामूहिक कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी बनाकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है।कार्यक्रम का समापन जय अवंती, जय लोधेश्वर के उद्घोष के साथ हुआ, जिससे कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं ने उत्साह और श्रद्धा के साथ भाग लिया।



आम ईश्तहार

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं श्रीमती प्रभा सहारे पति स्व. धनराज सहारे जाति बिंझवार ग्राम पंचायत पांढरवानी तहसील लालबर्रा जिला बालाघाट की निवासी हूं। मेरे पति स्व. धनराज पिता स्व. जोशी सहारे कि मृत्यु दिनांक 22.12.2025 को हो चुकी है। जिनकी मृत्यु के उपरांत मैं श्रीमती प्रभा सहारे, पुत्र राहुल सहारे एवं पुत्री श्रीमती शीना ठाकरे वारसान हैं।

उपरोक्तानुसार हमें वारसान प्रमाण पत्र ग्राम पंचायत पांढरवानी से जारी किया जाना है।

अत: आम जनता सूचना दर्ज करे।

प्रकाशक
श्रीमती प्रभा सहारे
निवासी - ग्राम पंचायत पांढरवानी ला.
तहसील - लालबर्रा
जिला - बालाघाट।

ग्राम पंचायत गोंगलई में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न, बजरंग क्रिकेट क्लब बना विजेता

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। शहर मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत गोंगलई में प्रतिवर्ष की परंपरा को निभाते हुए इस वर्ष भी बजरंग क्रिकेट क्लब गोंगलई के तत्वावधान में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में क्षेत्र की कई टीमों ने भाग लिया, जिससे पूरे गांव में खेल का उत्साह देखने को मिला। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 26 जनवरी को दोपहर 2 बजे बजरंग क्रिकेट क्लब गोंगलई और तनिश क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। फाइनल मैच में तनिश क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए तनिश क्रिकेट क्लब की टीम निर्धारित 12 ओवरों में 95 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बजरंग क्रिकेट क्लब की टीम ने शुरू से ही आक्रामक और संतुलित खेल का प्रदर्शन किया। हालांकि मैच के अंतिम क्षणों में मुकाबला काफी रोमांचक हो गया। बजरंग क्रिकेट क्लब के 8 विकेट गिर चुके थे और जीत के लिए 18 गेंदों में 17 रन की आवश्यकता थी। ऐसे दबाव भरे माहौल में बजरंग क्रिकेट क्लब के बल्लेबाज ने शानदार संयम और साहस का परिचय देते हुए 10वें ओवर में लगातार तीन छक्के जड़कर टीम को जीत दिला दी। इस शानदार प्रदर्शन के साथ बजरंग



क्रिकेट क्लब ने केवल 10 ओवरों में लक्ष्य हासिल कर टूर्नामेंट की विजेता ट्रॉफी अपने नाम कर ली। आयोजन समिति की ओर से विजेता टीम बजरंग क्रिकेट क्लब को 31 हजार रुपये नकद एवं ट्रॉफी, जबकि उपविजेता टीम तनिश क्रिकेट क्लब को 15 हजार रुपये नकद एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में ग्राम पंचायत गोंगलई के पूर्व सरपंच गंगाप्रसाद लिल्हारे, सरपंच पति मुकेश पटले, उप सरपंच शोभाराम लिल्हारे, सतीश लिल्हारे, अनिल लिल्हारे, दीपक लिल्हारे, बिहारीलाल, कमलेश लिल्हारे, विपिन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं खेलप्रेमी उपस्थित रहे। अतिथियों ने आयोजन समिति की सराहना करते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि ऐसे खेल आयोजनों से युवाओं में खेल भावना का विकास होता है तथा आपसी भाईचारा मजबूत होता है।

बारबेड वायर (कांटेदार तार)
एवं चेन लिंक जाली
उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम गोपाल से संबद्ध
निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

बालाघाट सिटी न्यूज़

3
पद्मेश न्यूज
बालाघाट एक्सप्रेस

/padmeshmedia /padmeshmedia epaper.balaghatexpress.in E-mail: balaghatexpress@gmail.com

न्यूज गैलरी

पीजी कॉलेज के वनस्पतिशास्त्र विभाग के चार विद्यार्थियों का सहायक प्राध्यापक पद पर चयन

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। प्रधानमंत्री एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट के वनस्पतिशास्त्र विभाग के लिए यह अत्यंत हर्ष एवं गौरव का विषय है कि विभाग के चार मेधावी विद्यार्थियों का चयन मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इंदौर द्वारा आयोजित सहायक प्राध्यापक परीक्षा में हुआ है। चयनित विद्यार्थियों में डॉ. योगेश बिसेन, डॉ. हरिशंकर यादव, श्री धनीराम मेरावी एवं श्रीमती तिलोतमा घोरमारे शामिल हैं।



इस उल्लेखनीय सफलता के पीछे चयनित विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, लगन, अनुशासन एवं दृढ़ निश्चय के साथ-साथ वनस्पतिशास्त्र विभाग के शिक्षकों का सतत मार्गदर्शन, गहन विषयगत ज्ञान, शोधपरक दृष्टिकोण तथा परीक्षा उन्मुख रणनीति की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। विद्यार्थियों की यह उपलब्धि न केवल विभाग बल्कि संपूर्ण महाविद्यालय एवं जिले के लिए गौरव का विषय है तथा आने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत सिद्ध होगी।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे ने सभी नवनियुक्त सहायक प्राध्यापकों को उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए वनस्पतिशास्त्र विभाग के सभी प्राध्यापकों के प्रयासों की सराहना की। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी वनस्पतिशास्त्र विभाग के कई विद्यार्थी जैसे डॉ. प्रवीण कौशले, डॉ. अरविंद वासनिक, डॉ. भूपेंद्र ब्रम्हे, डॉ. प्रतिमा बिसेन, डॉ. लखनलाल राउत, डॉ. दौलतराम ग्वालवंशी एवं डॉ. गिरीश शिव मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा में चयनित होकर विभिन्न महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक के पद पर कार्यरत हैं।

सहारे बुढ़ी गांव में आठ वर्षों से एक ही कमरे में लग रहीं पांच कक्षाएं!!

बालाघाट जिले में शिक्षा विभाग की जमीनी हकीकत की पोल खुल रही

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षा के स्तर में सुधार को लेकर लगातार बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोलती नजर आ रही है। ताजा मामला किरनापुर विकासखंड के ग्राम सहारे बुढ़ी का है, जहां पिछले कई वर्षों से बुनियादी शैक्षणिक व्यवस्थाओं का अभाव बना हुआ है। वर्ष 2017 से अब तक गांव के शासकीय स्कूल में स्थिति जस की तस बनी हुई है। यहां एक ही कक्ष में पांच अलग-अलग कक्षाएं संचालित की जा रही हैं, जिन्हें महज दो शिक्षक पढ़ाने के लिए जिम्मेदार हैं। सीमित संसाधनों के चलते न तो बच्चों को सही माहौल मिल पा रहा है और न ही शिक्षण कार्य प्रभावी ढंग से हो पा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों और विद्यार्थियों के अभिभावकों का कहना है कि एक ही कमरे में अलग-अलग कक्षाओं के विद्यार्थियों को बैठाकर पढ़ाना न केवल बच्चों की पढ़ाई पर असर डाल रहा है, बल्कि शिक्षकों के लिए भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना लगभग असंभव हो गया है। बच्चों की एकाग्रता प्रभावित होती है और पढ़ाई का स्तर गिरता जा रहा है।



जिले के जनपद पंचायत किरनापुर अंतर्गत आने वाले ग्राम सहारे बुढ़ी में शिक्षा व्यवस्था की जमीनी हकीकत शिक्षा विभाग के दावों पर सवाल खड़े कर रही है। यहां शासकीय माध्यमिक शाला के लिए पृथक भवन उपलब्ध न होने के कारण वर्ष 2017 से अब तक विद्यालय एक ही कक्ष में संचालित किया जा रहा है, जिसमें विद्यार्थियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय में कक्षा पहली से लेकर कक्षा पांचवीं तक की सभी पांचों कक्षाएं माध्यमिक शाला भवन के एक अतिरिक्त कक्ष में ही लगाई जा रही हैं। एक ही समय में दो शिक्षक इन सभी कक्षाओं को पढ़ाने का प्रयास करते हैं, जबकि करीब 44 विद्यार्थी एक ही कमरे में बैठकर अध्ययन करने को मजबूर हैं। इस व्यवस्था के चलते न तो बच्चों को पढ़ाई के लिए अनुकूल वातावरण मिल पा रहा है और न ही शिक्षक प्रभावी ढंग से अध्यापन करा पा रहे हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि यह स्थिति कोई एक-दो वर्ष पुरानी नहीं है, बल्कि लगातार आठ वर्षों से बनी हुई है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा कई बार इस गंभीर समस्या से संबंधित जानकारी विभागीय अधिकारियों को दी जा चुकी है, इसके बावजूद आज तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल सका है। स्थानीय अभिभावकों का कहना है कि एक ही कक्ष में अलग-अलग कक्षाओं के बच्चों को बैठाकर पढ़ाने से बच्चों की समझ और सीखने की क्षमता प्रभावित हो रही है। बच्चों का शैक्षणिक स्तर गिरने की आशंका भी लगातार बनी हुई है। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब विभाग को लंबे समय से इस समस्या की जानकारी है, तब भी समाधान क्यों नहीं किया जा रहा। ग्रामीणों और अभिभावकों ने मांग की है कि बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए शीघ्र नवीन शाला भवन का निर्माण कराया जाए, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके।

एक कक्ष में पांच कक्षाएं संचालित करना कैसे संभव है - आकाश

स्कूली छात्र के परिजन आकाश सहारे ने बताया कि उनके छोटे भाई-बहन इसी स्कूल में अध्ययनरत हैं, लेकिन स्कूल भवन कई वर्षों से जर्जर अवस्था में है। भवन के क्षतिग्रस्त होने के कारण स्कूल केवल एक अतिरिक्त कक्ष में संचालित किया जा रहा है, जहां मजबूरी में पांच कक्षाओं की पढ़ाई एक साथ कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि एक ही कक्ष में पांच अलग-अलग कक्षाओं के बच्चों को बैठाकर पढ़ाना न सिर्फ अव्यवहारिक है, बल्कि इससे बच्चों की पढ़ाई पर भी गंभीर असर पड़ रहा है। शोर-शराबे और अव्यवस्था के कारण बच्चे विषयों को ठीक से समझ नहीं पा रहे हैं। आकाश सहारे ने कहा कि इस समस्या को लेकर उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को कई बार अवगत कराया है। इतना ही नहीं, सीएम हेल्पलाइन 181 के माध्यम से भी शिकायत दर्ज कराई गई है, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान सामने नहीं आया है।

8 वर्षों से एक कक्ष में पांच कक्षाएं संचालित हो रही हैं - राजू सहारे

पालक शिक्षक संघ के अध्यक्ष राजू सहारे ने भी स्कूल की स्थिति को चिंताजनक बताया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में एक ही कक्ष में पांच कक्षाएं संचालित हो रही हैं और उन सभी कक्षाओं को एक साथ दो शिक्षक पढ़ाने के लिए मजबूर हैं। ऐसी व्यवस्था में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की कल्पना करना मुश्किल है। उन्होंने बताया कि इस समस्या को लेकर विभाग और जिम्मेदार अधिकारियों को कई बार ज्ञापन और मौखिक रूप से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

फौती नामांतरण में विधिक वारसानों की जानकारी प्रस्तुत नही करने का मामला

तिरोडी तहसील के पटवारी तपेश मेश्राम को निलंबित किया गया

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। फौती नामांतरण के प्रकरण में विधिक वारसानों की जानकारी प्रस्तुत नही करने के मामले में कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देश पर कटंगी एसडीएम केसी ठाकुर ने तिरोडी तहसील के पटवारी हल्का नं. 22 के पटवारी तपेश मेश्राम को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय तहसील कार्यालय कटंगी रखा गया है।

तिरोडी निवासी गोकुल प्रसाद के फौती नामांतरण प्रकरण में विधिक वारसानो का नाम नही दिये जाने पर शिकायतकर्ता ईकेश कठौते निवासी तिरोडी के द्वारा सी.एम. हेल्प लाईन में शिकायत दर्ज कराये गई है। यह शिकायत 150 दिवस से अधिक होने पर कलेक्टर श्री मीना द्वारा 27 जनवरी को शिकायतकर्ता के फौती नामांतरण रा.प्र.क्र. 0004/31-6/2023-24 का अवलोकन किया गया। अवलोकन उपरांत पाया गया कि पटवारी श्री तपेश मेश्राम द्वारा गोकुल प्रसाद के समस्त विधिक वारसानो की जानकारी प्रस्तुत नही किये जाने के कारण इस प्रकरण में न्यायसंगत आदेश पारित नही हुआ है। इस पर कलेक्टर श्री मीना ने कटंगी एसडीएम को पटवारी तपेश मेश्राम के विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही करने के निर्देश दिये थे।

पटवारी तपेश मेश्राम द्वारा अपने कार्य क्षेत्र में फार्मर रजिस्ट्री / राजस्व वसूली में प्रगति कम होने से उनका अपने कार्य के प्रति घोर कदाचरण, स्वेच्छाचरित्रा एवं वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देशो की अवहेलना एवं घोर लापरवाही का परिचायक पाया गया है। जिसके कारण कटंगी एसडीएम श्री केसी ठाकुर ने पटवारी तपेश मेश्राम को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। ही निलम्बन अवधि के दौरान इनका मुख्यालय तहसील कार्यालय कटंगी में रहेगा। यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील होगा।

वाहन चेकिंग को लेकर पुलिस अधीक्षक सख्त, हेलमेट के बिना नगर में न प्रवेश, न ही निकास

पुलिस कर्मचारियों को उतारा गया सड़को पर, सघन वाहन चेकिंग प्रारंभ

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने कड़ा रुख अपनाते हुए बालाघाट नगर में हेलमेट जांच अभियान को व्यापक स्तर पर लागू कर दिया है। उनके निर्देश पर नगर के प्रमुख चौराहों के साथ-साथ मुख्य मार्गों, नगर प्रवेश एवं निकास पर पुलिस बल की तैनाती बढ़ा दी गई है। इस अभियान का उद्देश्य दोपहिया वाहन चालकों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाना और सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाना है।

पुलिस कर्मचारियों को उतारा गया सड़को पर

पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार पुलिस लाइन एवं थानों में पदस्थ पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विशेष रूप से नगर के संवेदनशील एवं व्यस्त मार्गों पर तैनात किया गया है। बालाघाट नगर में यह पहली बार देखा जा रहा है कि इतनी भारी संख्या में पुलिस बल को इस अभियान में लगाया गया है। बालाघाट नगर से वारासिवनी, बैहर एवं गोंदिया को जोड़ने वाले मुख्य मार्गों पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। नगर में प्रवेश करने एवं नगर से बाहर जाने वाले प्रत्येक दोपहिया वाहन चालक पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की जा रही है और नियमों का उल्लंघन करने वालों को किसी भी स्थिति में छोड़ा नहीं जा रहा है।

दोपहिया वाहन चालकों ने हेलमेट पहनना शुरू कर दिए।



लगातार चल रहे इस अभियान का असर अब साफ तौर पर दिखाई देने लगा है। बड़ी संख्या में दोपहिया वाहन चालकों ने हेलमेट पहनना शुरू कर दिया है। वहीं नगर के स्थानीय नागरिकों में भी चालानी कार्रवाई के भय से घर से बाहर निकलते समय हेलमेट पहनने की आदत विकसित हो रही है, जो सड़क सुरक्षा की दृष्टि से एक सकारात्मक संकेत माना जा रहा है।

नगर से गुजरने वाले मुख्य मार्ग पर भी पुलिस तैनात

नगर के प्रमुख चेकिंग पॉइंट्स जैसे वारासिवनी रोड स्थित बंजारी मंदिर, आरटीओ कार्यालय क्षेत्र, गर्रा चौक, प्रमुख तिराहे एवं नगर के प्रवेश मार्गों पर पुलिस बल तैनात कर निरंतर वाहन जांच की जा रही है। पहले जहां कभी-कभी परिचित व्यक्तियों को समझाइश देकर छोड़ दिया जाता था, वहीं अब पुलिस प्रशासन द्वारा सख्त निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी व्यक्ति को किसी भी स्तर पर छूट नहीं दी जाएगी। नियम तोड़ने वालों के विरुद्ध नियमानुसार चालान एवं वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

बिना हेलमेट नगर में प्रवेश पर कार्यवाही तय

यह अभियान पूरे जिले में एक साथ संचालित हो रहा है या नहीं, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है, लेकिन बालाघाट नगर एवं इससे जुड़े आसपास के क्षेत्रों के मुख्य मार्गों पर विशेष सख्ती देखने को मिल रही है। बाहरी क्षेत्रों से बालाघाट नगर में प्रवेश करने वाले दोपहिया वाहन चालकों के लिए भी हेलमेट पहनना अब अनिवार्य कर दिया गया है। बिना हेलमेट नगर में प्रवेश करने पर कार्रवाई तय मानी जा रही है।

सड़क सुरक्षा से कोई समझौता नहीं

पुलिस प्रशासन का कहना है कि हेलमेट का उपयोग केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि स्वयं की जान की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। हेलमेट पहनने से सड़क दुर्घटनाओं में गंभीर चोट एवं मृत्यु की आशंका को काफी हद तक कम किया जा सकता है। पुलिस प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पूर्ण पालन करें, दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट का उपयोग करें तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सड़क सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

अवैध शराब मामले में तीन माह से फरार आरोपी गिरफ्तार, बैहर जेल भेजा गया

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। जिले की सालेटेकरी पुलिस ने अवैध रूप से शराब के विक्रय एवं परिवहन के मामले में तीन माह से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार आरोपी ललित कुमार सिंह राजपूत पिता सत्येंद्र कुमार सिंह, 49 वर्ष, भैरव नगर अर्जुन एनक्लेव, मठ पुरैना रायपुर, थाना टिकरापारा, जिला रायपुर (छत्तीसगढ़) निवासी है। इस आरोपी को गिरफ्तार कर बैहर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में बैहर जेल भेज दिया गया है। इस प्रकरण में पूर्व से ही तीन आरोपी न्यायिक अभिरक्षा में बैहर जेल में निरुद्ध हैं।

उल्लेखनीय है को 28 अक्टूबर की रात्रि लगभग 1:00 बजे, सालेटेकरी पुलिस द्वारा ग्राम कनिया में छापामार कार्रवाई की गई थी। इस दौरान रामकुमार यादव के घर से भारी मात्रा में देशी एवं विदेशी शराब जब्त की गई थी। मामले में पुलिस नेरामकुमार यादव ग्राम कनिया,मुरारी यादव ग्राम लोरमी तथा हरिराम धुर्वे ग्राम मालिया नया टोला निवासी को गिरफ्तार किया था जांच के दौरान यह सामने आया कि शराब की सप्लाई दमोह शराब दुकान से की जा रही थी तथा शराब सप्लायर ललित कुमार सिंह राजपूत जो ग्राम खुर्सीपार में रहकर शराब अवैध रूप से बिक्री करने के उद्देश्य से उसका परिवहन कर बेचने वालों के यहां सप्लाई करता था । इस संबंध में पूर्व में गिरफ्तार तीन आरोपियों के द्वारा पूछताछ करने से ललित कुमार सिंह राजपूत का नाम सामने आया जो घटना के बाद से फरार चल रहा था। पुलिस लगातार उसकी तलाश में जुटी हुई थी 27 जनवरी को पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि फरार आरोपी ललित कुमार सिंह राजपूत ग्राम दमोह में मौजूद है। सूचना मिलते ही सालेटेकरी चौकी प्रभारी धुर्वे ने अपने स्टाफ के साथ त्वरित कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। और उसे बैहर की अदालत में पेश कर दिए जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में बैहर जेल भिजवा दिया गया है।



कार्य नहीं करने वाले ठेकेदारों को भविष्य में किसी भी विभाग में कार्य नही मिलेगा!!

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। कलेक्टर मृणाल मीना ने 28 जनवरी को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं जल निगम के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में संचालित एवं प्रगतिरत नलजल योजनाओं के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अपूर्ण नलजल योजनाओं के कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये और काम नही करने वाले ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड करने कहा। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री बीएल उइके, सहायक यंत्री, उपयंत्री एवं ठेकेदार उपस्थित थे।

बैठक में बताया गया कि जिले के 10 विकासखंडों के 147 ग्रामों की एकल नलजल योजना में 1081 नल कनेक्शन दिया जाना शेष है। 256 एफएचटीसी कनेक्शन मटेरियल के अभाव में रुके हुए हैं। इन योजनाओं के ठेकेदारों द्वारा कार्य में विलंब किया जा रहा है। इस पर कलेक्टर श्री मीना ने नलजल योजना का कार्य नही करने वाले ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड करने एवं उन्हें भविष्य में किसी भी विभाग में काम नही देने के निर्देश दिये। कान्हा टाईगर जोन के ग्रामों की नलजल योजनाओं के लिए वन विभाग से शीघ्र अनुमति प्राप्त करने तथा



इसके लिए परिवेश पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिये गए।

कलेक्टर श्री मीना ने कहा कि जिन परिवारों को नल कनेक्शन दिया जा चुका है उनके आधार कार्ड के साथ पोर्टल पर एंट्री अनिवार्य रूप से की जाए। पोर्टल पर एंट्री होने पर ही माना जाएगा कि परिवार को नल कनेक्शन मिल चुका है। ब्लैक लिस्टेड ठेकेदार द्वारा जिन नलजल योजनाओं पर काम किया जा रहा था उनका अनुबंध निरस्त कर पुनः निविदा आमंत्रित करने एवं कार्य प्रारंभ करने की कार्यवाही शीघ्रता से की जाए। जो नलजल योजना पूर्ण हो चुकी है और जिनका ट्रायल रन किया जा चुका है उन्हें संबंधित ग्राम पंचायतों को शीघ्रता से हस्तांतरित किया जाए। नवीन स्वीकृत नलजल योजनाओं के कार्य बिना किसी विलंब के शीघ्रता से प्रारंभ किये जाए।

बैठक में बताया गया कि जिले के ग्रामीण परिवारों की कुल संख्या 03 लाख 68 हजार 367 है। इनमें से 03 लाख 65 हजार 481 परिवारों को नल कनेक्शन दिया जा चुका है।2886 परिवारों को नल कनेक्शन दिया जाना शेष है। प्रगतिरत नलजल योजनाओं के पूर्ण होने पर 2430 एवं जल निगम की योजनाओं से 132 परिवारों को नल कनेक्शन प्राप्त होगा। 20 परिवार से कम वाले 25 ग्रामों में हैण्डपंप एवं सोलर योजना के माध्यम से जल प्रदाय किया जाना प्रस्तावित है। प्रदेश में नलजल कनेक्शन देने वाले जिलों में बालाघाट चौथे स्थान पर है। जिले की 347 एकल ग्राम नलजल योजना को पुनरीक्षित करने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है, इनमें से 297 पुनरीक्षित योजनाओं की स्वीकृति मिल चुकी है और 50 की स्वीकृति प्राप्त होना शेष है।

बैठक में बताया गया कि खराब कार्य करने वाले ठेकेदार मेसर्स टेक्नोडिलर्स रायपुर, मे. तिरूपति एसोसिएट नागपुर, मे. अकाल इंफ्रास्ट्रक्चर छिंदवाडा एवं मे. एपी कंस्ट्रक्शन कंपनी मुरैना को ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया है। कई नोटिस के बाद भी कार्य पूर्ण करने के प्रति उदासीनता बरतने के कारण मे. एव्ही कंस्ट्रक्शन रीवा, मे. वीणा इंटरप्राईजेस बैहर, मे. परिहार एसोसिएट्स रीवा, मे. वैभव इंटरप्राईजेस नागपुर, मे. मुकेश मानेश्वर बालाघाट, मे. गणेश कार्पोरेशन अलीराजपुर, मे. नीरज ट्रेडिंग कंपनी नागपुर, मे. टीबीएस इंफ्रास्ट्रक्चर गोंदिया, मे. मिश्रा कंस्ट्रक्शन्स रीवा, मे. तारा मशीनरी दाहिया, मे. हर्ष कंस्ट्रक्शन बालाघाट, मे. अक्षत इंफ्रास्ट्रक्चर परसवाडा को ब्लैक लिस्टेड करने के लिए मुख्य अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी जबलपुर को प्रस्तावित किया गया है।

शराबी को समझाना पड़ा महंगा- बड़े भाई ने कर दी पिटाई

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। किरनापुर थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम माटे में एक युवक को शराब नहीं पीने के संबंध में समझाना उस समय महंगा पड़ गया जब इस युवक की उसके बड़े भाई ने पिटाई कर दी। बड़े भाई द्वारा की गई पिटाई में घायल युवक दीपक पिता स्व. गोसाई कुंभरे 36 वर्ष द्वारा की गई रिपोर्ट पर उसके बड़े भाई विनोद कमरे के विरुद्ध मामला कायम कर लिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दीपक अपने परिवार के साथ मजदूरी करता है 27 जनवरी को सुबह 9:00 बजे दीपक अपने गांव के प्रताप पान दुकान के सामने अपने भाई विनोद के साथ खड़ा था और वह अपने बड़े भाई विनोद को समझा रहा था कि नशा पानी कम करो। दीपक के समझाने के साथ ही विनोद भड़क गया और वह अपने छोटे भाई दीपक कमरे को अश्लील गालियां देने लगा। दीपक ने अपने बड़े भाई को गालियां देने से मना किया तभी विनोद ने मुझे समझाने वाला कौन होता है कहकर दुकान के पास रखी लकड़ी से दीपक की पिटाई कर दी। दीपक के चिल्लाने पर मोहल्ले के लोग दौड़े और बीच बचाव किये। इसके बाद विनोद ने अपने। छोटे भाई दीपक को शराब पीने दोबारा समझाने पर जान से खत्म करने की धमकी दे दी। मारपीट में घायल दीपक रिपोर्ट करने के लिए किरनापुर पुलिस थाना पहुंचा। किरनापुर पुलिस ने दीपक का इलाज और मुलाहिजा अपने यहां के अस्पताल में करवाए और उसके द्वारा की गई रिपोर्ट पर उसके बड़े भाई विनोद पिता स्वर्गीय गोसाई कुम्भरे के विरुद्ध गालियां देकर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में अपराध दर्ज कर लिया है।

अज्ञात मोटरसाइकिल से एक वृद्ध को टक्कर मारकर फरार

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। लालबर्रा थाना अंतर्गत ग्राम बोट्टे हजारी में शौच के लिए जा रहे एक वृद्ध को ठोस मारकर फरार हो गई। मोटरसाइकिल की ठोकर से हीरालाल पिता सिया गाडेश्वर 64 वर्ष ग्राम बुट्टा हजारी निवासी को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार हीरालाल गाडेश्वर अपने परिवार के साथ खेती किसानी करते हैं।। 28 जनवरी को सुबह 5:00 बजे हीरालाल गाडेश्वर अपने घर से सोच के लिए खेत तरफ जा रहे थे तभी बेहरई की ओर से तेज रफ्तार से आ रही मोटरसाइकिल रोड पार हो रहे हीरालाल गाडेश्वर को ठोस मार कर फरार हो गई। मोटरसाइकिल की ठोकर से हीरालाल गाडेश्वर घायल होकर रोड पर पड़ा हुआ था। इसी दौरान गांव के किसी व्यक्ति ने उसे रोड पर घायल हालत में देखा और परिवार वालों को जाकर बताया परिवार वालों ने घायल हीरालाल गाडेश्वर को लालबर्रा के अस्पताल में भर्ती किए थे। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया है। इस दुर्घटना की जांच लालबर्रा पुलिस द्वारा की जा रही है।

आस-पास की खबरें

गोल्डन वैली पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

पद्मेश न्यूज। लालबर्रा। नगर मुख्यालय स्थित गोल्डन वैली पब्लिक स्कूल में गत दिवस गणतंत्र दिवस का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह



कार्यक्रम स्कूल प्राचार्य श्रीमती आशा शुक्ला एवं अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने भारत माता, महात्मा गांधी एवं संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात स्कूल प्राचार्य श्रीमती आशा शुक्ला के द्वारा तिरंगे झंडे की पूजा अर्चना कर ध्वजारोहण किया गया। जिसके बाद तिरंगे झंडे को सलामी दी गई और सामूहिक राष्ट्रगान गाया गया। वहीं गणतंत्र दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया है। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों के द्वारा गीत, भाषण एवं नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। वहीं स्कूल की प्राचार्य श्रीमती आशा शुक्ला ने सभी को गणतंत्र दिवस पर्व की शुभकामनाएं देते हुए बच्चों से कहा कि लगन लगाकर पढ़ाई करें। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बच्चें उपस्थित रहे।

लवादा में ग्रामोदय से अभ्युदय के तहत सामाजिक समरसता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

पद्मेश न्यूज। बेहरई/लालबर्रा। जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत लवादा में जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक सुशील बर्मन, विकासखण्ड समन्वयक श्रीमती बैजंती कटरे के मार्गदर्शन में बुधवार को मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के समाज कार्य में स्नातक और पारस्नातक के सामाजिक कार्यकर्ता की उपस्थिति में ग्रामोदय से अभ्युदय के अंतर्गत सामाजिक समरसता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणजनों को शासन की योजनाओं की जानकारी एवं योजनाओं का लाभ प्राप्त करने एवं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का संकल्प लिया गया। साथ ही कृषि विभाग और पशुपालन विभाग की जानकारी भी प्रदान की गई। इस अवसर पर जनपद पंचायत लालबर्रा कृषि सभापति गुलेंद्र भगत, सरपंच नितेश्वरी रहांगडाले, सचिव मूलचंद बिसेन, दामेंद्रप्रसाद हरिनखेड़े, वार्ड पंच हेमचंद रहांगडाले, पशुपालन विभाग से मोहरलाल कटरे, कृषि विभाग से रिचा बिंद्रा, रेखा सिंह, उर्मिला, विकास पटले, हस्ताराम रहांगडाले, मनीराम रहांगडाले, उषा बोपचे, मुकेश रहांगडाले, निकिता रहांगडाले, काजल पारधी, मनोरमा पटले, संध्या टेकाम, राहुल सिरसाम, बालचंद बोपचे सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

लालबर्रा से अमोली समनापुर पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य विद्युत खंभे हटाये बिना शुरू





पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।

स्थानीयजनों ने विद्युत पोल हटाने एवं नियमानुसार नापझोक कर गुणवत्तापूर्ण निर्माण करवाने की मांग की

लालबर्रा से अमोली समनापुर पहुंच मार्ग करीब 600 मीटर की अधुरी सड़क का निर्माण कार्य करोड़ों रूपयों की लागत से किया जा रहा है। लेकिन निर्माण कार्य के पहले सड़क के बीच एवं किनारे में लगी विद्युत पोलों को नही हटाया गया है जिससे भविष्य में आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। वहीं स्थानीयजनों ने सड़क निर्माण कंपनी पर सड़क निर्माण में तकनीकी मानकों की अनदेखी कर चौड़ाई सामान रूप से न लेकर कही अधिक, कही कम चौड़ाई की निर्माण कर कार्य में अनियमितता बरतने का आरोप लगाया है। साथ ही शासन-प्रशासन से नियमानुसार नापझोक कर शासन के मादण्ड के अनुसार गुणवत्तापूर्ण निर्माण करवाने एवं सड़क के बीच में व किनारे स्थित विद्युत पोल को हटाने और पानी निकासी के लिए पक्की नाली का निर्माण करवाने की मांग की है। आपकों बता दे कि लालबर्रा से समनापुर पहुंच मार्ग का वित्तर वर्ष पूर्व सीसी सड़क का निर्माण किया गया था। लेकिन लालबर्रा बस स्टैण्ड से जनपद स्कूल अमोली के आगे तक करीब 600 मीटर की सड़क का निर्माण कार्य अधुरा छोड़ दिया गया था। जिसके कारण सड़क पुरी तरह से खराब हो चुकी थी और गड्ढों में तब्दील हो जाने से आने-जाने वालों को बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। वहीं स्थानीयजन एवं क्षेत्रीयजन लंबे समय से इस अधुरी सड़क का निर्माण करवाने की मांग शासन-प्रशासन से कर रहे थे। जिसके बाद विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे के प्रयास से इस 600 मीटर की अधुरी सड़क का निर्माण कार्य स्वीकृत हुआ है और एमपीआरडीसी विभाग के माध्यम से सीसी सड़क का निर्माण किया जा रहा है। लेकिन यह निर्माण कार्य नियमानुसार नही किया जा रहा है। जबकि यह सड़क 23 फीट चौड़ाई की बनने वाली है। लेकिन निर्माण कंपनी के द्वारा कुछ स्थानों पर चौड़ाई कम-ज्यादा किया जा रहा है एवं पानी निकासी के लिए नाली निर्माण भी नही किया जा रहा है। जिस पर कुछ स्थानीयजनों ने निर्माण कंपनी के ठेकेदार पर मनमानी कर नियमानुसार कार्य करवाये जाने का आरोप लगाते हुए जिला प्रशासन से निर्माण कार्य की जांच कर दोषियों पर कार्यवाही एवं गुणवत्तापूर्ण निर्माण करवाने की मांग की है।

बिना नापझोक की बन रही सड़क - तूफान

अमोली पंच तुफान गुप्ता ने बताया कि लालबर्रा से अमोली-समनापुर पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य किया जा रहा है, लेकिन सड़क का नियमानुसार नापझोक नही किया गया है। जबकि शासन के मापदंड के अनुसार सड़क के केन्द्र बिन्दु से दोनों ओर 11.5-11.5 फीट नापकर निर्माण होना चाहिए, लेकिन ठेकेदार अपनी मनमर्जी से जहां खाली जगह दिख रही है, वहीं सड़क बना रहा है। यानि की कही अधिक तो कही कम चौड़ाई की सड़क का निर्माण किया जा रहा है जो गलत है। श्री गुप्ता ने बताया कि निर्माण स्थल पर कोई तकनीकी अधिकारी नही रहते है और जब वार्डवासी इस निर्माण कार्य की अव्यवस्था को लेकर विरोध करते है तो उन्हे काम बंद करने की धमकी दी जाती है। इस तरह से बिना नापझोक की सड़क बन रही है और सड़क के बीच व किनारे स्थित विद्युत पोल को भी नही हटाया गया है, हमारी मांग है कि शासन के मापदंड के अनुसार गुणवत्तापूर्ण सड़क का निर्माण किया जाये।

सड़क की ऊंचाई बढ़ने से होगी परेशानी - नीरज

नीरज पसीने ने बताया कि हम लोग सड़क किनारे विगत वर्षों से रह रहे है, लेकिन सड़क की ऊंचाई जिस तरह से बढ़ाई जा रही है, जिससे बारिश का पानी मकानों के अंदर घुसेगा। पूर्व में भी तत्कालीन कलेक्टर ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए काम रूकवाया था और लेवल सुधारने का आश्वासन दिया था। लेकिन अब पुनः पुराने तरीके से ही ऊंचाई बढ़ाकर निर्माण शुरू कर दिया गया है जिससे परेशानी होगी। इसलिए हमारी मांग है कि सड़क की ऊंचाई अधिक न बढ़ाई जाये और पानी निकासी की व्यवस्था करने के साथ ही शासन के नियमानुसार निर्माण करवाये प्रशासन।

रानी अवंती बाई विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

पद्मेश न्यूज। लांजी। नगर में वीरांगना रानी अवंती बाई स्कूल ने 26 जनवरी को 77वें गणतंत्र दिवस को बड़े उत्साह और देशभक्ति के साथ मनाया। विद्यालय प्रांगण में सुबह 7:30 बजे अनवर अली बुंदेली ने मां भारती, महात्मा गांधी और बाबासाहेब अंबेडकर का पूजन कर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। ध्वजारोहण समारोह में पूर्व सैनिक रूपकुमार बिसेन, पितमलाल चालक, नरेश चौहान, रविन्द्र मेश्राम, रिखीराम रामटेकर, संतोष पलान्दुरकर, श्रीमती संगीता रामटेकर, श्रीमती हसीना शेख सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। ध्वजवंदन के बाद बच्चों को मिष्ठान वितरित किए गए। इसके बाद प्रभात फेरी निकाली गई, जो नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए सुभाष चंद्र चौक पहुंची। यहां विधायक राजकुमार करहे के द्वारा ध्वजारोहण के बाद फेरी वापस विद्यालय लौटी। विद्यालय में अमर शहीदों को नमन करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। अवंती बाई स्टेडियम लांजी में गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान बच्चों ने जैविक कृषि और पर्यावरण संतुलन की थीम पर सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया, जिसे मुख्य अतिथि विधायक राजकुमार करहे एवं एसडीएम कमलचंद सिंहसार ने द्वितीय पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय के शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इनमें कु. पूनम नेवारे, दमयंती राने, दीक्षा कुशले, श्रीमती प्रेमकुमारी तिड़के, काजल किरमें, कु. पूजा बल्लारखेड़े, कु. मनीषा जांभूरे,



कु. आंचल भंडारकर, कु. रिया भोंडेकर, श्रीमती बिंदेश्वरी किरमें, कु. सुहानी सोलंकी और श्रीमती ज्योति भंडारकर शामिल हैं, जिनके प्रयासों की सभी ने सराहना की।

विद्याभारती बाल भाऊ देवरस सरस्वती शिशु मंदिर कारंजा में आशिर्वाद समारोह आयोजित

पद्मेश न्यूज। लांजी। विद्याभारती बाल भाऊ देवरस सरस्वती शिशु मंदिर आवासीय विद्यालय कारंजा में 28 जनवरी को आशिर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा एकादश के भैया बहनों द्वारा कक्षा द्वादश के भैया बहनों को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभी आचार्य दिदियों का आभार व्यक्त किया गया। साथ ही विद्यालय के व्यवस्थापक सचिन अग्रवाल द्वारा छात्र छात्राओं को आगे बढ़ कर विद्यालय एवं परिवार का नाम रोशन कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाने बात कही। विद्यालय के प्राचार्य चुन्नीलाल बोपचे द्वारा वार्षिक परीक्षा की तैयारी एकाग्रता एवं लगन से मेहनत करते हुए घर में समय सारणी बनाकर पुराने वर्षों के प्रश्न पत्रों को सतत् अभ्यास करने को कहा। मंच का संचालन करते हुए रविन्द्र महारवाड़े ने घोषणा करते हुए कहा कि जो भी भैया बहन जिले में प्रथम श्रेणी में आने वालों को 11000 रूपये का पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा की।उक्त अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष लालाराम नंदनवार, उपाध्यक्ष देवेश ऐड़े, धनीराम साऊसकर, फणीन्द्र दुरगकर, राजेन्द्र लिल्हारे, खुमेश टेम्भरे, डाकचँद्र ठाकरे, शिव लिल्हारे, कमलेश हरिनखेड़े, कु. प्रिति बनोते, प्रतिमा बनोते सहित विद्यालय के आचार्य दिदियों व कक्षा ग्यारहवीं एवं बारहवीं के भैया बहनों की उपस्थिति रही।

गोंडी भाषा एवं कोयापुनेम प्रश्नोत्तरी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में सुशीला ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

गोंडवाना स्टूडेंट्स यूनियन ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित





पद्मेश न्यूज। लालबर्रा। नगर मुख्यालय स्थित बिरसा मुंडा सामुदायिक भवन में गत दिवस क्रांतिसूर्य टंट्या मामा भील की जयंती के उपलक्ष्य में गोंडवाना स्टूडेंट्स यूनियन लालबर्रा के तत्वाधान में गत दिवस गोंडी भाषा (कोयापुनेम) पर आधारित विकासखण्ड स्तरीय प्रश्नोत्तरी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। जिसका परिणाम आने के बाद मंगलवार को सामुदायिक भवन में एक कार्यक्रम आयोजित कर गोंडी भाषा में आयोजित कोयापुनेम प्रश्नोत्तरी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के अंछे अंकों से उत्तीर्ण होने वाले विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम म.प्र. आदिवासी विकास परिषद एवं गोंडवाना स्टूडेंट्स यूनियन के पदाधिकारियों की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने शहीद बिरसा मुंडा एवं अन्य महापुरूषों के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। जिसके बाद पुरस्कार वितरण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ और आयोजित इस परीक्षा में सुशीला वरकड़े ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस तरह से सुशीला वरकड़े को प्रथम, ओमप्रकाश उइके को द्वितीय, प्रहलाद उइके को तृतीय, संदीप कोवाचे को चौथा, रविन्द्र मर्सकोले को पांचवा, अनुपसिंह वरकड़े को छटवां पुरस्कार एवं शिवानी कोवाचे, शीतल उइके, रिया मर्सकोले, पुनम मर्सकोले एवं दीक्षा मर्सकोले को सांत्वना पुरस्कार उपस्थित अतिथियों के हस्ते प्रदान किया गया और सभी को शुभकामनाएं दी गई। वहीं आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि इस परीक्षा में गोंडी भाषा में बुनियादी शब्द, व्याकरण, कोयापुनेम (गोंडवाना दर्शन) के महत्व, उद्देश्य, आदिवासी समाज की परंपराएं, महापुरूषों के इतिहास से संबंधित प्रश्न पुछे गये थे। जिसका मुख्य उद्देश्य आदिवासी समाज की युवा पीढ़ी और विद्यार्थियों को अपनी पारंपरिक गोंडी भाषा, कोयापुनेम के सिध्दांतों और समृध्द सांस्कृतिक विरासत से अवगत करवाना था। ताकि आधुनिकता के दौर में युवा अपनी जड़ों से जुड़े रहें और अपनी संस्कृति का गौरव के साथ पालन करें। गोंडवाना स्टूडेंटस यूनियन जिलाध्यक्ष राकेश वाडिवा ने बताया कि गोंडी भाषा को बढ़ावा देने के लिए कोयापुनेम प्रश्नोत्तरी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता गत दिवस आयोजित की गई थी। जिसमें अं छे अंकों से उत्तीर्ण 6 प्रतिभागी एवं 5 प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया है। साथ ही यह भी बताया कि इस परीक्षा का उद्देश्य आदिवासी संस्कृति को बढ़ावा देना है और हमारी संस्कृति जो विलुप्त हो रही हैं उसे संजोना है, बचाना है। इस अवसर पर म.प्र. आदिवासी विकास परिषद एवं गोंडवाना स्टूडेंट्स यूनियन लालबर्रा के पदाधिकारी एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

बघोली चौराहे पर लगे नाथूराम गोडसे अमर रहे के नारे

कांग्रेसियों ने थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन, असामाजिक तत्वों पर कार्यवाही करने की मांग की

पद्मेश न्यूज। लालबर्रा। राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर ग्राम बघोली में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा की गई अमर्यादित हरकत ने क्षेत्र का माहौल गरमा दिया है। जानकारी के अनुसार बघोली के एक सार्वजनिक चौराहे पर कुछ युवकों ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लेकर महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे के समर्थन में अमर रहे के नारे लगाये गये। इतना ही नहीं, इस आपत्तिजनक कृत्य का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर भी वायरल किया गया, जिसके बाद से क्षेत्र के नागरिकों और राजनीतिक दलों में भारी रोष व्याप्त है। इस घटना के विरोध में 28 जनवरी को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लालबर्रा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने थाना पहुंचकर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। वहीं कांग्रेसियों ने इस कृत्य को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का अपमान और संवैधानिक मूल्यों पर प्रहार बताया है। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेसियों ने पुलिस प्रशासन से राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के अवसर पर नाथूराम गोडसे अमर रहे जैसे राष्ट्र विरोधी नारे लगाने हुए वीडियों में जो युवा दिख रहे है और नारे लगाने वाले असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उनके विरूध्द कठोर कार्यवाही करने की मांग की है।

कांग्रेसियों ने घटना की निंदा कर कठोर कार्यवाही की मांग की

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे के अमर रहे जैसे राष्ट्र विरोधी नारे लगाये जाने के मामले में कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि जिस तिरंगे की आन-बान और शान के लिए देश के वीरों ने शहादत दी। उसी राष्ट्रीय ध्वज को हाथ में लेकर राष्ट्रपिता के हत्यारे का महिमा मंडन करना बेहद शर्मनाक और अपमानजनक है। कांग्रेसियों ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक स्थानों पर इस तरह की नारेबाजी से न केवल क्षेत्र का आपसी सामाजिक सौहार्द बिगड़ने



का डर है, बल्कि इससे शांति भंग होने की प्रबल संभावना भी बनी रहती है। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि ऐसे असामाजिक तत्वों के खिलाफ ऐसी नजीर पेश करने वाली कार्यवाही हो, जिससे भविष्य में कोई भी व्यक्ति राष्ट्रीय पर्व पर इस प्रकार की अराजकता फैलाने या समाज की शांति व्यवस्था को चुनौती देने का साहस न कर सके। वहीं कांग्रेस ने पुलिस प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि दोषियों पर जल्द कार्यवाही नहीं हुई, तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। चर्चा में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मनीराम भोयर ने बताया कि 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के दिन कुछ लड़कों के द्वारा तिरंगा हाथ में लेकर महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे अमर रहे के नारे लगाये जा रहे थे। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था जो गलत है। आगे बताया कि राष्ट्रीय पर्व पर राष्ट्र विरोधी नारे लगाने वाले व्यक्तियों पर कार्यवाही करने की मांग को लेकर कांग्रेसियों के द्वारा थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही करने की मांग की है ताकि इस तरह की घटना की पुनर्रावृत्ति न हो सके। मांग करने वालों में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लालबर्रा अध्यक्ष मनीराम भोयर, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष भाऊराम गाडेश्वर, पूर्व ब्लाक उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र ढांडे, मनीष कुशवाहा जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग कांग्रेस विभाग बालाघाट, मुनेंद्र ठाकरे ब्लाक अध्यक्ष किसान कांग्रेस कमेटी लालबर्रा, अमीनुद्दीन हन्फी नगर अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी, ओपी बिसेन, कमल शांडिल्य, इमरान खान, महेंद्र चौधरी, गोलू ब्रम्हे, नितिन साखला व पवन ठाकरे सहित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल है।

पीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 77वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया

पद्मेश न्यूज। लांजी। नगर के पीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 77वां गणतंत्र दिवस बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में छात्राओं, शिक्षकों और अतिथियों की मौजूदगी में राष्ट्रभक्ति की भावना झलकती रही। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य प्रमोद कुमार भिमटे ने की। उन्होंने भारत माता, मां सरस्वती, डॉ. भीमराव अम्बेडकर, महात्मा गांधी तथा वीर शहीदों की प्रतिमाओं के समक्ष दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित



की। इसके बाद सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने क्रमशः पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। सुबह 8:30 बजे प्राचार्य श्री भिमटे ने ध्वज फहराया और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत हुई। तत्पश्चात छात्राओं को मिष्ठान वितरित किए गए और एक भव्य प्रभात फेरी निकाली गई। यह फेरी नगर के मुख्य मार्ग से होती हुई बस स्टैंड स्थित सुभाष चौक पहुंची, जहां विधायक राजकुमार करहे ने ध्वज फहराकर छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। प्रभात फेरी के बाद समारोह रानी अवंतीबाई स्टेडियम में आयोजित मुख्य गणतंत्र दिवस समारोह में स्थानांतरित हुआ। यहां विद्यालय की गाइड कैडेट छात्राओं ने मार्च पास्ट में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर सम्मानित की गईं। पूरे कार्यक्रम में छात्राओं का जोश, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम देखते ही बनता था। प्राचार्य प्रमोद कुमार भिमटे ने कहा कि ऐसे आयोजन छात्राओं में देशभक्ति की भावना को और मजबूत करते हैं तथा उन्हें एक बेहतर नागरिक बनने के लिए प्रेरित करते हैं।

आस-पास की खबरें

ग्राम सिताखोह में नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ समापन

पद्मेश न्यूज। वारासिवनी/कटंगी। ग्राम सिताखोह में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का सफल आयोजन किया गया। जिसमें आसपास





के क्षेत्र की लगभग 30 टीमों ने भाग लेकर खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर कटंगी विधायक गौरव सिंह पारधी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। टूर्नामेंट में लखनवाड़ा, सेल्वा, भोरगढ़, सुकली, कतरकना, कटंगी, कोहका, नांदी, धनकोसा, चौखंडी, मुंडेवाड़ा, बिछुआ, सुंदर, कामठी, अर्जुनाला, केवलारी, चाकाहेटी, बोधवा, साँवरी, पिपरिया, सिताखोह, नेवरगांव, पाथरवाड़ा,पिंडकेपार सहित अन्य ग्रामों की टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला महाकाल बरघाट और सिताखोह टीम के बीच खेला गया। जिसमें सिताखोह की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 ओवर में 42 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बरघाट टीम ने 5 ओवर में 4 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल किया और 6 विकेट से जीत दर्ज की। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 2100 1 रुपये महाकाल बरघाट टीम को तथा द्वितीय पुरस्कार 11001 रुपये सिताखोह टीम को विधायक गौरव सिंह पारधी के हाथों प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य महेश बोरकर, सरपंच श्रीमती रेखा भूपेंद्र देशमुख, संजय गहंगडाले, संजय पटले, योगराज ठाकरे, अरुण बनसारे, भूपेंद्र भंडारी, विजय बोपचे, पंकज ठाकरे, राहुल ठाकरे, सुरेश सहारे, हरीश राहंगडाले, अमरदीप भंडारी, सागर बोपचे, दीपेंद्र बोपचे, शुभम भैरम सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। विधायक गौरव सिंह पारधी ने कहा कि कटंगी क्षेत्र की पहचान केवल कृषि या भौगोलिक कारणों से ही नही, बल्कि खेल प्रतिभाओं के माध्यम से भी बने यही उनका उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि गांवों में आयोजित इस तरह की प्रतियोगिताएं युवाओं को आगे बढ़ने का मंच देती हैं और उनकी प्रतिभा को निखारती हैं। विधायक ने खिलाड़ियों से अनुशासन, मेहनत और खेल भावना के साथ आगे बढ़ने का आह्वान करते हुए कहा कि क्षेत्र के खिलाड़ी जिला , प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर कटंगी का नाम रोशन करेंए यही उनकी अपेक्षा है।





रबी धान फसल में खाद संकट गहराया, किसान चिंतित

पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।

वारासिवनी खैरलांजी क्षेत्र कृषि पर आधारित है जहां सर्वाधिक किसान परिवार खेती किसानी कर अपना जीवन व्यापन करते हैं। वर्तमान में रबी का सीजन चालू हो गया है जिसमें किसानों के द्वारा गेहूं सरसों चना एवं धान की फसल लगाई जा रही है। जिसमें सबसे बड़ी समस्या खाद बनी हुई है जो सोसायटियों से गायब है तो वहीं जिस समिति या गोदाम में है वहां किसानों को फर्मर आईडी के माध्यम से टोकन निकालना आवश्यक हो गया है। इस प्रकार किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तो वही सोसायटी और गोदाम के चक्कर भी लगाने पड़ रहे हैं। ऐसे में किसानों के द्वारा सेवा सहकारी समिति में पर्याप्त खाद का स्टॉक पहुंचाने और टोकन की अनिवार्यता को समाप्त करने की मांग की जा रही है। ताकि किसान सुगम और सरल तरीके से खाद प्राप्त कर सके।

खाद की कमी से जूझ रहे किसान

वारासिवनी खैरलांजी क्षेत्र में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक वारासिवनी ,डोंगरमाली ,रामपायली ,खैरलांजी सहित अन्य शाखा आती है। जहां प्रत्येक बैंक के अंदर करीब एक दर्जन सेवा सहकारी समिति बनी हुई है जहां एक सैकड़ा से अधिक पंचायत जुड़ी हुई है। वर्तमान में रबी का सीजन चालू हो गया है ऐसे में किसानों को वर्तमान में खाद के रूप में डीएपी,20200013 यूरिया सुपर फास्फेट सहित अन्य रासायनिक उर्वरक की नितांत आवश्यकता है। परंतु यह सभी खाद सभी सोसायटियों में उपलब्ध नहीं है कहीं पर कुछ है तो कहीं कुछ तो वहीं कुछ समिति केंद्र ऐसे है जहां खाद समाप्त हो गया है। इस प्रकार की स्थिति पूरे क्षेत्र में बनी हुई है वर्तमान में किसानों ने रबी की फसल लगाई हुई है जहां पर धान सरसों चना की जरूरत दे ऐसे में किसानों को बहुत ज्यादा परेशान होना पड़ रहा है। बार.बार सोसायटी या मारफेट गोदाम के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं इस प्रकार से किसान परेशान हो रहे हैं। जिनके द्वारा शासन प्रशासन से व्यवस्था बनाने की मांग की जा रही है किंतु उसका कोई प्रभाव देखने नहीं मिल रहा है। इस प्रकार की स्थिति सोसायटी में निर्मित होने का कारण बताया जा रहा है कि 1 दिसंबर से 20 जनवरी तक समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य चालू था। जिसमें उक्त सेवा सहकारी समिति के लोगों के द्वारा खरीदी की व्यवस्था के चलते खाद पर ध्यान नहीं दिया गया। जिसका परिणाम है कि जिले में खाद नहीं आया और जो भंडारण किया गया था वह किसानों के द्वारा रबी पंजीयन के साथ तत्परता से ले जा लिया गया। सीमित भंडारण होने के कारण पहले आने वाले किसानों को तो खाद मिल गया किंतु बाद के किसान परेशानी काट रहे हैं। अब फसल में रासायनिक उर्वरक छिड़काव का समय भी नजदीक आ रहा है यदि समय रहते छिड़काव नहीं किया गया तो बाद में यह असर भी नहीं करेगा फसल अलग खराब होगी जिससे किसान चिंतित है। किसानों के द्वारा शासन प्रशासन से व्यवस्था बनाए जाने की मांग की जा रही है कि सभी किसानों को समय रहते खाद उपलब्ध हो सके।

किसानों को खाद के लिये टोकन निकालना हुआ आवश्यक

टोकन लाओ खाद ले जाओ

किसानों को खाद वितरण में शासन प्रशासन के द्वारा एक नया नियम निकाल दिया गया है की जो किसान टोकन लाएगा उसे खाद दी जाएगी। जो टोकन नहीं लाएगा उसे खाद नहीं मिलेगी हालांकि यह नियम नकद में खाद खरीदी करने वालो के लिए लागू कर दिया गया है। जो मारफेट के गोदाम में तो देखने मिल रहा है परंतु समिति की जानकारी नहीं है इस नियम से काफी किसान भ्रमित होकर परेशान हो रहे हैं। ऐसे में किसानों को आर्थिक बोझ भी वहन करना पड़ रहा है। इसमें बताया जा रहा है कि किसानों को अपनी फार्मर आईडी बनाना जरूरी है। वह आईडी में दर्ज उनके रकबे के आधार पर वह खाद के लिए ऑनलाइन सेंटर में जाकर अप्लाई करेंगे जहां पर उन्हें टोकन जनरेट होगा। फिर उस टोकन को लेकर वह खाद भंडारण में जाएंगे जहां पर उसे टोकन के माध्यम से उन्हें खाद उपलब्ध कराई जाएगी। ऐसे में दूर.दूर से आने वाले कई किसानों को बैरंग लौटना पड़ रहा है पटवारी एवं ऑनलाइन सेंटर के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। हालांकि कई फार्मर आईडी वाले भी किसान है जिन्हें यह परेशानी उठानी पड़ रही है। हालांकि इस टोकन के बाद पूर्व की तरह आधार कार्ड और पावती की छाया प्रति देना अनिवार्य है। ऐसे में किसानों के द्वारा इसे शासन का गलत फरमान बताकर शासन प्रशासन से इस नियम को सरल करने और टोकन की अनिवार्यता को खत्म करने की मांग की जा रही है।

किसान खाद के लिये सोसायटी के लगा रहे चक्कर-उत्तम सिंह

किसान उत्तम सिंह बट्टी ने बताया की सोडा लेने के लिए वारा के गोदाम में आया हुआ हूं। क्योंकि मुझे सोडा नकद में लेना था परंतु यहां पर फार्मर आईडी लगेगी बोल रहा है तभी सोडा मिलेगा कहते हैं। इसकी जब प्रक्रिया हमारे द्वारा पूछी जा रही है तो वह बता नहीं रहे हैं पूछने पर यही कहते हैं कि तुम अपने पटवारी के पास जाओ वह फार्मर आईडी देगा। अब आईडी लाने के लिए बोल रहे हैं और उससे भी कुछ नहीं होगा सोडा लेने के लिए टोकन निकालने की बात बताई जा रही है। उसके बाद आधार और पावती की छाया प्रति भी लाना है तब सोडा मिलेगा। इस प्रकार की प्रक्रिया ठीक नहीं है पहले हम आधार और पावती की छाया प्रति देते थे खाद मिल जाता था। अब यह समझ नहीं आ रहा है कि कहां जाएं क्या करें क्योंकि यह जबरदस्ती का हेडेक आ गया है। इससे मैं ही नहीं मेरे जैसे कई किसान यहां दूर दूर से आए हुए हैं अब उन्हें वापस जाना पड़ेगा। इधर उधर घूमना पड़ेगा लोचे वाली बात है यहां पर तो खाद है बता रहे हैं बाकी सोसायटियों में लिमिट वाले को देते हैं।

खाद नही मिला तो किसानों के साथ करेंगे आंदोलन- सुभाष पारधी

कृषक महासंघ अध्यक्ष सुभाष पारधी ने बताया कि खाद तो सोसायटी में नहीं है मैं भी समिति अपनी गया हुआ था वहां पर भी खाद नहीं है। दो.तीन महीने से खाद नहीं आया है अभी गेहूं की फसल में खाद लगेगा हर किसान को यह अभी रबी की फसल के लिए जरूरी है। देखने में आ रहा है कि कहीं डीएपी कहीं 20200013 कहीं यूरिया तो कहीं सुपर फास्फेट रखा हुआ है या खत्म हो गया है। अभी गेहूं की बाली निकलने वाली है तो उसमें खाद डालने की नितांत आवश्यकता है। वहीं रबी की धान भी लगाएंगे तो उसमें भी किसानों को जरूरी है खाद में डीएपी और यूरिया आवश्यक है। परंतु वह नहीं मिल रहा है यह जो खाद का संकट बना हुआ है इससे किसान बहुत परेशान है। फसल को भी नुकसान होना है बिना यूरिया डाले खेती नहीं होती है इसकी शिकायत हमने वरिष्ठ अधिकारियों को कर दी है। परंतु उनका कोई आश्वासन अभी तक मिला नहीं है अब हम आंदोलन की राह देख रहे हैं क्योंकि जल्द यदि नहीं दिया गया खाद तो आगे आंदोलन होगा।

राजा लिल्हारे और दीपक डोहरे पर अपराध दर्ज , पुलिस ने की विवेचना प्रारंभ

पद्मेश न्यूज। वारासिवनी/खैरलांजी। खैरलाँजी पुलिस थाना अंतर्गत ग्राम भौरगढ़ निवासी बैवंता नन्दलाल डोहरे की शिकायत पर पुलिस ने दीपक डोहरे और राजा लिल्हारे दोनों निवासी भौरगढ़ के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच में लिया हैं। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थिया बैवंता बाई पति नंदलाल डोहरे जाति कलार उम्र 55 साल निवासी वार्ड नं.6 भौरगढ़ निवासी ने थाना उपस्थित होकर एक लिखित शिकायत दी हैं कि अनावेदक दीपक डोहरे पिता देवलाल डोहरे ,जितेन्द्र उर्फ राजा पिता सोहनलाल लिल्हारे निवासी ग्राम भौरगढ़ के खिलाफ दिया हैं कि आवेदिका एवं अनावेदक क्रमांक 1 आपस में पड़ोसी है। घटना दिनांक 8 अप्रैल 2025 की घटना है मेरे घर की छत ढलाई का कार्य चल रहा था । कार्य पूर्ण होने के बाद अनावेदक क्रमाक 1 अपने घर की दीवार पर मोटर पंप के पाइप से तराई कर रहा था जिसका करीब 50 प्रतिशत पानी मेरी नवीन ढलाई गई स्लेप पर आ रहा था। जिस पर मैंने विरोध किया कि मेरी स्लेप पर पानी आ रहा है जिससे मेरी स्लेप रीसाव कर रही है और पानी अंदर आ रहा है पानी बंद करो मुझे नुकसान हो जायेगा। इस पर अनावेदक क्रमांक 1 मुझे गालियां देने लगा जो सुनने में बहुत खराब लग रही थी । मैंने गालियां देने से मना किया तो बोला कि अभी आता हूं इसके तुरंत बाद दोनों अनावेदकगण जबरन मेरे घर में घुस गए और दोनों ने गालियां दी और दोनों ने हाथ एवं बाल पड़कर जमीन पर पटक दिया और बाल व हाथ पड़कर जमीन पर घसीटते हुए बाहर खींचा । जिस हाथ की चूड़ी टूट गई और हाथ में चोट आई, वहीं घसीटने के कारण कमर में चोट एवं त्वचा पर गंभीर रूप से छिलने के निशान पड़े तथा इसके बाद लाते मारकर जान से मारने की धमकी दिये। यह है कि अनावेदक क्रमांक 2 ने मेरे शरीर पर वार किया जिसमें गंभीर चोटे आई। मुझे चलने फिरने में काफी दिक्कत महसूस करती रही बावजूद इसके मैं घटना की शिकायत करने पुलिस थाना खैरलाजी गई । जहाँ पुलिस ने हमारी शिकायत दर्ज नहीं की वहीं हमारे पीछे.पीछे आए अनावेदगणों की शिकायत पर मेरे परिवार के सदस्यों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया था। घटना दिनांक के बाद से ही अनावेदकगण ताने मारते हैं कि आखिर हमारा क्या कर लिया और अनवेदक क्रमांक 2 मैं जब भी खेत जाती हूं तो वह पीछे.पीछे आता है जिससे मैं काफी भयभीत हूँ और मेरा परिवार भी धमकी से डरा सहमा हुआ है तथा अकेले घर से निकलने में डरते हैं। पुलिस ने प्रार्थी बैवंता पति नन्दलाल डोहरे की रिपोर्ट पर दीपक पिता देवलाल डोहरे एंव जितेन्द्र उर्फ राजा पिता सोहनलाल लिल्हारे के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296 (बी),115 (2),351 (2), 3 (5),333 के तहत अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया हैं।



ग्राम अगासी और पांजरा में श्रीमद् भागवत महापुराण महोत्सव का हुआ आयोजन

पद्मेश न्यूज। वारासिवनी। कटंगी एवं वारासिवनी तहसील अंतर्गत ग्राम अगासी, पांजरा एवं बुदबुदा में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण एवं भक्ति ज्ञान यज्ञ महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर धर्म लाभ अर्जित किया। ग्राम अगासी में कथा वाचक कृष्ण प्रिया ऊषा जबलपुर,ग्राम पांजरा में कथा वाचक आलोक कृष्ण दीक्षित गुरुधाम वृन्दावनद्ध तथा ग्राम बुदबुदा में कथा वाचक पंडित केशव महाराज के सानिध्य में किया जा रहा है। आयोजन स्थल पर प्रतिदिन प्रात: एवं संध्या काल में कथा प्रवचन आयोजित किए जा रहे हैं,जिनमें श्रद्धालु उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर कटंगी विधायक गौरव सिंह पारधी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने व्यासपीठ से आशीर्वाद प्राप्त किया तथा आयोजन समिति और ग्रामवासियों को इस सफल धार्मिक आयोजन के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। विधायक ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आध्यात्मिक चेतना के साथ साथ आपसी सद्भाव और संस्कारों को सुदृढ़ करते हैं। इस दौरान डुलीचंद राहंगडाले, रोशनलाल भैरम, श्रीराम भैरम, भूपेंद्र भैरम, रमेश पारधी, भोलाराम पारधी, टालूराम पटले, संतोष राहंगडाले, रेखलाल भैरम, रेखचंद पटले, विनोद पारधी, अवतेश पारधी ,नरेंद्र सिंह बिसेने, कमल कोबदे, रामेश्वर बिसेने, जागेंद्र डहरवाल, दमन चौहान, सुधीर चौरसिया, तेजराम कुर्वे, प्रदीप भीमटे एवं अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

क्षेत्र के ग्राम खुर्सीपार, चुटिया, गुनई व बकोडी के धार्मिक कार्यक्रम में शामिल हुये प्रदीप जायसवाल





पद्मेश न्यूज। वारासिवनी। वारासिवनी खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खुर्सीपार, चुटिया, गुनई ,बकोडी में आयोजित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल शामिल हुये। इस अवसर पर उन्होने ग्रामीणजनो से चौपालनुमा चर्चा कर क्षेत्र में विकास कार्यो के प्रभावित होने के संदर्भ में चर्चा भी की। ग्राम खुर्सीपार में श्री अवधुत सत्संग मंडल के तत्वाधान में आयोजित संगीतमय राम कथा में पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने व्यासपीठ को नमन कर महाराज का आर्शीवाद प्राप्त किया। इस अवसर पर श्री जायसवाल ने कहा की श्रीराम कथा का उद्देश्य ही मानव जीवन को मर्यादित, संस्कारित और धर्मपरायण बनाना है। यह कथा अधर्म पर धर्म, असत्य पर सत्य और बुराई पर अ'छाई की विजय का संदेश देती है। और सांसारिक कष्टो का आध्यात्मिक उपचार है, जो मन को शुद्ध करती है। वहीं ग्राम चुटिया में श्रीमद देवी महापुराण संगीतमय कथा में महाराजश्री आचार्य शैलेन्द्र मिश्रा का आर्शीवाद प्राप्त किया। और कहा की आज के परिपेक्ष्य में सबसे 'यादा प्रकृति को मानने की जरूरत है प्रकृति भी ईश्वर के अधीन है। प्रकृति के कारण ही सूर्य का निस्वार्थ भाव, नदियों का निरंतर चलते रहना और वृक्षो का परोपकार हमे जीवन में अ'छा करने की प्रेरणा देता है। इस दौरान नेतलाल नगपुरे , मोहनलाल नगपुरे ,मोहनलाल बनोटे , राजकुमार बहेटवार,पवन नगपुरे, सुभाष झिरसागर , रामविलास मसकरे,सुन्दर पिछोड़े , बोधसिंह भगत , फेकनलाल डोहरे, भोजलाल जैतवार, भोजराज दशहरे, मिलिंद नगपुरे ,दुर्गाप्रसाद लिल्हारे ,कोमल पटले ,सुनील नगपुरे,प्रेमानन्द महाराज,हीरालाल लिल्हारे,गेंदलाल पटले,ओंकार बिसेन, दिनेश डोहरे , देवीलाल बिसेन,मोतीराम बिसेन, धनपाल बिसेन,कमल मंदूरकर, बबलू बिसेन, रामदयाल गौतम,ज्ञानी राणा,योगलाल बांगडे, दिनेश पंचेश्वर,आनंद बंसोड़,मोतीलाल गौतम ,संतोष बनकर, छोटेलाल ठाकरे, प्रवीण थोटे उपस्थित रहे।

माँ नर्मदा की शोभायात्रा निकालकर प्रतिमा का हुआ विसर्जन

पद्मेश न्यूज। वारासिवनी। नगर के वार्ड नं.11 हैदराबाद मोहल्ले में राधा रानी महिला मण्डल एवं वार्डवासी के तत्वाधान में जारी श्री नर्मदा पुराण का समापन 27 जनवरी को मां नर्मदा की प्रतिमा विसर्जन के साथ किया गया। जिसमें कथा आयोजन स्थल से हर्ष उल्लास के साथ भव्य शोभायात्रा डीजे की धुन पर हैदराबाद मोहल्ले से निकाली गई। जो धूमधाम के साथ नगर का भ्रमण करते हुए वापस चंदन नदी पहुंची जहां मां नर्मदा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। यह मां नर्मदा पुराण का आयोजन 16 से 25 जनवरी तक आयोजित किया गया था। जिसमें प्रथम दिन पंचांग पूजन करने के उपरांत कथा स्थल से भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा नगर के चौक चौराहो का भ्रमण कर वार्ड नंबर 11 हैदराबाद मोहल्ल कथा स्थल पहुंची। जहां पर शोभायात्रा का समापन कर विधि विधान से पूजा कर व्यास आसन की पूजा कर महत्व कथा सुनाई गयी। इसमें प्रतिदिन संस्कारधानी जबलपुर से पधारे ओमप्रकाश महाराज के द्वारा माँ नर्मदा की अमृत धारा की कथा व्यास पीठ पर आसीन होकर संगीतमय प्रवचन के माध्यम से सुनाई गयी। जिसमें सुबह 7 से 10 बजे तक पूजन तत्पश्चात सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक रुद्राभिषेक एवं दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक श्री नर्मदा पुराण की गाथा सुनाई गयी। जिसमें मारकांडे पांडव चरित्र कल्प महिमा माँ नर्मदा कल्प वर्णन माँ नर्मदा उद्गम कथा माँ नर्मदा के तटों का वर्णन दान महिमा परिक्रमा विधि माँ नर्मदा देव संवाद माँ नर्मदा पूजन विधि की कथा सुनाकर कथा विश्राम किया गया। 25 जनवरी को हवन कन्या भोज भंडारा पूर्णाहुति के साथ समापन गया। इस दौरान 19 जनवरी को मां नर्मदा की कथा के अवसर पर मां नर्मदा की भव्य प्रतिमा की स्थापना विधि विधान से की गई थी। जिसके बाद यह मां नर्मदा पुराण जारी रहा 25 जनवरी को कार्यक्रम का समापन कर दिया गया। किंतु गुप्त नवरात्र की अष्टमी और नवमी तिथि के लिए मां नर्मदा की प्रतिमा की पूजा अर्चना कर 27 जनवरी को गुप्त नवरात्र नवमी के अवसर पर हैदराबाद मोहल्ले से मां नर्मदा की प्रतिमा की भव्य शोभायात्रा निकल गई। जो गोलीबारी चौक ,अंबेडकर चौक ,नेहरू चौक ,जयस्तम्भ चौक होते हुए वापस कबीर घाट चंदन नदी पहुंची जहां मां नर्मदा की प्रतिमा का विसर्जन पूजा आरती कर किया गया। इस विसर्जन शोभायात्रा में शामिल लोगों के द्वारा जगह.जगह देवी गीतों पर जमकर नृत्य भी किया गया। वहीं नगर वासियों के द्वारा मां नर्मदा का आशीर्वाद लेकर सुख शांति समृद्धि की कामना भी की गयी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में वार्डवासी नगरवासी मौजूद रहे।





आवश्यकता है
वारासिवनी कार्यालय में
केबल में कार्य हेतु
लड़कों की
आवश्यकता है
स्थानीय या आसपास रहने वालों को प्राथमिकता
- संपर्क करें -
पद्मेश सिटी केबल
बस स्टेण्ड, वारासिवनी

बालाघाट एक्सप्रेस
संपादकीय

सत्य एक व्रत की तरह है

सत्यमेव व्रतं तस्य दया दीनेषु सर्वदा।
कामक्रोधौ वशे तस्य स साधुः - कथ्यते बुधैः।।



विश्व की दो बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच हुए बहुप्रतीक्षित और ऐतिहासिक व्यापार समझौते से दोनों पक्षों को जो फायदे मिलेंगे, वे तो अपनी जगह हैं, लेकिन अधिक महत्वपूर्ण बात यह है, इसने खंडित हो रही दुनिया को सहयोग की एक नई राह दिखाई है।

सहयोग की राह की अहमियत

करीब दो दशकों के कूटनीतिक इंतजार, अनगिनत दौर की बातचीत और वैश्विक राजनीति के बदलते समीकरणों के बीच मंगलवार को भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) ने जिस मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की नींव रखी है, वह दोनों ही पक्षों के लिए अभूतपूर्व अवसर लेकर आया है। इस समझौते की रणनीतिक अहमियत को देखते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने उचित ही इसे ऐतिहासिक, तो यूरोपीय संघ की प्रमुख उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने दुनिया की दो बड़ी आर्थिक शक्तियों के बीच साझेदारी का एक नया अध्याय और %मदर ऑफ ऑल डील्स% करार दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि सफल भारत दुनिया को बेहतर बनाएगा। दुनिया की कुल जीडीपी का लगभग 25 प्रतिशत और वैश्विक व्यापार का करीब एक-तिहाई हिस्सा रखने वाली अर्थव्यवस्थाओं के बीच हुए इस समझौते का समय भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि एक तरफ जहां रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण पैदा हुए मतभेदों को पीछे छोड़कर यूरोप अब भारत को एक महत्वपूर्ण और भविष्य के अनिवार्य साझेदार के रूप में देख रहा है, तो दूसरी ओर चीन पर निर्भरता कम करने की छटपटाहट ने भी भारत को उसके लिए एक भरोसेमंद विकल्प बना दिया है। भारत भी यह स्पष्ट कर चुका है कि वह किसी एक धुरी पर निर्भर नहीं रहेगा, बल्कि अपने राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखते हुए वैश्विक विकल्प खुले रखेगा। गौरतलब है कि भारत-ईयू के बीच हुए इस समझौते का सबसे बड़ा आकर्षण एक-दूसरे के बाजारों तक सुलभ पहुंच है। इसके तहत यूरोपीय संघ के 27 देशों को भारत के विशाल बाजार तक व्यापक पहुंच मिलेगी। लगभग 97 फीसदी यूरोपीय निर्यात पर शुल्क या तो कम होगा या पूरी तरह समाप्त किया जाएगा, जिससे मशीनरी, ऑटोमोबाइल, तकनीकी उपकरण और रसायन जैसे उत्पाद सस्ते होंगे। बदले में भारत के कपड़ा, चमड़ा, रत्न-आभूषण और अन्य श्रम-प्रधान क्षेत्रों को यूरोप में शून्य-शुल्क पहुंच मिलेगी, जिससे निर्यात बढ़ेगा और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। हालांकि, देश के ऑटोमोबाइल उद्योग, जो अब तक उच्च टैरिफ के सहारे सुरक्षित रहा है, को कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ सकता है। इसके अतिरिक्त, भारतीय उपभोक्ताओं के लिए, कम कीमतों पर यूरोपीय उत्पादों के आने से गुणवत्ता, विकल्प और सुरक्षा मानकों में भले ही सुधार हो, पर इससे घरेलू उत्पादकों पर प्रतिस्पर्धात्मक दबाव भी बढ़ सकता है। लिहाजा, इस समझौते को दीर्घकालिक दृष्टि से देखा जाना चाहिए। खंडित दुनिया में यह समझौता सहयोग की मिसाल है। अगर प्रभावशाली ढंग से लागू हुआ, तो यह आपूर्ति श्रृंखलाओं को नया रूप देगा, उपभोक्ताओं को सशक्त बनाकर देशों के बीच सहयोग का एक नया आदर्श प्रस्तुत करेगा। जैसा उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने कहा भी है, यह तो बस शुरुआत है।

पश्चिमी गठबंधन के दरकते तटबंध

-रहीस सिंह (वैदेशिक मामलों के जानकार)

ट्रांस-अटलांटिक गठबंधन में आती दरारें साफ दिखाई पड़ रही हैं। ट्रंप अपनी मांगों पर अड़े हैं, तो यूरोप अपनी गरिमा बचाने के लिए संघर्षरत है। ऐसे में, सब कुछ इसी पर निर्भर होगा कि यूरोपीय संघ अपनी ताकत के भरोसे तन के खड़ा रहेगा या अभी भी व्हाइट हाउस या पेंटागन की ओर देखेगा?

दावोस में वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) के मंच पर भी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपनी परंपरागत शैली में ही दिखे। उन्होंने जो कहा, अब वह %वेनेजुएला एक्शन% के बाद पूरी तरह से हास्यास्पद नहीं रह गया। अगर दुनिया इस पर नासमझी दिखाए, तो यह इतिहास का दोष है। इसके साथ ही वह इतिहास में अमेरिका को देखते और यह कहते हुए आगे बढ़े कि अमेरिका कितना मूर्ख था, जो ग्रीनलैंड जीतकर डेनमार्क को सौंप दिया था। फिर उन्होंने चेतावनी दी और कहा कि %ग्रीनलैंड हमें दे दो।% अब अगर यूरोप %ना% कहता है, तो अमेरिका इसे याद रखेगा। इस याद रखने का अर्थ क्या है, यह अभी स्पष्ट नहीं है।

ट्रंप यह कहते हुए भी दिखे कि अगर मैं चाहूं, तो बहुत ज्यादा ताकत और सैन्य शक्ति का इस्तेमाल कर सकता हूं, तब हमें कोई रोक नहीं पाएगा। पर मैं बल प्रयोग नहीं करूंगा। तो क्या डोनाल्ड ट्रंप %नियम आधारित व्यवस्था% के समाप्त हो जाने का संकेत दे रहे हैं? क्या अब भी यूरोप सहित पूरी दुनिया अमेरिकी नीतियों को %शांति% का सारथी मानते हुए प्रशंसा करती रहेगी? एक प्रश्न और। क्या हमें यह नहीं मान लेना चाहिए कि आर्कटिक क्षेत्र अब वैज्ञानिक से भू-रणनीतिक क्षेत्र और महाशक्ति प्रतिस्पर्धा का नया थिएटर बन चुका है? यदि हां, तो इस भू-रणनीतिक बिंदु, जो कि उत्तरी अटलांटिक, उत्तरी अमेरिका और यूरोप के बीच का सेतु है, से ही नए युद्ध अथवा विश्वयुद्ध की राह बनेगी?

ट्रंप की धमकियां संभवतः सोए हुए यूरोप को जगाने का काम करने लगी हैं। वह नींद से बाहर आएगा या नहीं, यह तो नहीं पता, लेकिन अगर यूरोपीय देश अभी भी इस निष्कर्ष पर नहीं पहुंच पा रहे हैं कि अमेरिका नियम आधारित व्यवस्था को ध्वंस कर रहा है, तो शायद इतिहास उन्हें कभी क्षमा न कर पाए। हाल के उदाहरण ही इस बात की पुष्टि करते हैं कि व्हाइट हाउस के सामने डटे रहने वाले देशों के सामने ट्रंप की सनक घुटने टेकने पर विवश हुई। चीन और ब्राजील इसके उदाहरण हैं। वहीं, जो देश ट्रंप के

सामने झुक गए, उन्हें और झुकाने व अपमानित करने का कोई अवसर वह नहीं छोड़ रहे। इसलिए, न केवल यूरोप को, बल्कि पूरी दुनिया को इस विषय पर गंभीर होना चाहिए कि ग्रीनलैंड का प्रश्न केवल डेनमार्क के एक क्षेत्र तक सीमित नहीं है। यह प्रश्न क्षेत्रीय अखंडता व आत्मनिर्णय के अधिकार का है। यह प्रश्न अंतरराष्ट्रीय कानूनों की आत्मा में बसे सिद्धांतों का भी है। यूरोप को तो इसलिए गंभीर और संवेदनशील होने की जरूरत है, क्योंकि ट्रंप की सनक अब यूरोपीय संघ, अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था और ट्रांस-अटलांटिक गठबंधन के बचे-खुचे ढांचे को ध्वस्त करने की दिशा में बढ़ रही है। यूरोप को समझना होगा कि पूरी दुनिया इस घटनाक्रम को देख रही है, इसलिए वह एक दिन यह निष्कर्ष अवश्य निकालेगी कि इस नए और क्रूर



वैश्विक परिवेश में यूरोपीय संघ जीवित रहने में सक्षम है या नहीं?

यूरोप को यह सोचने की जरूरत है कि ग्रीनलैंड आर्कटिक क्षेत्र का ऐसा भू-रणनीतिक क्षेत्र है, जिस पर अमेरिका की ही नहीं, बल्कि चीन की भी गिद्ध दृष्टि है। इसलिए, ग्रीनलैंड पर यूरोप का अमेरिका के सामने झुकना या न झुकना बीजिंग के लिए एक रणनीतिक प्रयोग की तरह होगा। यदि यूरोप पीछे हट जाता है, तो चीन यह निष्कर्ष निकालने में देरी नहीं करेगा कि क्षेत्रीय अखंडता व आत्मनिर्णय, अब एक औपचारिक शब्दावली भर हैं, कोई बाध्यकारी नियम नहीं। दूसरे शब्दों में कहें, तो ग्रीनलैंड पर यूरोप का रुख ही तय करेगा कि भविष्य में दुनिया नियमों से चलेगी या दबदबे से? यदि नियम टूटते हैं, तो आज वे आर्कटिक में टूटेंगे, कल दक्षिण चीन सागर में और फिर शायद हिंद महासागर में। वैसे चीन तो पहले ही %पोलर सिल्क रोड% के जरिये अपने आपको %नियर आर्कटिक स्टेट% तक बता चुका है। ऐसे में, यदि यूरोप कमजोर पड़ता है, तो चीन आर्कटिक में स्थायी आर्थिक रणनीतिक उपस्थिति बना सकता है।

उल्लेखनीय है कि चीनी %पोलर सिल्क रोड% उसके %बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव% (बीआरआई) का आर्कटिक संस्करण है, जिसका उल्लेख उसने %चीनी आर्कटिक नीति श्वेत पत्र 2018% में किया था। यहां यह प्रश्न भी उभरकर आता है कि कहीं इसी का भय दिखाकर तो ट्रंप यूरोप को दबाव में नहीं लेना चाहते हैं? या फिर वह अपनी धमकियों के जरिये चीन के लिए एक अवसर तो निर्मित नहीं कर रहे? वैसे ट्रांस-अटलांटिक गठबंधन अब पतन के सबसे निचले बिंदु तक पहुंच चुका है, इतना कि किसी दिन बिखर भी सकता है। आज अमेरिका नाटो के सदस्य डेनमार्क से उसका एक भू-भाग छीनने का प्रयास कर रहा है और यूरोप अलर्ट मोड पर है। यूरोपीय देश ग्रीनलैंड में सेनाएं भेजकर आर्कटिक सुरक्षा के नाम पर अपनी प्रतिक्रिया भी दे चुके हैं। ट्रंप भले ही इसे यूरोपीय देशों, विशेषकर फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन का %अत्यंत खतरनाक खेल% बता रहे हों, पर यह ट्रांस-अटलांटिक में आती हुई दरार का दृश्यांकन है। शह और मात का जो खेल अभी तक झुकने और उठने तक ही सीमित था, अब परिणाम के निकट पहुंच चुका है। अब देखना है कि यूरोपीय देश इसे स्वीकार कर %प्रेज डिप्लोमेसी% (प्रशंसा की कूटनीति) की परंपरा का अनुसरण करेंगे या फिर तन कर खड़े हो जाएंगे? या प्रतीक्षा करेंगे कि ट्रंप वैसे धमकियों तक ही सीमित रहेंगे या फिर जवाबी कार्रवाई होगी? पश्चिमी गठबंधन, जिसमें नाटो भी शामिल है, पूरी तरह से विघटित होगा या पुनर्निर्मित ? इस पर अभी कुछ कहना मुश्किल है। हालांकि, ट्रंप ग्रीनलैंड पर अपने दबाव को बढ़ा रहे हैं। वह कह रहे हैं कि अमेरिका अटलांटिक फाइव के सामूहिक सुरक्षा समझौते से बंधा नहीं है। फिर तो, पश्चिमी गठबंधन के बिखरने की आशंका ज्यादा है। तो क्या अमेरिकी व यूरोपीय सेनाएं ग्रीनलैंड पर आमने-सामने खड़ी हो सकती हैं? देखना होगा कि कौन पहले पीछे हटेगा या आगे बढ़ेगा?

दरअसल, पश्चिमी गठबंधन एक विचार भर नहीं, एक ढांचागत व्यवस्था है, जो सुरक्षा (यानी नाटो), राजनीतिक मूल्यों, आर्थिक साझेदारी और वैचारिक ढांचे (विशेषकर उदार लोकतंत्र) व नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था जैसे स्तंभों पर खड़ी है। सुरक्षा पर एकजुटता इनकी विवशता है, पर वह ऊपरी सतहों पर भी अब पुख्ता नहीं दिख रही, अंदर से तो खोखली हो ही चुकी है।

लोकतंत्र पश्चिमी जगत में भी उदारता का परिचय नहीं दे पा रहा, बल्कि वह संघर्षरत दिखाई दे रहा है और वैचारिक सहमति दरक चुकी है। असल समस्या यहीं से शुरू होती है। अब देखना यह है कि यूरोपीय संघ अपनी ताकत के भरोसे तन के खड़ा होगा या अभी भी व्हाइट हाउस या पेंटागन की ओर देखेगा? सब कुछ इसी पर निर्भर होगा। बहरहाल जो भी हो, दोनों ही स्थितियां एक इतिहास अवश्य लिखेंगी।

दूसरा पहलू

यूं तो जालसाजी के तमाम किस्से सुनने को मिलते हैं, पर कुछ ऐसी भी जालसाजियां होती हैं, जो इतिहास में दर्ज हो जाती हैं।

इतिहास की सबसे अजीब पुरातात्विक जालसाजी

यूं तो जालसाजी और धोखाधड़ी मनुष्य का स्वभाव है, लेकिन कुछ ऐसी भी जालसाजियां होती हैं, जो इतिहास में दर्ज हो जाती हैं। ऐसी ही जालसाजी एक पुरातत्वविद ने एक बौद्ध भिक्षु के साथ की। हुआ कुछ यों कि 1895-96 में बर्मा (आज का म्यांमार) के बौद्ध भिक्षु ऊ मा बौद्ध तीर्थस्थलों की यात्रा पर भारत आए थे। उसी बीच उनकी मुलाकात पुरातत्वविद डॉक्टर एए फ्यूहरर से हुई। वह जर्मनी के पुरातत्वविद थे और उन दिनों नेपाल की तराई में उत्खनन और भगवान बुद्ध से जुड़े स्थलों की खोज कर रहे थे। तथागत के अस्थि अवशेषों को बौद्ध बहुत पवित्र मानते हैं। ऊ मा ने एए फ्यूहरर से कहा कि यदि उन्हें तथागत के अस्थि अवशेष मिलें, तो उनमें से कोई एक उन्हें दे दें, जिनकी स्थापना वह अपने देश में करेंगे। फ्यूहरर ने ऊ मा से वादा किया तथा कुछ समय बाद उन्हें एक दांत का अवशेष भेजा और कहा कि यह उन्हें श्रावस्ती से उत्खनन में मिला है। यह दांत 21 सितंबर, 1897 को भेजा गया। लेकिन जब यह दांत ऊ मा के पास पहुंचा, तो उन्होंने इस पर आपत्ति जताई और इसे बुद्ध का दांत मानने से इन्कार कर दिया। यह एक मोलर दृथ (दाढ़ का दांत) था और आकार में बहुत बड़ा था। ऐसा लगा कि यह किसी घोड़े का दांत था। इस पर उन्होंने आपत्ति की और फ्यूहरर को पत्र लिख कर इसके फर्जी होने की बात कही। फ्यूहरर ने उन्हें पत्र लिख कर आश्वस्त किया कि यह बुद्ध का ही दांत है और उन्होंने उसे उत्खनन में ही पाया है। चूंकि, बुद्ध का शरीर बड़ा था, इसलिए दांत का आकार भी बड़ा है। लेकिन उसे लेकर भ्रम नहीं होना चाहिए। उन्होंने यह भी लिखा कि उन्हें इस दांत के साथ ही एक अभिलेख भी मिला है, जिसमें बताया गया है कि यह दांत सम्राट अशोक ने उपगुप्त को उपहार में दिया था। इसलिए यह दांत सही है। हालांकि, उस समय ऐसा कोई अभिलेख फ्यूहरर को नहीं मिला था, लेकिन सांची और अन्य जगहों पर बाद में ऐसे अभिलेख पाए गए। पर भिक्षु ऊ मा ने फ्यूहरर की बात नहीं मानी और ब्रिटिश अधिकारियों से उनकी शिकायत कर दी और प्रमाण में वे सभी पत्राचार भी प्रस्तुत किए, जो दोनों के बीच हुए थे। यह जांच लखनऊ के तत्कालीन कमिश्नर के सामने गई, जिनके अधिकार क्षेत्र में उस समय हो रहे उत्खनन के काम भी थे। यह पूरा रोचक विवरण पत्रकार और इतिहासकार चार्ल्स एलन ने अपनी पुस्तक द बुद्धा एंड फ्यूहरर में बहुत विस्तार से लिखा है, जिसमें एए फ्यूहरर की कई और जालसाजियां भी उजागर की गई हैं।

ऐसी ही जालसाजी फ्यूहरर नामक पुरातत्वविद ने बौद्ध भिक्षु ऊमा के साथ की, जब उन्होंने बुद्ध के बजाय घोड़े के दांत की तरह दिखने वाला दाढ़ का दांत भेज दिया था।

ऊमा ने फ्यूहरर की इस जालसाजी की शिकायत ब्रिटिश अधिकारियों से की। इतिहासकार चार्ल्स एलन की पुस्तक द बुद्धा एंड फ्यूहरर में भी फ्यूहरर की कई और जालसाजियां उजागर की गई हैं।

इसे जीवन यात्रा के स्थान पर लगाना है...

वीबी-जी राम-जी अधिनियम उत्पादकता और दीर्घकालिक विकास को केंद्र में रखते हुए इस सोच में एक निर्णायक बदलाव का प्रतिनिधित्व करता है। यह परिवर्तन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस विजन से प्रेरित है, जिसमें हर नागरिक के लिए गरिमा, अवसर और सशक्तिकरण को केंद्र में रखा गया है।

मोदी की गारंटी = सशक्त गांव, विकसित भारत

विकसित भारत की दिशा में आगे बढ़ते हुए यह आवश्यक है कि हम समय-समय पर यह आत्ममंथन करें कि हमारी सार्वजनिक नीतियां और संस्थान आज की वास्तविकताओं के अनुरूप काम कर रहे हैं या केवल अतीत की धारणाओं का बोझ ढो रहे हैं। विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम-जी) अधिनियम, 2025 का पारित होना ग्रामीण नीति में ऐसे ही एक नए और आवश्यक परिवर्तन का संकेत है।

दशकों तक हमारे गांवों को मुख्यतः अभाव और संकट के चश्मे से देखा गया। ग्रामीण कल्याण योजनाएं स्थायी समृद्धि के मार्ग के रूप में न रह कर प्रायः अस्थायी राहत तक सीमित रहीं। वीबी-जी राम-जी अधिनियम उत्पादकता और दीर्घकालिक विकास को केंद्र में रखते हुए इस सोच में एक निर्णायक बदलाव का प्रतिनिधित्व करता है। यह परिवर्तन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस विजन से प्रेरित है, जिसमें हर नागरिक के लिए गरिमा, अवसर और सशक्तिकरण को केंद्र में रखा गया है। साथ ही, केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के ग्रामीण भारत के गहरे अनुभव ने यह सुनिश्चित किया है कि यह सुधार कागजी नहीं, बल्कि जमीन पर उतरने वाला हो। पूर्ववर्ती ग्रामीण रोजगार गारंटी ढांचे ने आय-सहायता प्रदान करने में भूमिका तो निभाई लेकिन लगभग दो दशकों के अनुभव भवन ने कुछ कुछ ऐसी ऐसा संरचनात्मक सीमाएं भी उजागर कीं, जिन्हें



नजरअंदाज करना संभव नहीं था। पहले के ढांचे में परिसंपत्ति निर्माण बिखरा और अल्पकालिक रहा, जिसका गांवों की दीर्घकालीन विकास जरूरतों से सीधा जुड़ाव नहीं बन पाया। प्रशासनिक कमजोरियों के कारण फर्जी जॉब कार्ड, फर्जी लाभार्थी और बड़े-चढ़े मस्टर रोल जैसी समस्याएं सामने आईं। मजदूरी भुगतान में देरी से श्रमिकों का भरोसा कमजोर हुआ और रोजगार गारंटी का मूल उद्देश्य प्रभावित हुआ। लगातार किए गए ऑडिटों में यह स्पष्ट रूप से सामने आया कि पुरानी व्यवस्था की अंतर्निहित डिजाइन संबंधी कमियों के कारण गंभीर अनियमितताएं उत्पन्न हो रही थीं। इन अनुभवों ने यह स्पष्ट कर दिया कि बदलती जमीनी वास्तविकताओं के अनुरूप सुधार अब विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता बन चुका था। यूपीए सरकार में मनरेगा के तहत जहां केवल 1,660 करोड़ व्यक्ति-दिवस का रोजगार सृजित हुआ, वहीं 2014-2026 के बीच यह संख्या 80 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि के साथ बढ़कर 3,210 करोड़ हो गई। साथ ही केंद्र सरकार द्वारा जारी धनराशि 2.13 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 8.54 लाख करोड़ रुपए और पूर्ण किए गए कार्यों की संख्या 1.53 करोड़ से बढ़कर 8.62 करोड़ हुई। इसका प्रत्यक्ष प्रभाव गरीबी में आई ऐतिहासिक गिरावट में भी दिखाई देता है। जहां 2011-12 में गरीबी दर 25.7 प्रतिशत थी, वहीं 2023-24 में यह घटकर लगभग 4.86 प्रतिशत रह गई है। वीबी-जी राम-जी अधिनियम, 2025 ग्रामीण रोजगार नीति को अस्थायी राहत से निकालकर संरचित, उत्पादकता-आधारित विकास की दिशा में ले जाता है। सबसे पहले, यह रोजगार गारंटी को मजबूत करता है। प्रत्येक ग्रामीण परिवार के लिए वैधानिक रोजगार की सीमा 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन कर दी गई है, जिससे आय सुरक्षा और अधिकार दोनों सुदृढ़ होते हैं। दूसरा, यह अधिनियम कृषि चक्र का सम्मान करता है। बुवाई और कटाई के चरम समय में 60 दिनों का कार्य-विराम अनिवार्य कर यह सुनिश्चित किया गया है कि रोजगार सहायता खेती का पूरक बने, प्रतिस्पर्धी नहीं। तीसरा, यह अधिनियम अनिश्चित और विलंबित भुगतानों के दौर का अंत करता है। अब साप्ताहिक अथवा अधिकतम पंद्रह दिनों के भीतर भुगतान अनिवार्य किया गया है, और देरी की स्थिति में स्वतः मुआवजे का प्रावधान है। चौथे, 60:40 के केंद्र-राज्य वित्तीय मॉडल के माध्यम से सहकारी संघवाद को मजबूती दी गई है, जिससे राज्यों की भागीदारी बढ़ेगी और योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन एवं जवाबदेही सुनिश्चित होगी। वहीं, असम सहित सभी पूर्वोत्तर और हिमालयी राज्यों के लिए 90:10 की वित्तीय व्यवस्था इन क्षेत्रों की विशिष्ट भौगोलिक परिस्थितियों और विकासात्मक चुनौतियों के प्रति केंद्र सरकार की संवेदनशीलता को दर्शाती है। अंततः, यह अधिनियम चार स्पष्ट विकास क्षेत्रों- जल सुरक्षा, मुख्य ग्रामीण अवसंरचना, आजीविका-संबंधी परिसंपत्तियां और जलवायु सहनशीलता को परिभाषित करता है। इससे बिखरे और अल्पकालिक कार्यों के स्थान पर योजनाबद्ध परिसंपत्तियां बनेंगी। जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है, विकसित भारत के निर्माण के लिए भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सशक्त होना जरूरी है। इसी दृष्टि को नीति और व्यवहार में साकार करने का प्रयास वीबी-जी राम-जी अधिनियम, 2025 के माध्यम से किया गया है। यह अधिनियम दर्शाता है की ग्रामीण अर्थव्यवस्था राष्ट्रीय विकास की परिधि में नहीं, बल्कि उसके केंद्र में है। विकसित भारत ङ2047 की ओर बढ़ते हुए यह सुधार सुनिश्चित करता है कि हमारे गांव विकास के केवल दर्शक न रहें, बल्कि आत्मविश्वासी, आत्मनिर्भर और सशक्त साझेदार बनकर राष्ट्र के भविष्य को आकार देने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

-पवित्र माझींटा

(केंद्रीय विदेश राज्य एवं वस्त्र राज्य मंत्री)

मुद्दा

आखिर इस मर्ज की दवा क्या है

सरकार और समाज के सामूहिक प्रयासों से ही सड़कों पर आक्रामक आवारा कुत्तों की गंभीर समस्या से निपटा जा सकता है।

पुराने लखनऊ निवासी रामचरन घर से निकलकर चौराहे के मोड़ तक पहुंचे ही थे कि कुत्तों का झुंड उनके पीछे लपका। रामचरन आज असमंजस में थे। पीढ़ियों से उनका परिवार कुकुर, गैया, चिरैया के भरण-पोषण की चिंता करते आ रहा है, अब सुप्रीम कोर्ट का यह दो टूक फरमान उनकी आंखों के सामने तैर गया कि अगर कुत्तों से ज्यादा मोहब्बत है, तो अपने घर में रखो, खबरदार जो सड़क या चौराहे पर खाना-पीना दिया तो। अब उन्हें फिक्र हो रही है कि आगे से कहीं गाय-कुत्ता को रोटी (अग्राशन) खिलाने उन्हें कांजी हाउस या कुत्तों की जेल न जाना पड़े।

वहीं, तेलंगाना के याचाराम गांव में करीब सौ कुत्तों को जहर देकर मार दिया गया। एक पखवाड़े के भीतर राज्य में करीब 500 आवारा कुत्तों को मारा जा चुका है। स्ट्रे एनिमल फाउंडेशन ऑफ इंडिया से जुड़े एक कार्यकर्ता ने थाने में रिपोर्ट लिखाई है। इससे पहले हनमकोंडा व कामारेड्डी जिले में सैकड़ों बेजुबानों को मार दिया गया था। पांच सरपंचों पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। भारतीय संस्कृति प्राणिमात्र के कल्याण की बात करती है, पर अब मनुष्य-श्वान के सह अस्तित्व पर संकट है।

जन सुरक्षा (अनुच्छेद 21) और जीव कल्याण के बीच बना संतुलन डगमगा रहा है। आवारा कुत्तों की समस्या अब गली-मोहल्ले से निकलकर संसद व सुप्रीम कोर्ट तक आ पहुंची है। यह सच है कि पिछले कुछ सालों से कटखने कुत्तों की संख्या तेजी से बढ़ी है। सुप्रीम कोर्ट ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए आक्रामक आवारा कुत्तों को आश्रय स्थलों में रखने का निर्देश दिया था। साथ ही, गली-मोहल्लों में कुत्तों को सड़क पर भोजन देने पर रोक की हिदायत दी थी, मगर पशु प्रेमियों को यह फैसला रास न आया और फिर यह मसला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया। आवारा कुत्तों के खिलाफ एकजुट संगठनों की दलील है कि घर-दफ्तर-दुकान से बाहर कुत्तों से कोई भी सुरक्षित नहीं है। पशु कल्याण बोर्ड के आंकड़े बताते हैं कि देश में रोज करीब दस हजार लोगों को लावारिस कुत्ते काट लेते हैं। अपने देश में रेबीज की दर दुनिया भर में सबसे ज्यादा है। केंद्रीय पशुपालन और डेयरी मंत्रालय की तरफ से पिछले साल जारी आंकड़ों पर गौर करें, तो वर्ष 2022 में कुत्तों के काटने के करीब 22 लाख मामले, 2023 में 27.5 लाख, 2024 में 37 लाख मामले दर्ज हुए। केंद्र और राज्य सरकारों के स्तर पर कुत्तों के आबादी नियंत्रण के कार्यक्रम बेकार साबित हुए हैं। इसीलिए, सुप्रीम कोर्ट को राज्यों को भारी मुआवजा के लिए कहना पड़ा। एक पक्ष की जिद है कि सारे आवारा कुत्तों को पकड़कर बाड़े में बंद कर दिया जाए, जबकि दूसरे पक्ष की दलील है कि यह अमानवीय है। ऐसे में, इस पर पूरी संजीदगी और संवेदनशीलता से विचार की जरूरत है कि सरकार व समाज से सामूहिक प्रयासों से ही इस समस्या से निपटा जा सकता है। कमी एक ऐसी नीति की है, जिसमें दोनों की सुरक्षा की व्यवस्था हो। विशेषज्ञों का मानना है कि इस समस्या से निजात पाने का सरल व प्रभावी उपाय आवारा कुत्तों की आबादी को नियंत्रित करना है। इसके लिए विभिन्न राज्यों में टीकाकरण के जरिये कुत्तों का बंध्याकरण करने का कार्यक्रम शुरू किया गया था, पर प्रशासनिक स्तर पर लापरवाही और इच्छाशक्ति के अभाव में यह मुहिम कागजों पर ही दम तोड़ती नजर आ रही है। अपर्याप्त पशु कल्याण बुनियादी ढांचा इस समस्या का मूल कारण है। यही वजह है कि आवारा कुत्तों की संख्या और इन्सानों को काटने की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। अदालत ने सभी राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि वे महत्वपूर्ण स्थानों से आवारा कुत्तों को हटाकर, पशु जन्म नियंत्रण (एबीसी) नियम, 2023 के तहत नसबंदी और टीकाकरण के बाद उन्हें निर्दिष्ट आश्रय स्थल भेजें। लेकिन यह काम इतना आसान नहीं है। बड़े पैमाने पर नसबंदी का अभियान नगर निकायों, पशु अस्पतालों और पशुप्रेमी संगठनों की सक्रिय भूमिका के बगैर संभव नहीं है।

-विजय त्रिपाठी

इंदौर बाजार भाव

इंदौर। एजेंसी। बुधवार को लेवाली से दलहनों में उड़द व तुअर में बाजार बड़त पर रहे। चना पूर्वस्तर पर बना रहा। खाद्य तेलों में व्यापार ठंडा-ठंडा ही रहा। तिलहनों में सोयाबीन बाजार चढ़े। किराना जिंसों में व्यापार सामान्य ही रहा। व्यापारिक सूत्रों के अनुसार उड़द व तुअर में पूछपरख से भावों में 100-200 रू. क्रिंटल तक की तेजी बनी। खाद्य तेलों में व्यापार ठंडा-ठंडा ही रहा। तिलहनों में सोयाबीन 5000-5200 रू. प्रति क्रिंटल पर मजबूत रहे। उधर, किराना जिंसों में व्यापार विशेष का अभाव रहा। भाव इस प्रकार रहे-

किराना- शक्कर 3980-4050, खोपरा गोला 335-375, खोपरा बूरा 4100-6500 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 211-215, ऊंझा हल्का 245-228, मीडियम 232-240, बेस्ट 251-265, हल्दी निजामाबाद 200-225, सांगली 270-275, साबूदाना हल्का 4800-4900, मीडियम 5000-5100, बेस्ट 5100-5200, सच्चा मोती 5300, मोरधन 7200-8200, सौंफ मोटी 101-125, बेस्ट 145-225, एस्ट्रा बेस्ट 275-350, सौंफ बारिक 95-125, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 760-770, गरबल 725-730, मटरदाना 790-810, खसखस अनक्लीन 1300-1350, क्लीन 1500-1550, दालचीनी 220-240, जायफल 815-870, वाद्यान फूल 375-565, शाहजीरा 425, तेजपात 90-97, पत्थर फूल 235-260, जावत्री 1675-2150, नाग केसर 885-925, सौंठ 275-450, धोली मुसली 2175-2250, लौंग 700-750, बेस्ट 780-800, हींग (वनदेवी 751) 3450, पाउच 10 ग्राम 3550, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 100-135, सिंदूर 6600, देशी कपूर 720-770, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरी इलायची शंकर बोल्ड 2750-2900, विरूद्ध नगर 2800-2850, मीडियम 2950-3150, बेस्ट 3200-3350, एक्ट्रा बोल्ड 3350-3450, पानबार 2700, बड़ी इलायची 1475-1575, बेस्ट1825-2050, तरबूज मगज 565-590, काजू (240) 925-960, काजू (320) 850-860, काजू एस. डब्ल्यू 835-840, काजू एस.एस. डब्ल्यू 850-860, काजू जे.एच. 810-820, टुकड़ी 785-795, बादाम मगज 860-900, कैलिफोर्निया 780-795, अखरोट 500-850, बेस्ट 815-850, अखरोट गिरी 1250-1650, जर्दालु 375-475, बेस्ट 550-650, किशमिश कंधारी 500-550, बेस्ट 625-725, इंडियन 375-391, बेस्ट 401-425, चारौली 1650-1750, बेस्ट 1850-1950, मुनक्का 350-650, बेस्ट 800-925, अंजीर 851-1075, मखाना 675-875, बेस्ट 975-1115, खारक 75-85, मीडियम 95-125, बेस्ट 175-275, पिस्ता पिशोरी 2850-2900, कंधारी 2350, नमकीन पिस्ता 875-1075, गेहूँ आटा 1820, मैदा कट्टा 1850, रवा कट्टा 1880, बेसन 4675 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 2600-2700, (160) 2700-2800, (200) 3000-3200, (250) 3400-3500

तेल- सींगदाना 1660-1680, मुम्बई 1690, राजकोट तेलिया 2605, सोया साल्वेंट 1300-1310, सोया रिफाईंड 1360-1370, कपास्या 1320, धूलिया 1330, कड़ी 1330,

रात की धारणा- गुजरात लुज 1700, मुम्बई पाम 1300, मुम्बई सोया 1390,

खली- कपास्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 2350, देवास-उज्जैन 2350, खंडवा-बुरहानपुर 2225, अकोला 3600 (प्रति क्रिंटल)

तिलहन- सरसो 7000-7200, रायडा 6300-6500, सोयाबीन 5000-5200, टोली (महुआ बीज) 4400-4600, करंज 4400-4500, अलसी 6800-7000, अरंडी 4500-4700, तिल्ली पुरानी 6500-7000, तिल्ली नई 7200-7500,

दलहन- चना काटेवाला बेस्ट 5900-6000, एवरेज 5200-5400, डंकी चना 5000 से 5200, विशाल 5600-5625, काबुली डॉलर 8200-8500, मसूर बेस्ट 5600-5700, एवरेज 5400-5500, मूंग देशी 7800-7900, पाला 7900-8000, चमकी 8000-8100, नायलोन 8000-8100, तुअर निमाड़ी बेस्ट 7900-8000, एवरेज 7700-7800, हल्की 7500-7600, तुअर महाराष्ट्र 7700-8000, उड़द बेस्ट 8400-8500, एवरेज 8200-8300, शंकर 8000-8100, हल्की 7900-8000,

दाल- चना दाल एवरेज 7100-7300, मीडियम 7400-7500, बोल्ड 7700-8000, तुअर दाल सवा नं. 8400-8800, तुअर दाल फूल 10500-10800, तुअर दाल बोल्ड 11500-11700, मसूर दाल एवरेज 7700-7800, बेस्ट 7900-8100, मूंग दाल 9100-9200, बोल्ड 9500-9700, मूंग मोगर 9300-9400, बोल्ड 9700-9800, उड़द दाल 8500-8600, बोल्ड 8700-8900, मोगर 9800-10000, बोल्ड 10100-10200,

अनाज- गेहूं मिल क्वालिटी 2625-2650, लोकवन 2800-2850, (147) 2600-2650, बेस्ट 2650-2800, मालवराज 2650-2675, पूर्णा 2750-2800, चन्दौसी 3000-3800, ज्वार देशी 2400-2550, मक्का पीली 2275-2300,

चावल- चावल हंसा सफेद 2900-3150, सेला 3500-3800, परमल 3400-3500, दुबराज 4500-4700, राजभोग 7000-7200, काली मुंछ 8500-8800, बासमती दुबार 8000-8500, मीनी दुबार 7000-7500, मोगरा 4500-6000, तिवार 9500-10000, बासमती (921) 12000-13000, बासमती सेला 7500-9500, पोहा 4800-5300,

मावा- इन्दौर 360, उज्जैन 280, रतलाम 300 रू. प्रति किलो।

इंदौर सर्राफा बाज़ार

इन्दौर। एजेंसी। बुधवार को स्थानीय सराफा बाजार में व्यापार की मात्रा कम ही रही। किन्तु विदेशी बाजारों की अगुवाई में दोनों ही मूल्यवान धातुओं में बाजार उछल गये। भाव इस प्रकार रहे-

चाँदी (9999) 357500, चाँदी (99) 356500, टंच 355000, सिक्का 3500, सोना 10 ग्राम 171500,

रुपया गिरावट पर बंद

मुंबई। एजेंसी। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को भारतीय रुपय 26 पैसे की गिरावट के साथ ही 91.94 पर बंद हुआ। शुरुआती कारोबार में 11 पैसे चढ़कर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 91.57 पर पहुंच गया। अमेरिकी डॉलर में गिरावट और भारत-यूरोपीय संघ के ऐतिहासिक समझौते से रुपये को मजबूती मिली। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिकी डॉलर सूचकांक में नरमी और यूरोप के साथ लंबे समय से प्रतीक्षित व्यापारिक समझौता होने से मिली राहत के कारण रुपया मजबूती के साथ खुला। अंतरबैंक विदेशी विनिमय मुद्रा बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 91.60 पर खुला। फिर कुछ बढ़त हासिल करते हुए 91.57 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 11 पैसे की बढ़त दिखाता है।

शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

मुम्बई। एजेंसी। भारतीय शेयर बाजार बुधवार को बढ़त पर बंद हुआ। बाजार में ये तेजी दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीदारी हावी होने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 487.20 बढ़कर 82,344.68 पर बंद हुआ, जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 167.35 अंक ऊपर आकर 25,342.75 पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौर शीर्ष 30 शेयरों में से केवल 8 शेयर ही नीचे आये। वहीं बचे हुए 22 शेयरों में बढ़त रही। आज बीईएल के शेयर सबसे ज्यादा 8.90 फीसदी बढ़कर 453 रुपये पर पहुंच गए। वहीं इटरनल के शेयर 5 फीसदी चढ़कर 266 रुपये पर आ गए। बजाज फाइनेंस, फिनसर्व, ट्रेंट और पावरग्रिड शेयरों में भी तेजी रही। दूसरी ओर मारुति सुजुकी, सनफार्मा, इंफोसिस, एयरटेल के शेयर नीचे आये। आज कारोबार के दौरान मिड और स्मॉलकैप शेयरों में तेजी रही। निफ्टी मिडकैप 100 में 954 अंकों की बढ़त जबकि निफ्टी



स्मालकैप 100 में 371 अंकों की तेजी रही। आज बाजार पूंजीकर 453.67 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 459.64 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। जिससे करीब 6 लाख करोड़ का लाभ निवेशकों को हुआ है। बाजार जानकारों के अनुसार शेयर बाजार में तेजी का सबसे बड़ा कारण भारत और यूरोपीय यूनियन के बीच व्यापार करार रहा है जिससे निवेशकों में उत्साह का माहौल है। माना जा रहा है कि इस समझौते से निर्यात आधारित सेक्टरों को आगे चलकर फायदा मिल सकता है। इससे पहले आज सुबह बाजार ने मजबूती के साथ कारोबार की शुरुआत की। सेंसेक्स 81,892 अंक पर खुला और शुरुआती कारोबार में इसमें तेजी देखने को मिली। वहीं निफ्टी-50 भी मजबूती के साथ 25,258 अंक पर खुलने के बाद यह 181.40 अंक की बढ़त लेकर 25,356.80 पर ट्रेड कर रहा था। वहीं एशियाई बाजारों में मिला-जुला रुख देखने को मिला। जापान का निक्केई 225 इंडेक्स 1.43 प्रतिशत गिरा, जबकि दक्षिण कोरिया का कोस्पी इंडेक्स 1.48 प्रतिशत चढ़ा। ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी/एएसएक्स 200 इंडेक्स लगभग सपाट रहा। अमेरिकी बाजारों में मंगलवार को भी मिश्रित कारोबार हुआ। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.41 फीसदी बढ़कर रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ, जबकि नैस्डैक कंपोजिट 0.91फीसदी चढ़ा।

पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कई शहरों में बदलाव

यूपी के गौतमबुद्ध नगर में पेट्रोल 2 पैसे, डीजल 3 पैसे प्रति लीटर महंगा

नई दिल्ली। एजेंसी। सरकारी तेल कंपनियों ने बुधवार को सुबह 6 बजे देशभर में पेट्रोल और डीजल की नई कीमतें लागू कीं। कीमतों का निर्धारण अंतरराष्ट्रीय तेल की दर, डॉलर-रुपया विनिमय, टैक्स और डीलर मार्जिन के आधार पर किया जाता है। ईरान संकट और खाड़ी देशों में तनाव के चलते ब्रेंट क्रूड की कीमत लगभग 68 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई 62.49 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गई। इसके परिणामस्वरूप पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों में बढ़ोतरी हुई। ब्रेंट क्रूड की कीमतों में करीब 2 डॉलर प्रति बैरल की तेजी आई, जिससे सरकारी तेल कंपनियों की ओर से पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों में भी बढ़ोतरी हुई। वर्तमान में ब्रेंट क्रूड का भाव लगभग 68 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई का भाव 62.49 डॉलर प्रति बैरल है। देश के अलग-अलग शहरों में ईंधन की कीमतें थोड़ी भिन्न हैं। यूपी के गौतमबुद्ध नगर में पेट्रोल 2 पैसे बढ़कर 94.90 रुपये लीटर और डीजल 3 पैसे बढ़कर 88.01 रुपये लीटर पर पहुंच गया। गाजियाबाद में पेट्रोल 17 पैसे बढ़कर 94.75 रुपये और डीजल 19 पैसे बढ़कर 87.86 रुपये पर बिक रहा है। वहीं, पटना में पेट्रोल 13 पैसे गिरकर 105.47 रुपये लीटर और डीजल 12 पैसे बढ़कर 91.71 रुपये लीटर हो गया।



वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में 16वें वित्त आयोग की सिफारिशें की जाएंगी शामिल

16वें वित्त आयोग की रिपोर्ट के आधार पर आगामी बजट में वित्तीय आवंटन तय होगा

नई दिल्ली। एजेंसी। आगामी बजट में 16वें वित्त आयोग की सिफारिशें शामिल होंगी जिसने पहले ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। आयोग के अध्यक्ष नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया हैं। अन्य सदस्य एनी जॉर्ज मैथ्यू, मनोज पांडा, सौम्या कांति घोष और आरबीआई के डिप्टी गवर्नर टी रबी शंकर हैं। आयोग के सचिव ऋत्विक पांडे ने भी रिपोर्ट तैयार करने में भूमिका निभाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को भी रिपोर्ट की प्रति दी गई है। 16वें वित्त आयोग को एक संवैधानिक निकाय के रूप में केंद्र और राज्यों के बीच वित्तीय संबंधों का संतुलन बनाए रखना है। आयोग ने अपनी सिफारिशें 1 अप्रैल 2026 से शुरू होने वाली पांच साल की अवधि को ध्यान में रखते हुए तैयार की हैं। इसमें राज्यों को केंद्र के करों का वितरण, अनुदान सहायता, आपदा प्रबंधन और अन्य वित्तीय प्रावधानों की समीक्षा शामिल है। 15वें वित्त आयोग ने राज्यों को केंद्र के विभाज्य करों का 41 प्रतिशत हिस्सा देने की सिफारिश की थी। इसमें भार का वितरण जनसंख्या, क्षेत्रफल, जनसांख्यिकीय प्रदर्शन, वन आवरण और राजकोषीय प्रयासों के आधार पर किया गया था। 14वें आयोग ने राज्यों के हिस्से को 32 प्रतिशत से बढ़ाकर 42 प्रतिशत किया था। केंद्र और राज्यों, खासकर विपक्षी दलों द्वारा शासित राज्यों के बीच करों के वितरण को लेकर अक्सर विवाद रहा है। दक्षिणी राज्यों ने जनसंख्या आधारित वितरण के मानदंड पर आपत्ति जताई है, क्योंकि उन्होंने जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित किया है, फिर भी उन्हें उनका उचित हिस्सा नहीं मिल रहा। 16वें वित्त आयोग की सिफारिशें आगामी बजट में वित्तीय फैसलों को दिशा देंगी और राज्यों के बीच वित्तीय संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

आज का राशिफल



मेष- आज का दिन आपके लिए तनावग्रस्त रहने वाला है। बेवजह की भागदौड़ रहने से आप परेशान रहेंगे। आप किसी की कही सुनी बातों को लेकर परेशान न हो। यदि आपने किसी नए वाहन की खरीदारी की प्लानिंग की हैं, तो उसमें आपको थोड़ा सतर्क रहना होगा। आप किसी काम को लेकर दूसरे पर डिपेंड ना रहे। कोई पुरानी बीमारी उभरेगी, जो आपकी मुश्किलों को बढ़ाएगी।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए मौसम मस्ती भरा रहने वाला है। आपकी कुछ नया करने की आदत रंग लाएगी और आपके नए मित्र भी बनेंगे, लेकिन खर्चों के कारण आपकी पॉकेट बढ़ेगी, जिससे आप अपने संचय धन को भी काफी हद तक समाप्त कर देंगे। अविवाहित जातकों के जीवन में किसी नए मेहमान की दस्तक हो सकती है। किसी को नई नौकरी की प्राप्ति होने से आपका मन काफी खुश रहेगा। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह ना बोले।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए वाणी व्यवहार पर संयम रखने के लिए रहेगा, क्योंकि यदि आप किसी सामाजिक कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे, तो उसमें आपकी कोई बात बुरी लग सकती है, जिससे आपके शत्रु ही उत्पन्न होंगे। ऑनलाइन शॉपिंग कर रहे हैं, तो थोड़ा सावधानी बरतें, क्योंकि आपके साथ कोई फ्रॉड हो सकता है। यदि किसी प्रॉपर्टी के खरीद फरोख्त की योजना बनाई है, तो उसके चल व अचल पहलुओं को स्वाधीनता से जांच ले।

कर्क- आज का दिन सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप यदि परिवार में किसी सदस्य को कोई जिम्मेदारी देंगे, तो वह उस पर खरे उतरेंगे। किसी दूर रह रहे परिजन से आपको कोई शुभ सूचना सुनने को मिल सकती है। आपको अपनी मेहनत पर भरोसा करके कामों को करना होगा। कोई पुराना लेनदेन आपके लिए समस्या बन सकता है। परिवार में वरिष्ठ सदस्यों की बात आपके दिल को छूएगी। किसी नए वाहन की खरीदारी की आप योजना बनाएंगे।

सिंह- आज का दिन आपके लिए मन मुताबिक लाभ दिलाने वाला रहेगा। आपको अपनी सेहत पर पूरा ध्यान देना होगा और विद्यार्थी पढ़ाई-लिखाई को लेकर थोड़ा स्ट्रीक्सनेस दिखाएं, नहीं तो लापरवाही से उनकी समस्याएं बढ़ेंगी। आप दिल से लोगों का भला सोचेंगे, लेकिन लोग इसे आपका स्वार्थ समझ सकते हैं। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। आप काम को लेकर नई-नई ऊंचाइयों को छोड़ेंगे और जीवनसाथी आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर साथ देंगे।

कन्या- आज आप अपने मन में चल रही उलझनों को लेकर अपनी माता जी से बातचीत करेंगे, जिससे आपके मन का बोझ भी थोड़ा कम होगा। वाहन चलाते समय थोड़ा सावधानी बरतें, क्योंकि कोई दुर्घटना होने की संभावना है। आप जीवनसाथी के लिए कुछ नए कपड़े ज्वेलरी आदि लेकर आ सकते हैं और आप अपने राजनीतिक करियर में अच्छा मुकाम हासिल करेंगे, जिससे परिवार के सदस्य आपके लिए कोई सरप्राइज पार्टी प्लान कर सकते हैं।

तुला- आज का दिन आपके लिए, किसी शुभ व मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए रहेगा। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा और आपको अपनी मेहनत का पूरा फल मिलेगा। कोई विरोधी आपको परेशान करने की कोशिश कर सकता है। आपकी मेहनत का आपको पूरा फल मिलेगा। धन को लेकर यदि आपका कोई काम रुका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए कुछ नया करने के लिए रहेगा। आपके मन में काम को लेकर नई-नई आईडिया आएंगे ,जिन्हें आप बिजनेस में तुरंत लगाए। विदेशों से व्यापार कर रहे लोगों को भी कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती हैं। आपकी कुछ नए लोगों से मुलाकात होगी। आपको अपने पिताजी की कोई बात बुरी लग सकती है, लेकिन फिर भी आप कुछ नहीं कहेंगे।

धनु- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी किसी बात को लेकर जीवनसाथी आपसे नाराज हो सकती हैं। आपको अपनी इनकम को लेकर थोड़ा एहतियात बरतनी होगी। विद्यार्थियों को बौद्धिक व मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा और अध्यापक पढ़ाई लिखाई में उनकी पूरी मदद करेंगे।

मकर- आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती हैं। आप उन्नति की राह पर आगे बढ़ेंगे और अपने रहन-सहन के स्तर में सुधार लाएंगे। आपका कोई काम यदि लंबे समय से अटका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है। आपको अपनी शारीरिक समस्याओं को नजरअंदाज नहीं करना है।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। घूमने फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी और आपको कोई काम को लेकर कार्यक्षेत्र में वाद विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, इसलिए आप छोटो की गलतियों को बड़प्पन दिखाते हुए माफ करें।

मीन- आज आपको अपने बिजनेस को लेकर कुछ समस्याएं आएगी, जिनको लेकर आप परेशान रहेंगे। आपको अपने कामों में किसी दूसरे से सलाह लेने से बचना होगा। सरकारी कामों को पूरा करने की आप पूरी कोशिश करेंगे। आपको अपने वैवाहिक जीवन पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। कोई पुराना मित्र आपसे लंबे समय बाद मिलने आ सकता है।

शब्दजाल - 8154

शब्द जाल में सर्वाधिक पढ़े जानेवाले 10 समाचार पत्रों के नाम ढूंढिए.नाम ऊपर से नीचे व तिरछे हैं.

दैनिक भास्कर, दैनिक जागरण,ईनाडू, मलयाला मनोरमा, डेली थांथी,अमर उजाला, लोकमत, मातृभूमि, हिंदुस्तान, टाईम्स ऑफ इंडिया

ट	य	ई	म्स	ऑ	फ	इ	ड	िया	र	प	द	े
ई	हिं	दु	स्ता	न	डे	ने	ग	ते	मा	नि
स	द	म	ला	मा	ग	अं	ड	े	ह	दै	क
जी	ग	ल	ई	ना	दू	स	ली	ह	नि	जा
लो	अ	या	र	न	न	मे	थां	क	क	ग
ल	क	ला	त	अ	प	क्ष	थी	ह	भा	र
लो	क	म	त	व	म	ला	र	मा	स्क	ण
र	मा	नो	व	न	प	र	रा	ल	र	ला
क	तृ	र	अ	ल	ंका	र	उ	न	जू	दे
र	भू	मा	मा	न	सिं	ब्रा	स्ट	जा	प	श
बां	मि	ल	प	रु	स	स	त्ता	प	ला	र

शब्दजाल - 8153 का हल

म	अ	मु	न	फि	ल्लु	ने	ज	न	ल	ढ
य	ति	ली	प	दै	त्र	स	द	ज	कां	इ
द्यु	ति	ष	ब	दी	ष	को	अ	व	ील	क
इं	जी	न	व	बा	से	ल	ल	ल	ल	क
हि	अ	मा	स	भ	या	न	र	क	ल	ब
बा	त	ने	जं	जी	र	ली	वी	प	ध	र
र	ज	नि	ज	ली	स	ग	स	ब	व	त
क	ठ	ड	ई	ड	ब	क	ल	क	ल	क
स	म	तु	ला	उ	म	स	या	जी	र	अ
क	जं	त	प	ति	जी	त्र	ला	ष	द	र
क	ड	आ	ड़	क	र्त	व्य	व	त	म	

फिल्म वर्ग पहेली - 7098



ऊपर से नीचे:-

१. 'हैसे हैसे' गीत वाली कमल हासन, खीना, मनीषा की फिल्म-३
२. अमिताभ, शाहरुख, उदय चोपड़ा, ऐश्वर्या, किम शर्मा, प्रीति की फिल्म-४
३. 'आजा आजा गिव मी ए' गीत वाली सलमान, रेवती की फिल्म-२
५. 'दिल क्यों धड़कता है' गीतवाली फिल्म-३
६. 'सुनिये तो रुकिये तो' गीत वाली शाहरुख, जूही चावला की फिल्म-२,२
८. फिल्म 'मर्दे वाली गाड़ी' में नायक-२
११. मिथुन, आदित्य, रेखा की 'मेरा नाम बिल्लू' गीत वाली फिल्म-३
१३. 'अभी साँस लेने की' गीत वाली सलमान, सनी, कश्मिरा की फिल्म-२
१५. सनी, मीनाक्षी, ममता की 'कोई जाए तो ले' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'मैं सपनों की रानी' गीत वाली राजेश खन्ना, शर्मिला की फिल्म-४
१७. मिथुन, अतुल, पूजाभट्ट की 'तेरे बिन मैं कुछ' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'जीवन के सफर में राही' गीत वाली देवआनंद, नूतन की फिल्म-४
१९. 'कभी हाँ कभी ना' में सुचित्रा कृष्णमूर्ति के चरित्र का नाम-२
२२. 'सनम तेरी कसम' में नायिका कौन-२
२३. सनी, अमृता की 'तेरी तसवीर मिल गई' गीत वाली फिल्म-३
२४. 'प्यार कोई खेल नहीं' की नायिका-३
२५. 'रुके रुके से' गीत वाली फिल्म जिसमें संजीव, शर्मिला थे-३
२६. फिल्म 'संन्यासी' में नायिका कौन थी-२

बायें से दायें:-

१. ऋषिकपूर, मनीषा की 'दिल की कही ना जाए' गीत वाली फिल्म-४
४. 'मैं नाचूँ बिन घायल' गीत वाली रितिक, करिश्मा, नेहा की फिल्म-२
६. कृतिका, सोनू की 'सुबह सुबह जब खिड़की' गीत वाली फिल्म-२
७. 'तेरी गलियों में ना' गीत वाली अनिल धवन, नीतूसिंह की फिल्म-३
९. फिल्म 'चोरी चोरी' में राजकपूर के साथ नायिका कौन थी-३
१०. फिल्म 'रणभूमि' में ऋषिकपूर के साथ नायिका कौन थी-३
१२. ऋषिकपूर, डिम्पल की 'मैं शायर तो नहीं' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'पिया तू अब तो आजा' गीत वाली फिल्म 'कारवाँ' का नायक-३
१४. प्रशांत, ऐश्वर्या की 'कोलंबस कोलंबस' गीत वाली फिल्म-२
१५. 'बाबा मेरी ये जवानी' गीत वाली मनोज बाजपेयी, तब्बू की फिल्म-२
१६. जैकी, जूही, अमृता की 'गोरिया रे गोरिया रे' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'दम भर जो उधर मुँह फेरे' गीत वाली राजकपूर, नर्गिस की फिल्म-३
२०. धर्मेन्द्र, हेमा की 'ए बी सी डी छोड़ो' गीत वाली फिल्म-२,२
२१. 'बादे' में रितिक की नायिका -३
२३. अमिताभ, मौसमी की 'गाव की यात्रा' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'मेरी जाँ प्यार करो' गीत वाली मिथुन, पद्मिनी, रंजीता की फिल्म-२
२८. शत्रुघ्न, मिथुन, हेमा, अनित राज की 'बचके मेरी जान बचके' गीत वाली फिल्म-४
२९. 'कोई सोने के दिल वाला' गीत वाली देवआनंद, माला की फिल्म-२
३०. 'अगर जिंदगी हो तेरे संग हो' गीत वाली फिल्म-३
३१. 'चंदा ने दी चाँदनी' गीत वाली जीतेंद्र, जयाप्रदा की फिल्म-१

फिल्म वर्ग पहेली - 7097

घ	रौं	ंद	ा	जा	लि	म		आ		
र		मि	ल	न		न	सी	ह	त	
ा	स	नी		व		व			र	
खे	ल		नू	र	ज	हाँ		म	ल	
		मा	धु	री		मी		ऑं	सू	
श	न		ऑ	र	त			म	स्त	
मि		दि	ल			र	खी			
दी		ल		आ	र	जू			आ	
	स	गी	न		वी		जा	गृ	ति	
ह	त्या		न		न	गि	न		श	

शब्द पहेली - 8622

बाएँ से दाएँ

1. लालसा,मांग-3
3. मोटरगाड़ी-4
6. दरवाजे पर दी गई थाप-3
7. माँ की माता-2
8. पार्थिव देह-2
10. संजय दत्त, जैकी श्रॉफ, माधुरी की फिल्म-5
12. स्वदेश, जन्मभूमि-3
15. पाबंदी, रोक-3
17. आश्चर्यचकित होना-5
20. नासिका-2
22. आनेवाला दिन-2
23. समतल-3
24. शमशीर, कृपाण -4
25. फिजूल, व्यर्थ-3

ऊपर से नीचे

2. दुर्जन, बेइमान-5
3. जिसके सिर पर बल न हो, गंजा-3
4. साहूकार, व्यापारी-4
5. जांच, परीक्षण-3
7. माँ के पिता-2
9. लाश-2
11. तरुणी, किशोरी-3
13. कार्यविधि-3
14. बेइज्जत होना-2-3
15. हाथी साधने वाला -4
16. मेहंदी-2
18. ताकत, जोर-2
19. अभिनेत्री-3
21. कमी-3



दैनिक पंचांग

29 जनवरी 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति



ग्रह	स्थिति	लग्नारंभ समय
सूर्य	धनु में	कुंभ 07.36 बजे से
चंद्र	वृष में	मीन 09.09 बजे से
मंगल	धनु में	मेष 10.40 बजे से
बुध	धनु में	वृष 12.20 बजे से
गुरु	मिथुन में	मिथुन 14.18 बजे से
शुक्र	धनु में	कर्क 16.31 बजे से
शनि	मीन में	सिंह 18.47 बजे से
राहु	कुंभ में	कन्या 20.59 बजे से
केतु	सिंह में	तुला 23.10 बजे से

राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक

वृश्चिक 01.25 बजे से **धनु** 03.41 बजे से **मकर** 05.46 बजे से

दिन का चौघड़िया		रात का चौघड़िया	
शुभ	05.54 से 07.22 बजे तक	अमृत	05.40 से 07.11 बजे तक
रोग	07.22 से 08.51 बजे तक	चर	07.11 से 08.43 बजे तक
उद्वेग	08.51 से 10.19 बजे तक	रोग	08.43 से 10.15 बजे तक
चर	10.19 से 11.47 बजे तक	काल	10.15 से 11.47 बजे तक
लाभ	11.47 से 01.15 बजे तक	लाभ	11.47 से 01.19 बजे तक
अमृत	01.15 से 02.43 बजे तक	उद्वेग	01.19 से 02.51 बजे तक
काल	02.43 से 04.11 बजे तक	शुभ	02.51 से 04.23 बजे तक
शुभ	04.11 से 05.46 बजे तक	अमृत	04.23 से 05.55 बजे तक

चौघड़िया शुभमुहूर्त- शुभ्यस्त श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, मध्यम चर, अशुभ उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय को ध्यान रखा गया है, किन्तु वे आकार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

प्रसंगतः श्रेष्ठ कौन

एक संत के पास दो विद्वान आए। दोनों स्वयं को एक-दूसरे से श्रेष्ठ बता रहे थे। उन्होंने संत से अनुरोध किया कि वे तय करें कि दोनों में कौन श्रेष्ठ है। संत ने दोनों की परीक्षा ली तो दोनों ही एक-दूसरे से बढ़कर निकले। उन्हें समझ में ही नहीं आ रहा था कि किसे श्रेष्ठ बताएं। फिर कुछ सोचकर संत बोले, 'अभी तक तो तुम दोनों बराबर हो। लेकिन तुम में से किसी एक को तो श्रेष्ठ सिद्ध करना ही है। इसके लिए तुम्हारी एक और परीक्षा ली जाएगी और जो उसमें उत्तीर्ण होगा वही श्रेष्ठ साबित होगा।' ऐसा कहकर उन्होंने दोनों के पास फल-फूल व अन्य वस्तुएं रख दीं और फिर उनसे कई विषयों पर चर्चा करने लगे। एक प्रश्न पर दोनों ही विद्वान अड़ गए और संत के जवाब को गलत साबित करने लगे। इस पर संत आवेश में आ गए और उन्हें भला-बुरा कहने लगे। उन्हें गुस्से में बोलते देख पहले विद्वान ने स्वयं को काबू में रखा और धीरज से अपना पक्ष रखा। इसके विपरीत दूसरा विद्वान अभाव-शराब बकने लगा। थोड़ी देर बाद उसने अपने आसपास रखे फल-फूल व अन्य वस्तुओं को इधर-उधर फेंक दिया और तोड़ डाला। यहां तक कि वह संत से हाथापाई करने पर उतारू हो गया। यह देखकर संत बोले, 'बस, तुम्हारी परीक्षा खत्म हुई। अब शांत हो जाओ।' दोनों विद्वान चुप हो गए। संत ने कहा, 'इसमें कोई दो राय नहीं है कि तुम दोनों ही ज्ञानी व विद्वान हो किंतु श्रेष्ठ तुम में से यह है।' यह कहकर उन्होंने पहले विद्वान की ओर इशारा किया। यह सुनकर दूसरा विद्वान हैरान हो गया। उसने उससे कहा, 'तुम्हारी सबसे बड़ी कमी यह है कि तुम क्रोध पर नियंत्रण नहीं रख पाते। याद रखो, क्रोधी व्यक्ति कभी अपने ज्ञान का उपयोग नहीं कर पाता। इसलिए ज्ञानी होने के साथ-साथ नम्र और ईमानदार होना भी अनिवार्य है।' यह सुनकर दूसरा विद्वान लज्जित हो गया। उसने संत से क्षमा मांगी।

सूडोकु नवताल- 7407

मध्यम

4			9		6	1		8
6	8							
	1	7	3	8		4		
3	4		6		7			9
5		1	8			2		7
2			5		1		8	4
		3		7	5	8	6	
							9	5
7		6	2		8			1

सूडोकु नवताल -7406 का हल

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में

एक विशेष समुदाय के लोगों ने हिन्दू सम्मेलन में पंहुचकर की गाली गलौज

हिन्दू समाज को लेकर की आपति जनक टिप्पण, हिन्दू समाज के लोग आक्रोशित, विरोध में घोटी नंदोरा बंद



पद्मेश न्यूज. लांजी।

लांजी मुख्यालय सहित विभिन्न ग्रामों में सकल हिन्दू समाज के द्वारा विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसी हिन्दू सम्मेलन कार्यक्रम के अन्तर्गत 27 जनवरी को लांजी क्षेत्र के ग्राम घोटी नंदोरा में देवी मंदिर के समीप देवी चौक में सकल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया था। जहां प्रवक्ताओं के उद्बोधन के पश्चात ग्राम में सहभोज का आयोजन सकल हिन्दू समाज के द्वारा किया गया था। इसी भोज कार्यक्रम में एक विशेष वर्ग समुदाय के लोगो के द्वारा कार्यक्रम के बीच पंहुचकर हिन्दू समाज के लोगो के साथ गाली गलौच की जाकर शांति भंग करने का प्रयास किया गया तथा हिन्दू समाज को लेकर आपत्ति जनक टिप्पणी के भी आरोप इन विशेष वर्ग समुदाय पर लगे हैं। जिसको लेकर हिन्दू समाज के लोग आक्रोशित हुये एवं रात्रि में पुलिस थाना लांजी पंहुचकर 10 लोगो के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कराया गया। साथ ही विरोध प्रदर्शन यही नही थमा दुसरे दिन 28 जनवरी को हिन्दू संगठन के द्वारा ग्राम घोटी नंदोरा में बंद का आव्हान किया गया जहां सभी ने सुबह से लेकर शाम तक अपनी दुकाने प्रतिष्ठाने बंद कर हिन्दू संगठन के द्वारा किये गये बंद का पूर्ण रूप से समर्थन किया गया।

लांजी पुलिस ने 10 नाम जद लोगो के विरूद्ध दर्ज किया अपराध-

हिन्दू समाज के द्वारा आयोजित हिन्दू सम्मेलन में पंहुचकर आपत्तिजनक वार्तालाप करने, शांति भंग करने तथा कार्यक्रम के संबंध अभद्र टिप्पणी करने, सामाजिक गणो से अभद्र व्यवहार करने को लेकर संगठन के सदस्य के द्वारा पुलिस थाना लांजी पंहुचकर संपूर्ण जानकारी दी गई जिस पर लांजी पुलिस के द्वारा अपराध पंजीबद्ध किया गया है। इस संबध में प्रार्थी सामाजिक कार्यकर्ता निवासी घोटी के द्वारा रिपोर्ट लेख करते हुये बताया कि 27 जनवरी को हमारे ग्राम घोटी के देवीचौक में सकल हिन्दू समाज के द्वारा हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया था। जिसमें हिन्दू समाज के वक्ताओं के द्वारा उक्त कार्यक्रम में हिन्दू समाज को जागृत करने हेतू वक्तव्य दिये गये थे। उक्त कार्यक्रम में ग्राम वालेगांव, खुर्शीटोला, सुलसुली, नसकट्टा, नंदोरा, भानुटोला, पौसेरा, कड़ता, धारमारा के ग्रामीण जन उपस्थित हुये थे जो कार्यक्रम शांतिपूर्ण संपन्न हो रहा था कार्यक्रम के दौरान उपस्थित वक्ताओं के संबोधन के उपरांत शाम 5 बजे वापस चले गये थे। इसी दौरान महाप्रसादी भण्डारा का कार्यक्रम प्रारंभ हो चुका था इसी बीच ग्राम घोटी के जाहिर हुसैन, आबिद उर्फ राजा हुसैन, सलमान बेग, आसिफ उर्फ कालू हुसैन, जावेद उर्फ बबलू हुसैन, सादिक हुसैन, अहफाज उर्फ कछ्ञ हुसैन, बबलू वायर मेन, समीनजंहा पति जाहिर हुसैन, खैरूनिशा यह सभी सम्मेलन स्थल पर एक मत होकर आये एवं उपद्रव करते हुये मुझसे तथा सम्मेलन में उपस्थित मेरे अन्य साथी गण व हिन्दू समाज के लोगो से ग्राम घोटी में आयोजित हिन्दू सम्मेलन के आयोजन को लेकर गाली गलौच करने लगे। जो मुझे और मौके पर उपस्थित अन्य समाज जनों को सुनने एवं देखने में बुरी लगी तथा ये सभी लोग हिन्दू धर्म के संबध में आपत्ति जनक शब्दों को प्रयोग करने लगे एवं बोलने लगे की तुम लोग धर्म ठेकेदार बने हुये हो जो गांव में ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर गांव का माहौल खराब कर रहे हो। इन लोगो के उक्त कार्य से मौके पर माहौल आक्रोशित हो गया। इस कथन के आधार पर लांजी पुलिस ने उक्त सभी आरोपी गण जिनमें जाहिर हुसैन, आबिद उर्फ राजा हुसैन, सलमान बेग, आसिफ उर्फ कालू हुसैन, जावेद उर्फ बबलू हुसैन, सादिक हुसैन, अहफाज उर्फ कछ्ञ हुसैन, बबलू वायर मेन, समीनजंहा पति जाहिर हुसैन, खैरूनिशा के विरूद्ध विभिन्न धारा जिनमें 296बी, 351-3, 299, 191-2 के तहत अपराध पंजीबंद्ध कर विवेचना में लिया गया है। वहीं 28 जनवरी को हिन्दू संगठन के द्वारा किये गये बंद के आव्हान में पुलिस व्यवस्था भी नजर आये, सभी चौक चौराहो पर पुलिस बंदोबस्त किया गया था ताकि अन्य किसी भी प्रकार की अप्रिय घटनाऐं घटित ना हो सके। पुलिस व्यवस्था के बीच शांति पूर्ण रूप से बंद सफल रहा।

एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

ग्राम घोटी नंदोरा सहित आस पास के विभिन्न ग्रामो के ग्रामीण जन हिन्दू संगठन के द्वारा 28 जनवरी को जहां बंद का आव्हान किया गया था जिसका पूरा समर्थन ग्रामीण जनों ने किया वहीं संगठन के द्वारा सभी ग्रामो में हिन्दू जागरण वाहन रैली का आयोजन कर दोपहर काल में एसडीएम कार्यालय लांजी पंहुचकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के नाम एक मांग पत्र ज्ञापन सौंपा गया है जिनमें विभिन्न बिन्दु अंकित है। अतिशिघ्र कार्यवाही किये जाने हेतु भी निवेदन किया गया है।

आज विरांगना रानी अवंती बाई स्टेडियम में विशाल रोजगार मेला

पद्मेश न्यूज. लांजी। बालाघाट पुलिस के द्वारा लगातार क्षेत्र मे नवाचार किया जा रहा है। युवा एवं तेज तर्रार पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने जब से बालाघाट पुलिस अधीक्षक का प्रभार संभाला है तब से वे हर किसी क्षेत्र में नवाचार करते आ रहे है। अपराध पर अंकुश लगाने से लेकर नक्सल प्रभावित क्षेत्र तक में उन्होने बालाघाट पुलिस का परचम लहराया है वहीं अब वे क्षेत्र के युवाओं की भी चिंता करते नजर आ रहे है तथा एकल सुविधा केन्द्र के माध्यम से लगातार नक्सल प्रभावित क्षेत्रो सहित विभिन्न थाना क्षेत्र में रोजगार मेले का आयोजन कर रहे है। बालाघाट पुलिस अधीक्षक का प्रयास है कि क्षेत्र के अधिक से अधिक युवक युवतियॉ इन रोजगार मेले का लाभ प्राप्त कर, बडे शहरो में पंहुचकर उन क्षेत्रो को भी जाने तथा अपना और अपने परिवार के पालन पोषण के लिये अनेको रोजगार से जुडे जिसके तहत उनके द्वारा जहां वनांचल क्षेत्र में रोजगार मेले का आयोजन किया जा चुका है तो वहीं अब आज 29 जनवरी को प्रातः 10 बजे से लांजी नगर मुख्यालय स्थित सालेटेकरी मार्ग पर विरांगना रानी अवंती बाई स्टेडियम में एक विशाल रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। इस मेले में प्रमुख से इस रोजगार मेले में देश नामी कंपनियॉ जिनमें, एल एण्ड टी, सीआईआई फाउण्डेशन छिंदवाड़ा, प्रथम फाउण्डेशन जबलपुर अन्य प्रतिष्ठित कंपनियों के प्रतिनिधियों के द्वारा प्रशिक्षण एवं प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर युवाओं को प्रदान किये जायेंगे तथा चयनित युवक युवतियों एवं बालाघाट सहित आस पास के जिलों में रोजगार, नौकरी प्रदान की जावेगी। इस रोजगार मेले में 18 से 35 वर्ष आयु के युवक युवतियॉ जिनकी न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 8 वी पास है वे अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ उक्त रोजगार मेले में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ प्राप्त कर सकते है। रोजगार मेले की अधिक जानकारी के लिये जिला पुलिस बालाघाट से संपर्क किया जा सकता है। बतादे कि यह एक सुनहरा अवसर है क्षेत्र के युवक युवतियों के लिये जो कि अपनी योग्यता के अनुसार उक्त कंपनियों में कार्य कर रोजगार पाकर अपना और अपने परिवार का पालन पोषण कर सकते है। रोजगार मेले का लाभ लेने के लिये क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षा विभाग, अधिकारी कर्मचारी गण, प्राचार्य, सभी ने युवक युवतियों से आव्हान किया है।



एसडीओपी कार्यालय व पुलिस थाना लांजी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गणतंत्र दिवस



पद्मेश न्यूज. लांजी। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कार्यालय लांजी एवं पुलिस थाना लांजी मे 77वॉ गणतंत्र दिवस हर्षोल्हास के साथ मनाया गया। पुलिस थाना लांजी में थाना प्रभारी दीपसिंह परमार एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कार्यालय लांजी में एसडीओपी ओमप्रकाश (भापुसे) के द्वारा ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर उप निरीक्षक दीपसिंह परमार एवं एसडीओपी ओमप्रकाश ने समस्त पुलिस कर्मीयों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाऐं प्रेषित करते हुये पुलिस जवानों से कहा की हमेशा कानून की रक्षा करें, पुलिस की सबसे अहम भूमिका होती है जिसे आप भली भांती जानते है अपने कर्तव्यो का निर्वहन आप सभी पूरी ईमानदारी के साथ करें। अंत में संपूर्ण महकमे को बधाई प्रेषित की इस दौरान सभी उपनिरीक्षक, सहायक उपनिरीक्षक, प्रआरक्षक, आरक्षक, महिला आरक्षक, हॉक फोर्स के अधिकारी कर्मचारी, एसडीओपी कार्यालय के समस्त स्टाफ, पुलिस थाना लांजी का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। अंत मे सभी को स्वल्पाहार करवाया गया।

थाना प्रभारी अपने पुलिस अमले के साथ पंहुचे मैंदटा मनाया गणतंत्र दिवस

पुलिस थाना लांजी में गणतंत्र दिवस के आयोजन के पश्चात लांजी थाना प्रभारी दीपसिंह परमार अपने पुलिस बल के द्वारा क्षेत्र के अतिसंवेदनशील प्रभावित ग्राम मैंदटा पंहुचे जहां नन्हे मुन्हे बच्चो के साथ पुलिस महकमे के द्वारा 77वॉ गणतंत्र दिवस मनाया गया। यह ध्वज फहराने के पश्चात राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत सहित देश भक्ति गीतों की प्रस्तुती बच्चो के द्वारा दी गई जो कि बेहद मनमोहक थी। बतादे कि लांजी पुलिस के द्वारा ग्राम मैंदटा स्थित शासकीय प्राथमिक शाला को गोद लिया गया है जिसके तहत वे शाला के कायाकल्प पर भी कार्य कर रहे है। कार्यक्रम के अंत में लांजी थाना प्रभारी एवं समस्त पुलिस बल के द्वारा उपस्थित छत्र छात्राओं को शिक्षा उपयोगी सामग्री प्रदान कर, मन लगाकर अध्ययन करने की बात कही। आप के द्वारा सभी गणतंत्र दिवस की शुभकामनाऐं प्रेषित की गई इस दौरान ग्राम के गणमान्य जन, शिक्षक शिक्षिकाऐं सामाजिक कार्यकर्ता, वरिष्ठ पत्रकार निशांत बिसेन सहित अन्य जन उपस्थित रहे।

दिव्यांग जन कल्याण संघ भानेगांव द्वारा 77वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया

पूर्व सैनिक होलेस्वर मानकर को किया सम्मानित

पद्मेश न्यूज. लांजी। बालाघाट जिले की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था दिव्यांग जन कल्याण संघ, ग्राम भानेगांव ने 77वें गणतंत्र दिवस (26 जनवरी 2026) को हर्षोल्लास और गरिमापूर्ण ढंग से मनाया।



कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्र के महापुरुषों के छायाचित्रों पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण से हुई। तत्पश्चात् संघ की संरक्षक श्रीमती परमिला देवीचरण ठाकरे ने संघ कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। उपस्थित सभी ने राष्ट्रगान गाकर तिरंगे को सलामी दी। संस्था की गौरवशाली परंपरा के अनुरूप इस वर्ष समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय सेना के सेवानिवृत्त जवान होलेस्वर मानकर (ग्राम कोचेवाही) रहे। संघ के अध्यक्ष तन्मय जगदीश मिश्रा ने मुख्य अतिथि का भव्य स्वागत किया और उन्हें पुष्पगुच्छ, शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर विशेष सम्मानित किया।

कार्यक्रम के दौरान संघ के सचिव रूपेश कुमार कुथे ने अध्यक्ष तन्मय जगदीश मिश्रा का संदेश सभी को सुनाया। संदेश में भारतीय संविधान के प्रति अटूट निष्ठा, दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण, समावेशी समाज निर्माण तथा राष्ट्र निर्माण में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी पर विशेष बल दिया गया। इस गरिमामय अवसर पर उपाध्यक्ष वीरेंद्र ठाकरे, संयुक्त सचिव श्रीमती अनीता उईके, कोषाध्यक्ष कु. सुनीता बिसेन, शिकायत अधिकारी कु. पारुल ठाकरे, श्रीमती प्रमिला पारधी, सुश्री सलिता, राजकुमार बेदरे, प्रेरक जगदीश मिश्रा, श्रीमती केशर उरकुड़े, नरेश कुमार रोकड़े (पूर्व सैनिक), सुरेश कुमार बड़ई, संतोष परते, राधे कृष्ण बढ़ई तथा अन्य पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सांदीपनि विद्यालय बोलेगांव में आयोजित हुआ कैरियर गाइडेंस मेला

पद्मेश न्यूज. लांजी। सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोलेगांव लांजी में दिनांक 27 जनवरी 2026 को कैरियर गाइडेंस मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था प्राचार्य बी आर गुरदे एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती पूजन कर किया गया। जिसमें सिविल अस्पताल लांजी बीएमओ अक्षय उपराडे ने अपने उद्बोधन में छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य विभाग से संबंधित विभिन्न पाठ्यक्रमों की जानकारी प्रदान की। साथ ही पीएम श्री जटाशंकर त्रिवेदी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट के सहायक प्राध्यापक डॉ तारांचद बडबैया ने भी अपने कालेज में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों से छात्र छात्राओं को अवगत कराया एवं जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करने के सजीव उदाहरण प्रस्तुत किए और बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में आने वाले उतार चढ़ाव से ना घबराए और धैर्य पूर्वक अपने लक्ष्य की बढ़े। जीवन में दुर्व्यसनों से जितनी दूरी बना कर रखोगे,जीवन उतना ही सरल एवं सहज होगा। श्री लक्ष्मीकांता कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी लांजी के सहायक प्राध्यापक नरेश अगासे, दीपक धुवारे, राजेश्वर चौहान, दीक्षा करीहे, गायत्री बुढांसाय, साक्षी बैस आदि ने अपने कॉलेज में चलने वाले पाठ्यक्रम,प्रवेश की प्रक्रिया एवं लक्ष्य प्राप्त करने के उपाय बताए। बालाजी आई टी आई लांजी से राम भोंडेकर ने भी अपने उद्बोधन में छात्र छात्राओं को विविध टेक्निकल पाठ्यक्रमों की जानकारी प्रदान की । पाली अकेडमी लांजी से अजीत बोरकर एवं साक्षी बैस ने अपने उद्बोधन में कहा कि छात्र छात्राओं को दसवीं कक्षा से ही अपने भविष्य को लेकर योजना बनाकर पढ़ाई करनी चाहिए,कार्यक्रम के अंत में संस्था प्राचार्य बी आर गुरदे सर ने अपने संबोधन में कहा कि छात्र छात्राओं को अपना लक्ष्य निर्धारित करते हुए ही आगे बढ़ना चाहिए जिससे उनका भविष्य उज्ज्वल होगा। कार्यक्रम में नरेश अगासे प्रशासनिक अधिकारी, दीपक धुवारे सहायक प्राध्यापक, राजेश्वर चौहान सहायक प्राध्यापक, दीक्षा करीहे सहायक प्राध्यापक, गायत्री बुर्डासाय सहायक प्राध्यापक, राम भोंडेकर ट्रेनिंग आफिस बालाजी आई टी आई, विजय धारणे , अजित बोरकर सहायक प्राध्यापक पाली अकेडमी लांजी, साक्षी बैस एवं विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक -शिक्षिकाओ एवं सहायक स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिती रही। संस्था के उपप्राचार्य प्रवीण साहु सर द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक सरोज कुमार पटले द्वारा किया गया।



पीएम श्री शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय, कुम्हारीकला में हुआ वार्षिक उत्सव

पद्मेश न्यूज. लांजी। लांजी क्षेत्र के पीएम श्री शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय, कुम्हारीकला में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा और सांस्कृतिक विरासत की अनूठी झलक पेश की।

विधायक राजकुमार करीहे के मुख्यातिथ्य मे हुआ आयोजन

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लांजी-किरनापुर क्षेत्र के विधायक राजकुमार करीहे रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य दुलीचंद राजनेरी ने की। विशिष्ट अतिथियों के रूप में पूर्व विधायक रमेश दिलीप भटेरे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी पी. के. भीमटे, ग्राम सरपंच श्रीमती राधिका एवं जनभागीदारी अध्यक्ष तेजलाल राजनेरि संदीपनी विद्यालय बोलेगांव के प्राचार्य बी आर गुर्दे एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहझरी के प्राचार्य एम के अवसरे की उपस्थित में सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के पूजन, दीप प्रज्वलन और गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। प्रभारी प्राचार्य कमल किशोर मेश्राम ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए शैक्षणिक व खेलकूद के क्षेत्र में अर्जित उपलब्धियों को साझा किया। सांस्कृतिक समागम- छात्र छात्राओं ने एक से बढकर एक देश भक्ति सहित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। विशेष रूप से बेटी बचाओ और पर्यावरण संरक्षण पर आधारित नाटकों ने दर्शकों को भावुक करने के साथ-साथ जागरूक भी किया। लोकनृत्यों, नाटकों एवं देश भक्ति प्रस्तुतियों ने सभी का मनमोह लिया, उपस्थित जन समुदाय ने सभी छात्र छात्राओं के इस कार्यकुशलता प्रदर्शन को खुब सराहा। प्रतिभाओं का सम्मान- मुख्य अतिथि विधायक राजकुमार करीहे द्वारा सत्र 2024-25 के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित करते हुये कहा कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि ऐसे सांस्कृतिक मंच छात्रों के सर्वांगीण विकास और आत्मविश्वास के लिए मील का पत्थर साबित होते हैं। उन्होंने विद्यालय के अनुशासित वातावरण और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त शिक्षक एवं कार्यालयीन स्टाफ, बड़ी संख्या में अभिभावक और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के शिक्षक गजेंद्र बोपचे एवं प्रकाश श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का गरिमामय समापन किया गया।



लांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबैंड)
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

शासकीय विद्यालयों का परीक्षा परिणाम हुआ बेहतर, बढ़ रहा है नामांकन - मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि युग बदले, सदियां बदलीं पर शिक्षकों का सम्मान कभी कम नहीं हुआ। शिक्षक उस दीपक के समान होते हैं, जो खुद जलकर दूसरों के जीवन को आलोकित करते हैं। शिक्षकगण मदैव सम्मानित थे, हैं और आगे भी रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश के शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि इनके सद्प्रयासों से ही प्रदेश के शासकीय स्कूलों का परीक्षा परिणाम ऐतिहासिक रूप से बेहतर से और बेहतर हुए हैं। बच्चों के प्रवेश, शाला नामांकन दर में भी रिकार्ड वृद्धि हुई है। साथ ही प्रदेश में बच्चों की ड्राप-आउट दर भी शून्य हो गई है। इसमें शिक्षकों का योगदान अतुलनीय है, वंदनीय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय के प्रांगण में मध्यप्रदेश शिक्षक संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश स्तरीय शैक्षिक गुणवत्ता शिक्षक सम्मेलन में कहा कि हमारे सांदीपनि विद्यालय और पीएमश्री विद्यालय शिक्षा की गुणवत्ता के नए-नए मानक स्थापित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सांदीपनि विद्यालयों की सफलता से हम सब अभिभूत हैं। इसलिए प्रदेश में इसी सत्र से 200 नए सांदीपनि विद्यालय खोले जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नई शिक्षा नीति-2020 को लागू करने में मध्यप्रदेश देश के पहले राज्यों में हैं। हम अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए ए.आई., कोडिंग और कौशल आधारित शिक्षा की दिशा में भी तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। इसमें शिक्षकों का बहुमूल्य योगदान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षकों के हित में सरकार ने कोई कमी नहीं रखी है। आगे भी जो कुछ हित लाभ बचा है, वह भी जल्द ही देंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्वलित करने के साथ सरस्वती पूजन कर सम्मेलन का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय की छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में अनेक शिक्षक हितैषी निर्णयों के लिए संघ द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आत्मीय अभिनंदन किया गया।



सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान कर लिया आशीर्वाद

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सेवानिवृत्त व्याख्याता श्रीमती कोकिला सेन, बद्री प्रसाद तिवारी, बृजमोहन आचार्य, देवकृष्ण व्यास, किशनलाल नाकड़ा को सम्मानित किया। श्रीमती कोकिला सेन ने उज्जैन में मुख्यमंत्री डॉ. यादव को भौतिक शास्त्र की शिक्षा दी थी। मुख्यमंत्री ने अपनी गुरु का सम्मान कर उनके चरण छूकर उनका आशीर्वाद लिया। इसी तरह बद्री प्रसाद तिवारी ने नरसिंहपुर में स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह को स्कूल में पढ़ाया था।

कैलेंडर, डायरी और पुस्तिका का किया विमोचन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को सुभाष स्कूल में मध्यप्रदेश शिक्षक संघ की विकास यात्रा पर केन्द्रित प्रदर्शनी का शुभारंभ कर अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के वार्षिक कैलेंडर, हमारा विद्यालय-हमारा तीर्थ नामक पुस्तिका, टेबल कैलेंडर एवं डायरी का भी विमोचन किया।

हर काल में शिक्षकों के मार्गदर्शन में युवा बने महान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वे मन के भावों से शिक्षा पद्धति और शिक्षकों से जुड़े हुए हैं। यह सम्मेलन भाव विभोर कर देने वाला है। एक शिक्षक हमारे अंदर विद्यान प्रतिभाओं को निखारने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व में अपनी एक नई पहचान बना रहा है। हर युग में गुरु और शिक्षकों ने अपने शिष्यों के माध्यम से ही समाज को उसके सभी प्रश्नों/समस्याओं के उत्तर दिलवाए हैं। उन्होंने कहा कि हर काल में मध्यप्रदेश की धरती सौभाग्यशाली रही है। हमारा संबंध भगवान श्रीराम, श्रीकृष्ण से भी जुड़ता है। झाबुआ से निकलकर एक बालक चंद्रशेखर आजाद बनता है। मध्यप्रदेश की धरती पर सम्राट विक्रमादित्य और राजा भोज ने शासन किया। हर काल में युवाओं ने अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में बड़ी-बड़ी भूमिकाएं अदा की हैं।

रायपुर में जुटेगा सर्व समाज : छत्तीसगढ़ को आदर्श राज्य बनाने पर होगा महामंथन

30 जनवरी को सिंधु पैलेस में सम्मेलन, राज्यपाल रमेन डेका करेंगे उद्घाटन; दिग्गज राजनेता व संपादक देंगे मार्गदर्शन

रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आगामी 30 जनवरी को एक ऐतिहासिक बौद्धिक और सामाजिक समागम होने जा रहा है। मसन्द सेवाश्रम के तत्वावधान में आयोजित इस सम्मेलन का मुख्य विषय छत्तीसगढ़ को देश का अनुकरणीय आदर्श राज्य बनाने के उपाय रखा गया है। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मशताब्दी और महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर होने वाले इस कार्यक्रम में सर्व समाज के पदाधिकारी प्रदेश के भविष्य का रोडमैप तैयार करेंगे।

सम्मेलन का उद्घाटन राज्यपाल रमेन डेका करेंगे। आयोजन की अध्यक्षता मसन्द सेवाश्रम के पीठाधीश साईं जलकुमार मसन्द साहिब करेंगे। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं के लिए रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा की अध्यक्षता में एक सशक्त स्वागत समिति का गठन किया गया है, जिसमें व्यापारिक और सामाजिक जगत के दिग्गज शामिल हैं।

दिग्गज राजनेताओं की उपस्थिति

सम्मेलन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। साथ ही, पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री अरुण साव व विजय शर्मा, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत एवं महापौर मीनल चौबे विशेष अतिथि के रूप में सम्बोधित करेंगे।

मीडिया जगत का मार्गदर्शन

बौद्धिक विमर्श के इस मंच पर प्रदेश के प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों के संपादक भी मार्गदर्शन करेंगे। इनमें राजेश जोशी (नवभारत), हर्ष पाण्डेय (दैनिक भास्कर), डॉ. हिमांशु द्विवेदी (हरिभूमि), सतीश चंद्र श्रीवास्तव (नईदुनिया) एवं देवेन्द्र गोस्वामी (पत्रिका) विशेष आमंत्रित वक्ता के रूप में शामिल होंगे। विधायक पुरंदर मिश्रा के नेतृत्व में गठित समिति में अमर पारवाणी, सतीश थौराणी, मुखी मूलचन्द पृथवाणी, महेश दरयाणी और अमर गिदवाणी जैसे नाम शामिल हैं। सिंधी समाज की सभी समाजसेवी संस्थाओं, युवा और महिला शाखाओं को भी आयोजन से जोड़ा गया है। आयोजन समिति ने सम्मेलन से संबंधित जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 9301828747 और 7477058027 जारी किए हैं। मसन्द सेवाश्रम के अनुसार, यह सम्मेलन छत्तीसगढ़ को विकास और सामाजिक समरसता के वैश्विक मानचित्र पर स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगा।

मप्र में डेयरी उद्योगों को बैंक कैसे लगा रहे पलीता

9 माह में 2600 आवेदन, 24 को मिला लोन

भोपाल। मप्र में किसानों की आय बढ़ाने के लिए उन्हें डेयरी उद्योग से जोड़ा जा रहा है। प्रदेश में डेयरी उद्योग को बढ़ाने के लिए राज्य सरकार द्वारा अप्रैल 2025 से शुरू की गई डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना में बैंक बड़ी बाधा बन रही है। राज्य सरकार इस योजना के तहत 33 फीसदी की सब्सिडी पर 42 लाख तक की राशि उपलब्ध करा रही है, लेकिन हितग्राहियों को बैंक से लोन सेंशन कराने में विभाग के पसीने छूट रहे हैं। पिछले 10 माह में इस योजना के तहत बैंकों से सिर्फ दो दर्जन लोगों को ही लोन दिया जा सका है। अप्रैल 2025 से शुरू हुई डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना के तहत राज्य सरकार ने पहले साल 828 हितग्राहियों को लाभ दिए जाने का लक्ष्य रखा था। हालांकि डेयरी खोलने के लिए प्रदेश भर से 2600 से ज्यादा लोगों ने ऑनलाइन आवेदन जमा किए हैं। इनमें 8 जिलों से ही 1244 लोगों ने आवेदन किए हैं। इनमें सबसे ज्यादा रायगढ़ जिले से 296 आवेदन आए हैं। इसके अलावा शाजापुर से 174, मंदसौर से 167, उज्जैन से 132, गुना से 130, अशोक नगर से 119, विदिशा से 118 और सीहोर से 108 लोगों ने आवेदन किए हैं। सबसे कम 1-1 आवेदन अनूपपुर और सिंगरौली से आए हैं। इसके अलावा उमरिया से 4, सीधी से 5, शहडोल से 6, आगर मालवा से 9 और झाबुआ से 9 आवेदन ही आए हैं। पशुपालन विभाग ने एक जिले के लिए अधिकतम 22 से 29 डेयरी आवंटन का लक्ष्य रखा है। ऑनलाइन प्राप्त हुए आवेदनों की स्क्रूटनी के बाद स्टेट लेवल स्क्रूटनी कमेटी भी 652 डेयरी के आवेदनों को अपनी तरफ से हरी झंडी दे चुकी है।

42 जिलों में नहीं हुआ एक भी लोन

उधर स्टेट लेवल स्क्रूटनी कमेटी से 652 डेयरी के प्रस्तावों को लोन की प्रक्रिया के लिए लीड बैंक को भेजे जा चुके हैं। बैंक में पहुंचने के बाद ही प्रस्तावों की गति में ब्रेक लग रहा है। जानकारी के मुताबिक अप्रैल से शुरू हुई योजना के तहत अभी तक मुश्किल से दो दर्जन हितग्राहियों को ही बैंक लोन सेंशन हो पाया है। इनमें सबसे ज्यादा 3 लोन उज्जैन जिले के पास हुए हैं। इसके अलावा सीहोर, विदिशा में 2-2 लोन ही अब तक किए जा सके हैं। प्रदेश के 42 जिलों में एक भी लोन पास नहीं हो सका है। हालांकि बैंकों की धीमी रफ्तार को लेकर विभाग के प्रमुख सचिव ने नाराजगी जताई है। पिछले दिनों उनके द्वारा सभी बैंकों की बैठक भी की जा चुकी है। बताया जा रहा है कि 42 लाख तक का भारी भरकम लोन देने से पहले बैंक संबंधित से इसकी अदायगी पूरी तरह से सुनिश्चित करना चाहती है। हालांकि इसके लिए योजना के लिए जरूरी साढ़े तीन एकड़ भूमि को बैंकों द्वारा बंधक रखा जा रहा है। पशुपालन विभाग के संचालक डॉ. पीएस पटेल कहते हैं कि योजना के लिए हमारे लक्ष्य से ज्यादा आवेदन आए हैं। इसे स्वीकृत कर बैंकों में भेजे जा रहे हैं।

इस तरह मिलता है इस योजना का लाभ

डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना की प्रक्रिया तीन चरणों में पूरी होती है। इस योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक को डॉ.भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना के पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन फॉर्म भरना होता है। यह आवेदन आधार कार्ड नंबर डालने के बाद ही ओपन होता है। इसके बाद आवेदक को अपना पैन कार्ड नंबर, बैंक पासबुक की फोटो कॉपी, भूमि के दस्तावेज, डीपीआर की कॉपी, आवेदक को अपनी फोटो और यदि जरूरी हो तो जाति प्रमाण पत्र अपलोड करना होता है।

किसान अकेला नहीं, हम सब साथ खड़े हैं

अतिवृष्टि से फसलें बर्बाद होने पर पूर्व केंद्रीय मंत्री ने सरकार से की मुआवजा देने की मांग, कहा

भोपाल। मध्य प्रदेश में मौसम अचानक बदल गया है। ठंड के साथ बारिश और ओलावृष्टि हो रही है। जिसकी वजह से किसानों की फसलें बर्बाद हो गई है। इसे लेकर पूर्व केंद्रीय मंत्री ने सरकार से सर्वे कराने और मुआवजा देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि हम सब किसानों के साथ खड़े हैं।

कांग्रेस नेता व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर एक वीडियो शेयर किया हैं। जिसमें उन्होंने लिखा- खरगोन, आगर, गुना और उज्जैन सहित अन्य जिलों में ओलावृष्टि व अतिवृष्टि से किसानों की फसलें बर्बाद हो गईं। किसान की मेहनत, उम्मीद कुछ मिट्टी में मिल गई है। सरकार से मांग है कि तत्काल सर्वे कराकर किसानों को पर्याप्त मुआवजा दिया जाए। किसान अकेला नहीं है, हम सब उसके साथ



खड़े हैं।

20 से ज्यादा जिलों में हुई बारिश

आपको बता दें कि एमपी में ठंड के मौसम में बारिश-ओले का दौर चल रहा है। मंगलवार को उज्जैन, शाजापुर, आगर-मालवा, गुना में ओले गिरे। प्रदेश के 20 से ज्यादा जिलों में बारिश हुई। जिससे कई जगहों पर किसानों की फसलें खराब हो गई। इधर, देवास में हुई ओलावृष्टि पर कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने संज्ञान लिया।

देवास कलेक्टर ने लिया संज्ञान

देवास कलेक्टर ऋतुराज ने फसलों को नुकसान की जानकारी प्राप्त होने पर प्रभावित क्षेत्रों में त्वरित सर्वेक्षण करने के लिए तहसीलदार की अध्यक्षता में एक दल गठित करने के निर्देश दिए हैं। इस दल को राजस्व पुस्तक परिपत्र (आरबीसी) 6-4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा से हुई क्षति का मामला दर्ज करने, पंचनामा तैयार करने, प्रभावित किसानों के आवेदन प्राप्त करने के लिए निर्देशित किया है।

कोयला घोटाला...सौम्या-रानू और सूर्यकांत को रेगुलर जमानत

पहले अंतरिम जमानत पर बाहर थे, राज्य से बाहर न जाने की शर्त भी लागू

रायपुर। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित कोयला घोटाला मामले में सुप्रीम कोर्ट ने प्रमुख आरोपी सौम्या चौरसिया, रानू साहू और सूर्यकांत तिवारी समेत अन्य आरोपियों को रेगुलर जमानत दे दी है। इससे पहले ये सभी आरोपी अंतरिम जमानत पर बाहर थे। यह जमानत मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जयमाला बागची की पीठ से मिली है। कोर्ट ने जमानत देते हुए आरोपियों को राज्य से बाहर रहने जैसी शर्तें भी बरकरार रखी हैं।

सौम्या चौरसिया, रानू साहू और सूर्यकांत तिवारी लंबे समय से अंतरिम जमानत पर बाहर थे। वहीं ईडी ने शराब घोटाले मामले में सौम्या चौरसिया को गिरफ्तार किया है। अब सुप्रीम कोर्ट से रेगुलर जमानत मिलने के बाद इन आरोपियों को बड़ी राहत मिली है। आरोपियों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे, हर्षवर्धन परघनीया, शशांक मिश्रा, तुषार गिरी और मुक्त गुप्ता ने कोर्ट में पक्ष रखा। वहीं राज्य शासन की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता महेश जेठमलानी और अतिरिक्त महाधिवक्ता रवि शर्मा ने पैरवी की।

निकायों पर लगेगा पर्यावरण मुआवजा

भोपाल। शहर में हरित क्षेत्रों, जलाशयों के आसपास अवैध रूप से कचरा फेंकने और जलाने के साथ ही पुराने कचरे के निपटारे पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने सख्त रुख अपनाया है। एनजीटी की सेंट्रल जोन बेंच ने इसे पर्यावरण संतुलन और नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बताते हुए भोपाल नगर निगम की कड़ी आलोचना की है। नितिन सक्सेना की याचिका पर सुनवाई करते हुए एनजीटी ने कहा कि कालियासोत डैम के ग्रीन बेल्ट को डंपिंग साइट में बदल दिया गया है, जिससे वायु प्रदूषण बढ़ रहा है और लोगों की सेहत प्रभावित हो रही है। ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन में लगातार लापरवाही सामने आ रही है।

ट्रिब्यूनल ने स्पष्ट किया कि स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण अनुच्छेद-21 के तहत नागरिकों का मौलिक अधिकार है। राज्य सरकार और स्थानीय निकायों की जिम्मेदारी है कि वे पर्यावरण की रक्षा करें। इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट के कई फैसलों का भी हवाला दिया गया। एनजीटी ने भोपाल कलेक्टर और नगर निगम आयुक्त को आदमपुर खंती सहित अन्य स्थलों पर पड़े पुराने कचरे के निपटान की कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। आदमपुर खंती के पुराने कचरे व एनटीपीसी के साथ प्रस्तावित चारकोल प्लांट की स्थिति पर रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया गया है।

एक लाख से 10 लाख तक पर्यावरणीय मुआवजा

साथ ही इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर और रीवा को भी अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने को कहा गया है। आदेश में कहा गया है कि नियमों का पालन नहीं होने पर स्थानीय निकायों पर प्रति माह एक लाख से 10 लाख रुपए तक का पर्यावरणीय मुआवजा लगाया जा सकता है। स्थानीय निकाय जुर्माना भरने में असमर्थ रहते हैं, तो यह राशि राज्य सरकार को देनी होगी। साथ ही जिम्मेदार अधिकारियों की गोपनीय चरित्रावली (एसीआर) में प्रतिकूल प्रविष्टि (एडवर्स एंट्री) करने के निर्देश भी दिए गए हैं, जिससे उनका प्रमोशन और करियर प्रभावित होगा।

नगर निगम में पर्यावरण सेल करें गठित

एनजीटी ने राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को निर्देश दिए हैं कि उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई करते हुए क्षति की भरपाई कराई जाए और पर्यावरण बहाली के लिए तत्काल कदम उठाए जाएं। नगर निगम में पर्यावरण सेल गठित कर प्रशिक्षित अधिकारियों की नियुक्ति भी अनिवार्य की गई है। ट्रिब्यूनल ने कचरा पृथक्करण, रिसाइक्लिंग, वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट और कम्पोस्टिंग व्यवस्था को मजबूत करने पर जोर दिया है।

आगर मालवा पुलिस ने एमडी ड्रग्स फैक्ट्री का किया भंडाफोड़

भोपाल। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा के निर्देशन में प्रदेशभर में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी एवं नशे के संगठित कारोबार के विरुद्ध निरंतर सघन कार्रवाही की जा रही है। इसी क्रम में आगर मालवा पुलिस ने अंतर्राज्यीय स्तर पर संचालित एमडी ड्रग्स फैक्ट्री का भंडाफोड़ कर लगभग 5 करोड़ रूपए के अवैध मादक पदार्थ एवं उपकरण ज▯्त की है।

यह कार्रवाही अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक उज्जैन जोन उमेश जोगा तथा पुलिस उप महानिरीक्षक, उज्जैन रेंज नवनीत भसीन के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक आगर मालवा विनोद कुमार सिंह के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रविन्द्र कुमार बोयट, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी आगर मोतीलाल कुशवाहा तथा थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शशि उपाध्याय के नेतृत्व में थाना कोतवाली आगर मालवा पुलिस द्वारा की गई। 20 जनवरी को थाना कोतवाली आगर में मुखबिर सूचना के आधार पर आगर-सुसनेर रोड स्थित आमला क्षेत्र में घेराबंदी कर आरोपी फैजान पिता अब्दुल मन्नान, निवासी नुगनी नगर सुसनेर, को गिरफ्तार किया गया था। आरोपी के कब्जे से 330 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडी (एमडीए ड्रग्स), जिसकी अनुमानित कीमत 33 लाख रूपए तथा एप्पल कंपनी का मोबाइल फोन जप्त किया गया था।

पूछताछ के दौरान आरोपी की निशानेदेही पर यह तथ्य सामने आया कि मादक पदार्थों की आपूर्ति राजस्थान के झालावाड़ जिले से की जा रही थी। सूचना पर 28 जनवरी 2026 की रात्रि में आगर मालवा पुलिस एवं राजस?थान पुलिस की संयु▯त टीम द्वारा ग्राम घाटाखेड़ी, थाना डग, जिला झालावाड़ (राजस्थान) में दबिश दी गई।

दबिश के दौरान आरोपी ताहिर खान के निवास पर संदिग्ध केमिकल छिपाने का प्रयास करते हुए उसके परिजन शाहीर खान एवं मुनव्वर खान उर्फ राजा को मौके से गिरफ्तार किया गया। घर की तलाशी के दौरान लगभग 1 किलोग्राम स्मैक, 2 किलोग्राम एमडी ड्रग्स, 2 किलोग्राम केटामाइन, 25 प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन, सोडियम कार्बोनेट लगभग 5 किलोग्राम, अमोनियम नाइट्रेट लगभग 7 किलोग्राम, एमडी ड्रग निर्माण में प्रयु▯त मशीन, 02 ड्रम, 07 मोबाइल फोन, 02 हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट, 01 भरमार गन एवं 01 एयर गन जप्त की गई।

यह कार्रवाई इस बात को स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि मध्यप्रदेश पुलिस जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध संगठित गिरोहों पर राज्य और अंतर्राज्यीय स्तर पर निरंतर सख्त प्रहार कर रही है। प्रकरण में अन्य संभावित संलिप्त व्यक्तियों की भूमिका की गहन जांच जारी है।

45 बर्खास्त परिवहन आरक्षकों को फिर मिलेगी नौकरी

विधि विभाग की टीप के आधार पर सामान्य प्रशासन विभाग से मिली स्वीकृति

भोपाल। प्रदेश सरकार में नौकरशाही किस तरह से सरकार की किरकिरी कराने में जुटी है। इसका बड़ा मामला सामने आया है। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर सरकार ने पिछले साल जिन 45 आरक्षकों को बर्खास्त किया था, उन्हें जबलपुर उच्च न्यायालय के एक आदेश के हवाले से फिर से सेवा में रखा जा रहा है। जानकारी के अनुसार, जिन 45 परिवहन आरक्षकों को बर्खास्त किया था, उन्हें परिवहन, विधि और सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारियों ने उच्च न्यायालय के एक आदेश का हवाला देकर फिर से नौकरी में रखने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। परिवहन आयुक्त कार्यालय ने बर्खास्त आरक्षकों को वापस नौकरी पर रखने का जो प्रस्ताव भेजा था। परिवहन विभाग ने बिना किसी आपत्ति के विधि विभाग भेज दिया। विधि विभाग ने भी प्रस्ताव को आगे बढ़ाते हुए सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर बर्खास्त किए गए कर्मचारियों को नौकरी देने की टीप लिख दी। इसके आधार पर सामान्य प्रशासन विभाग से स्वीकृति मिल गई है।

दरअसल, 2012 में परिवहन विभाग ने महिला पदों पर पुरुषों को नियुक्ति दे दी थी। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर परिवहन विभाग ने सितंबर 2024 में 45 परिवहन आरक्षकों को बर्खास्त कर दिया था। इसके बाद बर्खास्त आरक्षक फिर से जबलपुर उच्च न्यायालय गए। जस्टिस मिश्रा की पीठ ने यह कहकर याचिका खारिज कर दी थी कि गलत नियमों से भर्ती करने वाले अधिकारियों से इनकी 10 साल के वेतन भत्ते वसूले जाएं। इसके खिलाफ युगल पीठ में अपील की। इसमें तर्क दिया था कि विभाग ने भर्ती नियमों का पालन नहीं किया, उनकी कोई गलती नहीं थी।युगलपीठ ने महिलाओं को नौकरी देने और महिलाओं की विशेष भर्ती की शर्त पर बर्खास्त आरक्षकों को वापस नौकरी पर रखने के आदेश दिए। इसके बाद परिवहन आयुक्त ने प्रस्ताव बनाकर भेजा। इस पर विधि विभाग ने नौकरी देने की टीप लिख दी।

जल्द जारी होंगे नौकरी देने के आदेश

अब परिवहन विभाग द्वारा जल्द ही बर्खास्त परिवहन आरक्षकों को फिर से नौकरी देने के आदेश जारी किए जाएंगे। हालांकि महिलाओं को नौकरी देने के मामले में अधिकारियों ने कोई रुचि नहीं ली। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर परिवहन विभाग ने सितंबर 2024 में 45 परिवहन आरक्षकों को बर्खास्त कर दिया था। इसके बाद बर्खास्त आरक्षक फिर से जबलपुर उच्च न्यायालय गए। जस्टिस मिश्रा की पीठ ने यह कहकर याचिका खारिज कर दी थी, कि गलत नियमों से भर्ती करने वाले अधिकारियों से इनकी 10 साल के वेतन भत्ते वसूले जाएं। इसके खिलाफ युगल पीठ में अपील की, जिसमें तर्क दिया था कि विभाग ने भर्ती नियमों का पालन नहीं किया, उनकी कोई गलती नहीं थी। युगलपीठ ने महिलाओं को नौकरी देने और महिलाओं की विशेष भर्ती करने की शर्त पर बर्खास्त आरक्षकों को वापस नौकरी पर रखने के आदेश दिए। इसके बाद परिवहन आयुक्त ने प्रस्ताव बनाकर भेजा। इसके बाद परिवहन विभाग ने विधि और सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारियों से फिर से नौकरी देने में रुचि दिखाई। जबकि उच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में नियम विरुद्ध नियुक्ति देने वाले अधिकारी और महिलाओं की विशेष नियुक्ति को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की। खबर है कि सामान्य प्रशासन विभाग से मंजूरी मिलने के बाद परिवहन विभाग गुप्तचुप तौर पर आरक्षकों को वापस नौकरी पर रखने की तैयारी में है। क्योंकि विभागीय अधिकारियों को आशंका है कि नियुक्ति आदेश से पहले मामला न्यायालय में जा सकता है। क्योंकि न्यायालय ने बर्खास्त आरक्षकों को सशर्त नौकरी पर रखने के लिए आदेश दिए थे। जिसमें से महिलाओं की नियुक्ति और अधिकारियों से वसूली शामिल है, जिस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

ये बर्खास्त आरक्षक होंगे बहाल

जिन बर्खास्त आरक्षकों को बहाल किया जाएगा उनमें सामान्य वर्ग के श्रीनाथ शर्मा, सौरभसिंघल, अजय सिंह भदौरिया, हरिओम कुशवाह, भूपेन्द्र सिंह तोमर, नीरज शर्मा, मानवेन्द्र सिंह जादौन, कर्मवीर सिंह, शैलेन्द्र सिंह राजपूत, सुखदेव शर्मा, महेन्द्र जरिया, राकेश तोमर, दीपेन्द्र सक्सेना, मनीष खरे, नरेन्द्र चतुर्वेदी, शुभम शर्मा, शिवकुमार गुप्ता, रोहित कुमार दुबे, रूपेश कटारे, राहुल कुशवाह, राघवेन्द्र तिवारी, कमलेश तिवारी, शशांक द्विवेदी, कुलदीप गुप्ता, नितिन कुमार मिश्रा, प्रखर पांडे, पुष्पेन्द्र सिंह बुंदेला, अनुराग सिंह भदौरिया, जितेन्द्र सिंह सेंगर, विनय सारस्वत, कमल प्रताप सेंगर, रावेन्द्र मिश्रा शामिल हैं। वहीं ओबीसी वर्ग से सुमन सूर्यभान लोधी, शिशिर रैकवार, प्रेमनारायण कुशवाह, राजकुमार गुर्जर, सुनील साहू, अजय सिंह दांगी, जितेन्द्र सिंह, अरुण यादव, नितिन चौधरी, चित्रिक सिंह किरार, विकास पटेल और अजजा वर्ग से राम सजीवन बैगा, सुनील सिंह वास्कले शामिल हैं।

यह है परिवहन आरक्षकों की भर्ती का मामला

13 साल पहले 2012 में परिवहन आरक्षकों की भर्ती हुई। जिसमें महिलाओं के लिए 100 पदों के विरुद्ध 40 पद भरे 160 खाली पदों पर 53 पुरूषों की नियुक्तिकी गई। बाद में 8 लोग नौकरी छोड़ गए। महिला पदों पर पुरुषों को नियुक्ति देने के खिलाफ ग्वालियर निवासी अभ्यर्थी हिंमादी सिंह उच्च न्यायालय पहुंचीं। 2014 में उच्च न्यायालय ने भर्ती नियम बनाने और महिला पदों पर नियुक्त 45 पुरुष आरक्षकों को निकालने के आदेश दिए। इसके खिलाफ सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में विशेष अनुमति याचिका दायर की। जिसे खारिज किया। फिर से अपीलीय विशेष अनुमति याचिका दायर दायर की गई। इस बीच हिमादी सिंह ने 2014 के उच्च न्यायालय में दिए गए आदेश के पालन करने के लिए कंटेट लगाई। जिस पर उच्च न्यायालय ने 4 हफ्ते के भीतर 2014 के आदेश का पालन करने का आदेश दिया। सर्वोच्च न्यायालय ने भी उच्च न्यायालय के आदेश का पालन करने के निर्देश दिए। इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव तक मामला पहुंचा। मुख्यमंत्री ने न्यायालय के आदेश का पालन करने को कहा। तब पूर्व परिवहन आयुक्त डीपी गुप्ता ने सितंबर 2024 में 45 परिवहन आरक्षकों को एक साथ बर्खास्त कर दिया था। मौजूदा परिवहन आयुक्त विवेक शर्मा विदेश अध्ययन अवकाश पर जाने से पहले बर्खास्त परिवहन आरक्षकों के नियुक्ति आदेश जारी करना चाहते हैं।



टी20 विश्वकप में होप की कप्तानी में उतरेगी वेस्टइंडीज

जमैका । वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने अगले माह भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्वकप के लिए अपनी टीम घोषित कर दी है। शाई होप की कप्तानी में टीम इस टूर्नामेंट में उतरेगी। 15 सदस्यीय दल में अनुभवी जेसन होल्डर और रोवमैन पॉवेल को भी शामिल किया गया है। टूर्नामेंट 7 फरवरी से शुरू होगा। इसमें वेस्टइंडीज अपना पहला मैच स्कॉटलैंड से कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेलेगी। वेस्टइंडीज ने अपनी टीम में युवा बल्लेबाज क्रॉटन सैंपसन को भी शामिल किया है। सैंपसन ने हाल ही में दुबई में अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज़ में टी20 डेब्यू किया था।



सैंपसन ने सीपीएल लीग में गुयाना अमेज़न वॉरियर्स के लिए सबसे ज्यादा रन बनाये थे। इस क्रिकेटर ने 9 पारियों में 151.57 के स्ट्राइक रेट से 241 रन बनाये थे। टीम में रोस्टन चेस, अकील होसैन और शेरफेन रदरफोर्ड व रोमारियो शेफर्ड को भी शामिल किया गया है।

तेज़ गेंदबाज़ शमार जोसेफ को भी टीम में जगह मिली है। टीम की तेज़ गेंदबाज़ी की कमान शमार जोसेफ के पास रहेगी। उनका साथ जेसन होल्डर, मैथ्यू फोर्ड और जेडन सील्स देंगे। स्पिनर के तौर पर अकील होसैन के के अलवा रोस्टन चेस और गुडाकेश मोटी रहेंगे। वेस्टइंडीज की टीम में पिछले विश्व कप के 11 खिलाड़ी शामिल हैं। एविन लुईस और अल्ज़ारी जोसेफ को चोट के कारण टीम में जगह नहीं मिली है।

विश्वकप में दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज ग्रुप सी में शामिल है, यहां उसे इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, नेपाल और इटली से खेलना है।

वेस्टइंडीज टीम - शाई होप (कप्तान), शिमरॉन हेटमायर, जॉनसन चार्ल्स, ब्रैंडन किंग, रोस्टन चेस, जेसन होल्डर, रोवमैन पॉवेल, शेरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड, क्रेंटिन सैंपसन, अकील होसैन, गुडाकेश मोटी, शमार जोसेफ, जेडन सील्स, मैथ्यू फोर्ड।

टी20 विश्वकप में आईपीएल के अनुभवों का लाभ मिलेगा - रिकेल्टन

केप टाउन। टी20 विश्वकप के लिए दक्षिण अफ्रीका टीम में शामिल बल्लेबाज रयान रिकेल्टन के अनुसार भारत में खेले आईपीएल के अनुभवों का लाभ उन्हें इस आईसीसी टूर्नामेंट में मिलेगा। रिकेल्टन और ट्रिस्टन स्टब्स को क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने टोनी डी जोरजी और डोनोवन फरेरा के फिट नहीं होने के कारण टी20 विश्वकप के लिए टीम में शामिल किया है।

रिकेल्टन ने मई 2024 में वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना पहला टी20 खेला था। इसके बाद से ही उन्होंने 18 मैचों में दो अर्धशतक के साथ ही 381 रन बनाए हैं। रिकेल्टन 2024 टी20 विश्वकप के लिए भी टीम में शामिल थे। इस खिलाड़ी ने



सला 2025 सत्र में पहली बार आईपीएल खेला था। इस बल्लेबाज मुंबई इंडियंस की ओर से खेलते हुए हुए 14 मैचों में तीन अर्धशतक के साथ ही 388 रन बनाए हैं।

रिकेल्टन ने कहा कि उन्हें टी20 विश्वकप से पहले अपने खेलने के अंदाज पर फिर विचार करना पड़ेगा क्योंकि उपमहाद्वीप के हालात अलग होते हैं। भारत में अब तक खेले दो एकदिवसीय में वह असफल रहे हैं पर पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी में उन्होंने शतक बनाया था। रिकेल्टन ने कहा, मुझे अपने आईपीएल अनुभव पर थोड़ा और भरोसा करना होगा। मैं भारत में अधिकतर मैदानों में खेला हूं और इसका लाभ भी मुझे मिलेगा। उन्होंने हालांकि कहा कि आईसीसी इवेंट्स में हालात अलग होते हैं। भारत में खेला का खासा जुनून रहता है। ऐसे में वह खेलना आसान नहीं होता है। यहां मैच में काफी दबाव रहता है।

महिला प्रीमियर लीग में जेमिमा पर 12 लाख का जुर्माना लगा

नई दिल्ली । दिल्ली कैपिटल्स को दोहरा झटका लगा है। महिला प्रीमियर लीग (डब्लयूपीएल) में जहां उसे करीबी मुकाबले में गुजरात टाइटंस के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है। वहीं दिल्ली की कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स पर 12 लाख का जुर्माना भी लगा है। दिल्ली को गुजरात जायंट्स ने 3 रन से हरा दिया था। वहीं दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान जेमिमा पर धीमे ओवर रेट के लिए 12 लाख का जुर्माना भी लगाया गया है। यह जुर्माना धीमी ओवर गति के कारण लगाया गया है। लीग ने यह भी स्पष्ट किया कि इस सत्र में ये जेमिमा की पहली गलती है। इसलिए उनपर केवल जुर्माना ही लगाया गया है।टीम अब तक 7 मैचों में छह अंकों के साथ अंक तालिका में चौथे स्थान पर है। इसका नेट रन रेट -0.164 हो गया है।

टी20 विश्वकप में कोई टीम भारत के सामने टिक नहीं पायेगी - इरफान पठान

मुम्बई । पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान ने कहा है कि इस बार भारतीय टीम अपनी धरती पर होने वाले टी20 विश्वकप को जीतने की प्रबल दावेदार रहेगी। पठान के अनुसार जिस प्रकार के फार्म में भारतीय टीम अभी है उससे कोई भी टीम उसके सामने नहीं टिक पायेगी। पठान ने कहा कि जिस प्रकार भारतीय टीम ने हाल के समय में खेला है और न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज पर कब्जा किया है उससे उसके बुलंद हौंसले का अंदाजा लगाया जा सकता है। टीम की बल्लेबाज और गेंदबाजी दोनो ही लाजवाब है। = टी20 वर्ल्ड कप से पहले भारतीय टीम का आक्रामक प्रदर्शन देखकर ही अन्य टीमें दबाव में आ जाएंगी। भारतीय टीम ने कीवी टीम के खिलाफ जिस प्रकार तेजी से लक्ष्य का पीछा किया है। उसे पता चलता है कि टीम निडर होकर खेल रही है। साथ ही कहा कि जो भी टीम भारतीय टीम के बीच आयेगी वह ध्वस्त हो जाएगी।



साथ ही कहा कि टीम का लक्ष्य अपनी खिताब बरकरार रखना रहेगा। आज तक मेजबानी करने वाली टीमों ने टी20 विश्व कप नहीं जीता है। इसलिए भारतीय टीम इस बार जीत के साथ ही इस मिथ को भी तोड़ देगी। टीम बड़ जीत दर्ज कर विश्वकप में इतिहास रच देगी। पठान ने कहा है कि भारतीय टीम तकरीबन अपराजेय दिख रही है। ऐसी टीम जिसे हराना लगभग असंभव है। पठान ने कहा, 'इस भारतीय टीम को हराना करीब करीब असंभव सा लग रहा है। उनके खेल को देखकर ऐसा लग रहा है कि जो भी इनके खिलाफ आएगा वो पूरी तरह बिखर जाएगा'

न्यूजीलैंड के खिलाफ मौजूदा सीरीज के तीसरे टी20 मैच का उदाहरण देते हुए पठान ने कहा कि जब विकेट गिर जा रहे थे तो भी टीम के आक्रामक अंदाज में बदलाव नहीं आया। पठान ने आगे कहा, 'भारतीय टीम का यही आक्रामक अंदाज ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण् अफ्रीका, इंग्लैंड और वेस्टइंडीज जैसी टीमों के लिए डरावना रहेगा। भारतीय टीम अविश्वसनीय क्रिकेट खेल रही है। भारतीय टीम विश्व कप से पहले दूसरी टीमों पर दबाव बना रही है।' टी20 वर्ल्ड कप 7 फरवरी से भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा।

मेलबर्न स्टार्स ने मैक्सवेल के साथ करार को आगे बढ़ाया

अब बीबीएल के 16 वें और 17 वें सत्र में भी खेलते दिखेंगे

मेलबर्न । ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल अब घरेलू बिग बैश लीग (बीबीएल) के 16 वें और 17 वें सत्र में भी खेलते दिखेंगे। मैक्सवेल ने बीबीएल टीम मेलबर्न स्टार्स के साथ अगले दो सत्र के लिए एक नया करार किया है। मैक्सवेल ने अब तक इस लीग में मेलबर्न स्टार्स के लिए 123 मैच खेलते हुए 3193 रन बनाए हैं। इस प्रकार वह लीग में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों में शामिल हो गये हैं। मैक्सवेल

इस ऑलराउंडर का अनुबंध 15 के सत्र के अंत में समाप्त हो गया था पर उन्होंने इसे आगे बढ़ा दिया है। इस क्रिकेअर ने कहा, मेलबर्न स्टार्स मेरे क्रिकेट करियर का एक बहुत अहम हिस्सा रही हैं, और मैं इस टीम की सफलता को लेकर बहुत उत्साहित हूं। मुझे लगता है कि यह मौजूदा रग्फ कुछ खास बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है और मुझे विश्वास



है कि हम अगले दो सत्र में खिताब के लिए मुकाबला करने के योग्य बन जाएंगे। टीम ने मैक्सवेल के अलावा युवा खिलाड़ी कैंपबेल केलवे का अनुबंध भी अगले दो साल के लिए आगे बढ़ा दिया है। इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने अब तक सत्र में हुए सभी मुकाबले खेले हैं। इसके अलावा युवा ऑस्टिन एनलेजार्क के करार को भी अगले एक साल के लिए आगे बढ़ा दिया है। मेलबर्न स्टार्स के टी20 हाई परफार्मेंस मैनेजर क्लिंट मैके ने कहा, हम इस बात से बहुत उत्साहित हैं कि बीबीएल 16 के लिए हमारी और बेहतर बनी है। उन्होंने साथ ही कहा, इस सत्र में जिस प्रकार से खिलाड़ियों को रखा गया है उससे हमारा कोर समूह और बेहतर हुआ है। मैक्सवेल पिछले कुछ समय से विश्व के सर्वश्रेष्ठ टी20 खिलाड़ियों में से एक रहे हैं, और उनका स्टार्स के प्रति योगदान हमेशा से महत्वपूर्ण रहा है।। उन्होंने कहा, कैंपबेल को शामिल करना भी उतना ही एक बड़ी उपलब्धि है। वह हमारे शीर्ष ऑर्डर में स्थिरता लाते हैं। उन्होंने इस सत्र में अपने प्रदर्शन से दिखाया है कि वह क्या कर सकते हैं। हमें भरोसा है कि वह आने वाले समय में हमारे लिए बहुत सारे रन बनाएंगे। इसके अलावा हम युवा ऑस्टिन के खेल को भी आगे बढ़ते हुए देखना चाहेंगे। इससे टीम लीग में और बेहतर होकर उभरेगी ।

आईसीसी ने बांग्लादेशी मीडिया को नहीं दी भारत में टी20 विश्वकप मैचों के कवरेज की अनुमति

दुबई । अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कहा है कि अगले माह खेले जाने वाले टी20 विश्वकप के भारत में होने वाले मैचों की कवरेज की अनुमति बांग्लादेशी मीडिया को नहीं है। ऐसे में अब बांग्लादेशी पत्रकार इन मैचों को कवर करने भारत नहीं आ सकेंगे। आईसीसी ने विश्व कप 2026 के भारत में होने वाले मैचों को कवर करने के लिए बांग्लादेशी पत्रकारों के आवेदन को ठुकरा दिया है। एक रिपोर्ट के अनुसार आईसीसी अधिकारियों ने कहा है कि बांग्लादेश की सरकार और क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने सुरक्षा कारणों से अपनी टीम को भारत नहीं भेजने की बात कही है। इसी को देखते हुए बांग्लादेशी पत्रकारों के वीजा और एक्रेडिटेशन (अधिमान्यता) आवेदन खारिज कर दिए गए हैं। विश्व कप का आयोजन भारत और श्रीलंका में संयुक्त रुप से 7 फरवरी से 6 मार्च तक होगा। आईसीसी के अनुसार जब बांग्लादेशी सरकार भारत को सुरक्षित नहीं मानती है तब कैसे उसके पत्रकारों को प्रवेश की अनुमति दी जा सकती है।

वहीं एक रिपोर्ट के मुताबिक, कई बांग्लादेशी पत्रकारों ने कहा था कि उन्हे शुरू में 20 और 21 जनवरी को आवेदन मंजूरी वाले ईमेल मिले थे पर बाद में इन्हें रद्द कर दिया गया। वहीं बांग्लादेशी मीडिया कमेटी के चेयरमैन अमजद हुसैन का मानना है कि बांग्लादेश के 130 से 150 पत्रकारों ने अधिमान्यता के लिए आवेदन किया था।अमजद ने कहा, सभी बांग्लादेशी पत्रकारों के आवेदन को खारिज कर दिया गया था। इस साल करीब 130 से 150 पत्रकारों ने आवेदन किया था पर किसी को भी अधिमान्यता नहीं मिली एक वरिष्ठ पत्रकार ने कहा, भले ही कोई टीम नहीं खेल रही हो, आईसीसी एसोसिएट सदस्य देशों के पत्रकारों को अभी भी एक्रेडिटेशन मिल सकता है। अब पत्रकारों के आवेदन रद्द किये जाने से हैरान हूं, और इस फैसले की कड़ी निंदा और विरोध करता हूं।

पूर्व भारतीय क्रिकेटर जैकब मार्टिन गिरफ्तार

मुम्बई । पूर्व भारतीय क्रिकेटर जैकब मार्टिन को शराब पीकर गाड़ी चलाने के अपराध में वडोदरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मार्टिन पर आरोप है कि उन्होंने शराब के नशे में लापरवाही से अपनी एसयूवी चलाते हुए तीन गाड़ियों को टक्कर मार दी। मार्टिन पहले भी विवादों में रहे हैं। इससे पहले साल 2009 में उनपर मानव तस्करी का आरोप लगा था। तब इस क्रिकेटर पर व्यक्ति को नकली पासपोर्ट बनवाकर ब्रिटेन भेजने का गंभीर आरोप था।

मार्टिन का क्रिकेट करियर अधिक लंबा नहीं रहा है। इस क्रिकेटर ने सौरव गांगुली की कप्तानी में डेब्यू किया था। इसके अलावा महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के साथ भी इसने खेला है। मार्टिन ने भारतीय टीम की ओर से कुल 10 एकदिवसीय खेले हैं। मार्टिन ने कुल 138 प्रथम श्रेणी मैचों में 46.65 की औसत से 9192 रन बनाए हैं। उन्होंने इस दौरान 23 शतक और 47 अर्धशतक लगाए हैं। इस बल्लेबाज ने 101 लिस्ट ए मैच में 3 शतक और 20 अर्धशतक लगाकर 2948 रन बनाए हैं। मार्टिन ने 2 टी20 मैचों में 14 रन बनाए हैं। वह साल 2017 में बड़ौदा क्रिकेट टीम के कोच भी रहे थे।

विश्वकप के लिए वेस्टइंडीज टीम में जगह नहीं मिलने से निराश एविन लुईस लेंगे संन्यास

जमैका। वेस्टइंडीज के आक्रामक सलामी बल्लेबाज एविन लुईस टी20 विश्कप के लिए टीम में जगह नहीं मिलने से निराश हैं और कहा जा रहा है कि वह खेल को अलविदा कहने पर विचार कर रहे हैं। लुईस ने हाल ही में अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 मैच सीरीज खेली थी जिसमें वह असफल रहे थे। माना जा रहा है कि इसी कारण उन्हें विश्वकप के लिए टीम में जगह नहीं मिली है। अफगानिस्तान के खिलाफ वह दो मैचों में केवल 17 रन ही बना पाये थे।



लुईस ने सोशल मीडिया में लिखा, मैं उन सभी का आभार व्यक्त अदा करना चाहता हूं, जिन्होंने पिछले एक दशक में मेरा समर्थन किया है। मुझे लगता है कि अब मेरे संन्यास का समय करीब आ गया है। लुईस ने साल 2016 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू करने के बाद से ही अब तक 67 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 29.01 के औसत से कुल 1799 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने दो शतक और 13 अर्धशतक लगाये हैं। लुईस ने वेस्टइंडीज के लिए 70 एकदिवसिय मैचों में 2279 रन बनाये हैं। इस दौरान उनका औसत 36.75 का रहा है। उन्होंने एकदिवसीय प्रारुप में पांच शतक और 12 अर्धशतक लगाये हैं।

टी20 विश्वकप कप में शाई होप वेस्टइंडीज टीम की कप्तानी करेंगे। टीम में क्विंटन सैम्पसन और तेज गेंदबाज शमार जोसफ को शामिल किया गया। पूर्व कप्तान जेसन होल्डर, रोमारियो शेफर्ड और रोवमैन पॉवेल की अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैच की सीरीज से बाहर रहने के बाद टीम में वापसी हुई।

श्रीकांत ने पाकिस्तान पर कसा तंज, हार से बचने कोई बहाना बनाकर विश्वकप से हटना ही होगा बेहतर

चेनई । पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अगले माह भारत और श्रीलंका में संयुक्त रुप से होने वाले टी20 विश्वकप के बहिष्कार की धमकी दे रहा है। पाकिस्तान का कहना है कि उसने अभी विश्वकप में भाग लेने को लेकर कोई अंतिम फैसला नहीं किया है और सरकार के संदेश को इंतजार कर रहा है। वहीं ये भी कहा जा रहा है कि वह विश्वकप में भले ही भाग ले पर भारत के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाले मैच में शायद ही खेले। इसी को लेकर भारतीय टीम के पूर्व कप्तान कप विजेता टीम के सदस्य रहे के श्रीकांत ने पाक टीम पर तंज कसते हुए कहा है कि वह कोई बहाना बनाकर हट जाये क्योंकि अगर वह खेलती भी है तो उसे भारतीय टीम के खिलाफ करारी हार झेलनी पड़ेगी। श्रीकांत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में भारतीय टीम के अच्छे प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए कहा कि भारतीय टीम जबरदस्त लय में है और जो भी टीम बीच में आयेगी उसे हार का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा, 'पिछले दूसरे टी20 मैच में भारतीय टीम ने 15 ओवर में ही 208 रन बना लिए। वहीं तीसरे मैच में भी टीम ने आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। । इसे देखते हुए कई टीमें तो कह रही होंगी- नहीं, हम नहीं आ रहे हैं। आप कप रख सकते हो।'

वहीं पाक को लेकर श्रीकांत ने कहा, मत ही आओ तो अच्छा रहेगा। तुम्हारे पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी भी कह रहे हैं मत जाओ। आप पीटे जाओगे। कोलंबो में लगा सिक्स मद्रास में गिरेगा। सावधान। सबसे अच्छा दूर रहना ही बेहतर होगा। बहाना बना लो और मत आओ। टी20



क्रिकेट में आजकल जिस प्रकार का आक्रामक अंदाज भारतीय टीम ने दिखाया है उसे देखकर कोई भी टीम आने की नहीं सोचेगी गौरतलब है कि बांग्लादेश के टी20 विश्वकप से बाहर रहने के फैसले के बाद से ही पाक ने भी कई बार टूर्नामेंट के बहिष्कार की धमकी दी है हालांकि एक ओर उसने टीम भी घोषित कर दी है। वहीं पाक मीडिया में अटकलें हैं कि पाकिस्तान भले टी20 विश्व कप का बहिष्कार न करे लेकिन वह 15 फरवरी को भारत के साथ होने वाले ग्रुप मैच का बहिष्कार कर सकता है।टी20 वर्ल्ड कप 7 फरवरी से शुरू होने जा रहा है। इसकी संयुक्त मेजबानी भारत और श्रीलंका कर रहे हैं। टूर्नामेंट में कुल 20 टीमें हिस्सा ले रही हैं जिन्हें 5-5 के कुल 4 ग्रुप में बांटा गया है।

सोफी डिवाइन की घातक गेंदबाजी से अंतिम ओवर में हारी कैपिटल्स

नई दिल्ली। सोफी डिवाइन की अंतिम ओवर में शानदार गेंदबाजी से गुजरात टाइटंस ने महिला प्रीमियर लीग (डब्लयूपीएल) में हुए एक बेहद रोमांचक मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स को तीन रनों से हरा दिया। इस मैच के अंतिम ओवर में दिल्ली को जीत के लिए केवल नौ रन बनाने थे पर वह पांच रन ही बना पायी। डिवाइन ने पांच रन देकर दो विकेट लिए। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात ने 9 विकेट पर 174 रन बनाये। इसके बाद दिल्ली की टीम जीत के लिए मिले लक्ष्य का पीछा करते हुए 8 विकेट पर



171 रन ही बना पायी। इस हार के साथ ही अब दिल्ली का लीग से बाहर होना तय है।

दिल्ली कैपिटल्स इस मैच में जीत के करीब पहुंचकर भी हार गयी। निकी प्रसाद और स्नेह राणा ने सातवें विकेट के लिए 70 रन की साझेदारी कर अपनी टीम को जीत के करीब पहुंचा दिया था पर अंतिम ओवर में ये लक्ष्य तक नहीं पहुंच पायीं। दिल्ली की टीम को जीत के लिए अंतिम 6 गेंदों पर 9 रन की जरूरत थी। प्रसाद 44 और राणा 29 रनों पे खेल रहीं थीं पर दोनो ही सोफी के सामने टिक नहीं पायीं।

400 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले इंग्लैंड के दूसरे क्रिकेटर बने जोस बटलर

कोलंबो। इंग्लैंड ने श्रीलंका के खिलाफ यहां तीसरे एकदिवसीय मैच में 53 रनों की जीत के साथ ही सीरीज अपने नाम की है। इस मैच में उतरने के साथ ही इंग्लैंड के विकेटकीपर-बल्लेबाज जोस बटलर ने भी एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम की है। बटलर अब 400 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले खिलाड़ियों के क्लब में शामिल हो गये हैं। वह इस आंकड़े तक पहुंचने वाले इंग्लैंड के दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। इससे पहले इतने मैच खेलने का रिकार्ड तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन के नाम था। एंडरसन ने अब तक 401 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलते हुए सभी प्रारुपों में 991 विकेट लिए हैं। वहीं दूसरी ओर बटलर का प्रदर्शन भी काफी अच्छा रहा है और उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 14 2907 रन बनाए हैं। इस बल्लेबाज ने टेस्ट प्रारुप में दो शतक और 18 अर्धशतक लगाये हैं। एकदिवसीय में बटलर ने 198 मैचों की 171 पारियों में 39.11 की औसत से 5515 रन बनाए हैं इस खिलाड़ी ने 11 शतक और 29 अर्धशतक अपने नाम किये हैं।वहीं टी20 में बटलर ने 144 मैचों की 132 पारियों में 35.49 की औसत से 3869 रन बनाए हैं। इस विकेटकीपर-बल्लेबाज ने इस दौरान एक शतक और 28 अर्धशतक लगाये हैं। अब वह अगले माह भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्वकप में अपने प्रदर्शन से कुछ और रिकार्ड अपने नाम कर सकते हैं।



शतकों के साथ ही 12291 रन बनाए हैं। बटलर ने टेस्ट क्रिकेट खेलते हुए 57 मैचों की 100 पारियों में 31.94 की औसत से

मुसेट्टी के रिटायर होने से सेमीफाइनल में पहुंचे जोकोविच

मेलबर्न । सर्बियाई टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में पहुंच गये हैं। है। जोकोविच इस बार किस्मत से सेमीफाइनल में पहुंचे गये क्योंकि क्वार्टर फाइनल में उनके विरोधी इटली के लोरेंजो मुसेट्टी बहुत पर थे लेकिन तीसरे सेट में चोटिल होने के कारण उन्हें रिटायर होना पड़ा ऐसे में जोकोविच 13वीं बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में पहुंच गये।

मुसेट्टी ने एकल मुकाबले की शुरुआत अच्छी तरह की थी। उन्होंने पहला सेट 6-4 और दूसरा सेट 6-3 से जीता था। मुसेट्टी की तगड़ी सर्विस और बेसलाइन खेल से जोकोविच पर दबाव रहा। इससे जोकोविच दबाव में रहे। पहले सेट में मुसेट्टी ने बढ़त हासिल की। दूसरे सेट में भी वह बढ़त पर थे और उन्होंने सर्विस ब्रेक के साथ 6-3 से सेट जीत लिया।

हालांकि, तीसरे सेट के तीसरे गेम में मुसेट्टी के दाहिने पैर में चोट लगी और उनकी हड्डी टूट गई। फिजियो से इलाज के बाद वह खेलते रहे पर दर्द बढ़ने के कारण उन्हें मैच से बाहर होना पड़ा।

सड़क पर मिली महिला की अधजली लाश

प्रारंभिक जांच में आया सामने महिला ने की आत्म हत्या, क्षेत्र में फैली सनसनी



पद्मेश न्यूज। कटंगी। बालाघाट जिले के तिरोड़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सीतापठोर की एक 55 वर्षीय महिला की अधजली लाश मंगलवार की शाम 08 बजे के आस-पास सड़क पर मिली थी। जिससे पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। कटेधरा से खवासा मुख्य सड़क मार्ग पर महकेपार की ओर जाने वाले रास्ते के नजदीक बने यात्री प्रतीक्षालय के सामने महिला की अधजली लाश राहगीरों के द्वारा देखी गई थी। जिसकी सूचना डायल 112 और संजीवनी 108 को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस और संजीवनी 108 मौका स्थल पर पहुंची। मृतक महिला की शिनाख्त कांताबाई पति चैतलाल नागवंशी उम्र 55 वर्ष के रूप में हुई है। महिला के पति ने बताया कि पत्नी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। हालांकि उसे आग कैसे लगी और वह यहां तक कैसे पहुंची यह उनके लिए भी बड़ा सवाल है। महिला के पति ने बताया वह बकरी चराने गया था और पुत्र ने बताया कि वह काम पर गया था। दोनों ही शाम को वापस घर लौटे तो कांताबाई घर पर नहीं थी। जिसके बाद वह तलाश कर रहे थे। इस बीच सूचना मिली कि एक महिला की अधजली लाश मिली है। इधर, स?क के किनारे महिला की लाश देखकर डायल 112 में तैनात पुलिस कर्मचारी पूरी तरह से सन्न रह गया। क्योंकि महिला की लाश जहां मिली वहां आगजनी के कोई साक्ष्य नहीं थे। ऐसे में पुलिस कर्मचारी ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी। पुलिस कर्मचारियों ने मौका स्थल के इर्द-गिर्द घटनास्थल की तलाश भी की ताकि यह पता लगाया जा सके की महिला को आग कहां लगी लेकिन अंधेरा होने की वजह से घटनास्थल का पता नहीं लग पाया। रात्रि 8. 50 बजे महिला के शव को सरकारी अस्पताल कटंगी लाया गया। बुधवार को पीएम के बाद शव महिला के परिजनों को सौंप दिया गया है।

महिला ने खुद को लगाई आग-

बुधवार को इस पूरे मामले में पुलिस की तरफ से जो जानकारी दी गई उसके मुताबिक महिला ने स्वयं को आग लगाकर आत्महत्या की है। जहां महिला की लाश मिली उससे कुछ ही दूरी पर पुलिस ने माचिस, एक बोतल और जला हुआ कचरा देखा है। पुलिस को अनुमान है कि कचरा जलाते वक्त महिला आग की चपेट में आ गई जिससे उसकी मौत हो गई। महिला के परिजनों ने पुलिस को बताया कि वह पहले भी आत्महत्या की कोशिश कर चुकी थी।

इनका कहना है-

प्रारंभिक जांच में आया है कि महिला की आग लगकर मौत हुई है। जहां महिला का शव मिला था उससे कुछ ही दूरी पर माचिस और जला हुआ कचरा बरामद किया गया है। इसे कचरे से महिला को आग लगी है।

मनोज दहेरिया
जांच अधिकारी

अवैध रेत परिवहन : छिंदवाड़ा की रॉयल्टी पर कांद्री जा रहा डम्पर जप्त

पद्मेश न्यूज। कटंगी। जिले के वन विभाग ने अवैध गतिविधियों पर रोकथाम को लेकर मुहिम शुरू कर दी है। वन विभाग ने कटंगी वन परिक्षेत्र में विगत पांच दिनों में लकड़ियों एवं रेत की चोरी के तीन मामलों में वाहनों को हिरासत में लेकर तीन मामले दर्ज किए हैं। कटंगी वन परिक्षेत्र की एक टीम ने गत 25 जनवरी को जहां कटेदरा में आंजन प्रजाति के लट्ठों का अवैध परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर वाहन को पकड़ा। वहीं इसी दिन सीसीएफ बालाघाट के निर्देशन में गश्ती कर पर निकली बालाघाट वन वृत्त की उड़नदस्ता टीम ने परिक्षेत्र के गोरेघाट भाग-1 कक्ष क्रमांक 796 पीएफ में बावनथड़ी नदी से अवैध रूप से रेत का परिवहन कर रहे ट्रैक्टर वाहन क्रमांक एमपी 50 एए0229 को हिरासत में लिया। मौके पर वाहन चालक रेत परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। आरोपी वाहनचालक रामप्रसाद वल्द रतन टेकाम निवासी गोरेघाट के विरूद्ध पीओआर प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया। इसी क्रम में सीसीएफ के निर्देशन पर 26 से 27 जनवरी की दरमियान रात्रि अधीनस्थ स्टॉफ के साथ गश्ती पर निकले कटंगी रेंजर बाबूलाल चढ़ार ने रात्रि लगभग 12.15 बजे कन्हड़गांव से गोरेघाट मार्ग पर ग्राम अम्बेझरी से रेत का अवैध परिवहन करते हुए एक डम्पर वाहन क्रमांक एमएच40 सीटी 6000 को जब्त किया। मौके पर वाहन चालक शिशुपाल हरिचंद वाघाड़े एवं सहचालक ओमप्रकाश पिता बिसन राउत दोनों साकिन आलेसुर महाराष्ट्र द्वारा रेत परिवहन के संबंध प्रस्तुत की गई रॉयल्टी में रेत का परिवहन कोडबी घाट से खवासा होते हुए छिंदवाड़ा किए जाने की अनुज्ञा थी। इसके विपरीत वाहन चालक द्वारा कोडभी रेत घाट से रेत भरकर कांद्री महाराष्ट्र लेकर जाई जा रही थी। मौके से 30 घन मीटर रेत बरामद कर रेत से भरा वाहन कन्हड़गांव चौकी में खड़ा करवाकर पीओआर प्रकरण दर्ज किया गया है। उक्त कार्यवाही में वनरक्षक विरेन्द्र उइके, नितेश चंदने सहित अन्य की भूमिका रही। परिक्षेत्र अधिकारी कटंगी द्वारा की गई इस कार्रवाई ने कटंगी क्षेत्र में फर्जी रॉयल्टी के जरिए हो रहे रेत के खेल का पर्दाफाश हुआ है। परिक्षेत्र अधिकारी बाबूलाल चढ़ार ने बताया कि डम्पर चालक द्वारा जिस मार्ग से रेत का अवैध परिवहन किया जा रहा था वह वन क्षेत्र अंतर्गत है। फिलहाल वाहन हिरासत में लेकर प्रकरण जांच में लिया गया है।

जुकू घाटी के दक्षिणी हिस्से में लगी भीषण आग

कोहिमा । नगालैंड के कोहिमा जिले में मौजूद जुकू घाटी के दक्षिणी हिस्से में भीषण आग लगने के कारण वहां फंसे 30 से अधिक पर्वतारोहियों को सुरक्षित निकल लिया गया है। जिला प्रशासन के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आग को फैलने से रोकने के लिए जिला प्रशासन और सदर्न अंगामी यूथ ऑर्गेनाइजेशन (एसएवाईओ) द्वारा अभियान शुरू किया गया है।

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि ऐसा हो सकता हैं कि आग सोमवार को लगी थी लेकिन अधिकारियों को इसकी सूचना मंगलवार को मिली। उन्होंने बताया कि आग लगने का सटीक कारण और इसके शुरुआती स्थान का पता नहीं चल पाया है। उपायुक्त बी. हेनोक बुकेम ने कहा, आग को फैलने से रोकने के लिए सभी उपलब्ध संसाधनों को लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त कर्मियों की भी तैनाती की जाएगी।

लकड़ी का अवैध परिवहन कर रहे ट्रैक्टर को किया जप्त

पद्मेश न्यूज। कटंगी। लकड़ी का अवैध तरीके से परिवहन करने के मामले में वन विभाग कटंगी की टीम ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। वन विभाग ने प्रेस नोट जारी कर जानकारी देते हुए बताया कि तिरोड़ी वृत के अंतर्गत आने वाले ग्राम कटेधरा में आंजन प्रजाति के लट्ठों से भरे ट्रैक्टर वाहन क्रमांक एमपी 50 एए 2505 को जप्त किया गया है। ट्रैक्टर में 8 नग आंजन प्रजाति के लट्ठे बरामद किए गए हैं। खजरी निवासी आरोपी सुनील पिता बस्तीराम सहारे पर वन अपराध दर्ज किया गया है। वन विभाग ने जब्त लकड़ी की बाजार कीमत 25000 आंकी है। इस पूरी कार्रवाई को प्रशिक्षु आईएफएससी जितेंद्र कुमार के निर्देशन में बीट गार्ड पौनिया सुश्री निशा चौधरी, वनरक्षक नितेश चंदने, महेश कर्पे, दिलीप परिहार ने अंजाम दिया है। आरोपी ने वन विभाग की टीम को बताया कि वह कटंगी की ओर लकड़ी लेकर जा रहा था।



तहसीलदार को कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन, कोटवारों ने रेडीमेड वर्दी लेने से किया इंकार

पद्मेश न्यूज।कटंगी। मध्य प्रदेश ग्राम रक्षक, कोटवार, चौकीदार संघ तहसील शाखा तिरोड़ी के पदाधिकारियों ने बुधवार को तिरोड़ी में तहसीलदार गीता राहंगडाले को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है। कोटवारों ने सरकार द्वारा दी जा रही रेडीमेड वर्दी लेने से साफ इनकार कर दिया है। उन्होंने इस वर्दी को घटिया और खराब क्वालिटी की बताते हुए वर्दी की राशि सीधे बैंक खातों में भेजने की मांग की है, ताकि वे अपनी सुविधा के अनुसार अच्छी गुणवत्ता की वर्दी सिलवा सकें। बुधवार की दोपहर साढ़े 03 बजे तहसील अध्यक्ष भगवान दास खोब्रागड़े के नेतृत्व में कोटवारों ने अपनी इस प्रमुख मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है। दरअसल, शासन के आदेशानुसार वर्ष 2026 में 9कोटवारों को रेडीमेड वर्दी और सामग्री दी जा रही है। जिसका कोटवार विरोध कर रहे है इनका कहना है कि उन्हें पूर्व की भांति वर्दी और सामग्री के लिए सीधे खाते में राशि प्रदान की जाए ताकि वह अपने मनमुताबिक खरीददारी कर सके। इस दौरान उपाध्यक्ष बेनीराम मेश्राम, बैजनाथ शेण्डे, ललीन्द्र, सोनु कमलेश खोब्रागड़े, दुर्गा बाई पिलगेर सहित तिरोड़ी तहसील क्षेत्र के अलग-अलग गांवों के कोटवार उपस्थित रहे। कोटवारों ने आरोप लगाया कि नई वर्दी में भ्रष्टाचार हुआ है और वे इसे नहीं पहनेंगे। गौरतलब हो कि प्रदेश भर में कोटवार नई वर्दी का विरोध कर रहे है। संघ ने बताया कि उन पर लगातार वर्दी लेने के लिए दबाव बनाया जा रहा है परंतु वह किसी भी दबाव में आकर वर्दी नहीं लेगें।



महाप्रसादी का हुआ आयोजन-

रामदेव बाबा मंदिर में मनाई गई माघ शुक्ल दशमी

पद्मेश न्यूज। कटंगी। नगर के पुराना पेट्रोल पंप चौक स्थित बाबा रामदेव मंदिर में बुधवार को बेहद धूमधाम और उत्साह के साथ धार्मिक वातावरण के बीच माघ शुक्ल दशमी मनाई गई। बाबा रामदेव के जन्मोत्सव को उनके लोक कल्याणकारी कार्यों की स्मृति में मनाया जाता है। बाबा रामदेव जी को लोकदेवता और करुणा के प्रतीक के तौर पर पूजा जाता हैं। बुधवार को दशमी के अवसर पर सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों के आने-जाने का सिलसिला शुरू हो चुका था और यह क्रम अनवरत शाम 05 बजे तक चलता रहा। शहर और ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में भक्त मंदिर पहुंचे और यहां बाबा रामदेव और सांई भगवान की पूजा अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की मनोकामना मांगी। माघ शुक्ल दशमी पर बाबा रामदेव की आराधना से सुख-समृद्धि और रोगों से मुक्ति की मान्यता है। मंदिर में आज महाप्रसादी का भी आयोजन हुआ। महाप्रसादी का बड़ी संख्या में लोगों ने लाभ लिया। रामदेव बाबा साई मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि सुबह 11 बजे पूजन और आरती का आयोजन हुआ। वहीं दोपहर 12 बजे से महाप्रसादी का आयोजन हुआ जो शाम तक जारी रहा।



यूजीसी के समानता नियमों की संवैधानिक वैधता पर बहस, सुप्रीम कोर्ट सुनवाई को तैयार

नई दिल्ली,। सर्वोच्च न्यायालय ने बुधवार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा देना) विनियम, 2026 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर तत्काल सुनवाई करने पर सहमति जता दी, क्योंकि शैक्षणिक परिसरों में जाति-आधारित भेदभाव को दूर करने के उद्देश्य से बनाए गए नए ढांचे को लेकर विवाद गहरा रहा है। यह घटनाक्रम तब सामने आया जब सामाजिक कार्यकर्ता और उद्यमी राहुल दीवान की ओर से वकील पार्थ यादव ने भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत के समक्ष याचिका का जिक्र किया। यादव ने अदालत से मामले पर तत्काल सुनवाई करने का आग्रह कर कहा कि नियमों के लागू होने से भेदभाव होगा और इस मुद्दे पर तत्काल न्यायिक जांच की जरुरत है।



उनके अनुरोध पर जवाब देकर मुख्य न्यायाधीश कांत ने सुनवाई की तारीख जल्द तय करने पर विचार करने की सहमति जाहिर की और वकीलों से याचिका में मौजूद सभी खामियों को दूर करने को कहा ताकि मामले को सूचीबद्ध किया जा सके। दीवान की याचिका उन कम से कम तीन चुनौतियों में से एक है जो 2026 के नियमों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची हैं। इन नियमों को यूजीसी ने 13 जनवरी को अधिसूचित किया था और इसके तहत 2012 के ढांचे को प्रतिस्थापित किया था। इसमें से याचिका उत्तर प्रदेश के बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में पोस्ट-डॉक्टरल शोधकर्ता मृत्युंजय तिवारी ने दायर की है। दूसरी याचिका मंगलवार सुबह अधिवक्ता विनीत जिंदल ने दायर की।

अदालती कार्यवाही यूजीसी द्वारा अधिसूचित नए समानता नियमों पर चल रही व्यापक राष्ट्रीय बहस की पृष्ठभूमि में हुई। इन नियमों के तहत विश्वविद्यालयों, कॉलेजों और मान्यता प्राप्त संस्थानों में भेदभाव की शिकायतों के निवारण और समावेश को बढ़ावा देने के लिए समान अवसर केंद्र और समानता समितियां स्थापित करना अनिवार्य है। ये नियम अगस्त 2019 में उच्च शिक्षा में भेदभाव-विरोधी सुरक्षा उपायों को मजबूत करने की मांग वाली सर्वोच्च न्यायालय की याचिका का परिणाम हैं।

तृतीय नेशनल कुबूडो मार्शल आर्ट चैंपियनशिप में बालाघाट के खिलाड़ी करेंगे मप्र का प्रतिनिधित्व

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 31 जनवरी से 2 फरवरी तक तृतीय श्रेणी नेशनल कुबूडो मार्शल आर्ट चैंपियनशिप का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता यूपी ओलंपिक एसोसिएशन तथा ऑल इंडिया कुबूडो मार्शल आर्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगी। आयोजन में संगठन के जनरल सेक्रेटरी सिंघान, शोभित पांडे एवं लखनऊ उत्तर प्रदेश कुबूडो मार्शल आर्ट एसोसिएशन की अहम भूमिका रहेगी।

यह प्रतियोगिता स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया और मॉडर्न एकेडमी के संयुक्त प्रोजेक्ट के अंतर्गत विनय खंड, गोमती नगर, लखनऊ में आयोजित की जाएगी, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से चयनित खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले से चयनित खिलाड़ी भी भाग लेकर राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ियों का चयन एवं मार्गदर्शन जिला खेल अधिकारी राहुल बरेसा के निर्देशन में किया गया है। प्रतियोगिता में बालाघाट के खिलाड़ियों का नेतृत्व कुबूडो मार्शल आर्ट के मुख्य प्रशिक्षक एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग, कटंगी के युवा समन्वयक संतोष पारधी करेंगे। जिले से चयनित प्रतिभागी खिलाड़ियों में डॉली गणेश माहुरकर, नेहा श्यामलाल झाडे, संस्था सदस्य अनिल सावनकर एवं शुभम मनेश्वर शामिल हैं। ये सभी खिलाड़ी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को कराटे स्पोर्ट्स प्रशिक्षण एवं एजुकेशन संघ के संस्था संरक्षक अनिल धुवारे, अध्यक्ष किरणभाई त्रिवेदी, उपाध्यक्ष रविंद्र भाटिया, सहसचिव चंद्रकांत पीपलेवार, सदस्य राजेंद्र बल्ले, संजू मेश्राम, खेल विभाग के समस्त पदाधिकारी एवं कटंगी शासकीय कन्या माध्यमिक शाला के एम.एल. भलावी द्वारा शुभकामनाएं एवं उत्साहवर्धन प्रदान किया गया। जानकारी के अनुसार, सभी खिलाड़ी 29 जनवरी को बालाघाट जिले से लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे। यह प्रतियोगिता न केवल खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर है, बल्कि बालाघाट जिले के लिए भी गर्व का विषय है कि उसके खिलाड़ी देशभर के मंच पर मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

नहीं रहे आदेश श्रीवास्तव



पदमेश न्यूज़। बालाघाट ।

स्थानीय गौली मोहल्ला, वार्ड नंबर 15 बालाघाट निवासी आदेश श्रीवास्तव का लंबी बीमारी के बाद आज दोपहर दुखद निधन हो गया.वे कलेक्ट्रेट में पदस्थ थे.उनका अंतिम संस्कार 29 जनवरी को दोपहर 2 बजे उनके गृह निवास गौली मोहल्ला से निकलेगी.वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं.उनके निधन पर परिवार में शोक व्याप्त है.श्री श्रीवास्तव के निधन पर परिजनों और मित्रों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी है।

बरेली से बाहर भेजे गए अलंकार अग्निहोत्री

बरेली। बरेली में निलंबित पीसीएस अफसर अलंकार अग्निहोत्री को बुधवार दोपहर 2-18 बजे निजी वाहन से बरेली से बाहर भेज दिया गया। इस दौरान उनके समर्थकों में जबर्दस्त आक्रोश देखने को मिला। समर्थकों ने अलंकार अग्निहोत्री को बरेली से बाहर न जाने देने के लिए रोकने का भरकस प्रयास किया। गुस्साए समर्थकों ने पुलिसकर्मियों से धक्कामुक्की कर दी।

धक्कामुक्की होने से एक इंस्पेक्टर जमीन पर गिर गए। पुलिस ने कड़ी मशक्कत कर समर्थकों को गाड़ी के आगे से हटाया। इसके बाद पुलिस और प्रशासन अलंकार अग्निहोत्री को बरेली से बाहर भेजने में कामयाब रहा। इसके बाद उनके समर्थकों ने रामपुर की तरफ जाने वाले मुख्य मार्ग पर जाम लगाकर नारेबाजी शुरू दी।

हाउस अरेस्ट करने का लगाया था आरोप

इससे पहले, बुधवार को सुबह अलंकार अग्निहोत्री सरकारी आवास से निकलकर गेट पर आए थे और मीडिया कर्मियों से खुद को हाउस अरेस्ट होना बताया था। उन्होंने यह भी कहा था कि प्रशासन ने उन्हें आवास के अंदर ही रहने की हिदायत दी है और वह कानून को मानकर अपने आवास में ही रुके। अलंकार ने कहा कि उन्हें उनके आवास से बाहर नहीं निकलने दिया जा रहा है। अलंकार अग्निहोत्री ने कहा था कि उनके आवास पर अनावश्यक रूप से सीसी कैमरे लगा कर उनकी निजता का हनन किया जा रहा है। आवास के अंदर परिसर में एडीएम सिटी सौरभ दुबे, प्रभारी रामजनम यादव, एसडीएम सदर प्रमोद कुमार और सीओ पंकज श्रीवास्तव सुबह से ही मौजूद रहे। आवास के चारों तरफ पुलिस का पहरा रहा।

तेजाब हमलों पर सुप्रीम कोर्ट का कड़ा रुख, कहा- दोषियों को सख्त सजा और संपत्ति जब्ती कानून बदले सरकार

नई दिल्ली,। देश में बढ़ते तेजाब हमलों (एसिड अटैक) की घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने दोषियों के लिए असाधारण दंडात्मक उपायों का जोरदार समर्थन किया है। शीर्ष अदालत ने मंगलवार को केंद्र सरकार को स्पष्ट सुझाव दिया कि तेजाब हमले जैसे जघन्य अपराधों को रोकने के लिए कानून में संशोधन पर गंभीरता से विचार किया जाए। अदालत का मानना है कि इन मामलों से ठीक उसी तरह सख्ती से निपटा जाना चाहिए जैसे दहेज हत्या के मामलों में निपटा जाता है, जहां अपनी बेगुनाही साबित करने की जिम्मेदारी स्वयं आरोपी की होती है।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस आर महादेवन और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। न्यायालय ने कहा कि जब तक आरोपी के लिए सजा पीड़ादायक नहीं होगी, तब तक समाज में ऐसे अपराधों पर अंकुश लगाना कठिन है। पीठ ने कड़े शब्दों में कहा कि इस तरह के अपराधों में सुधारात्मक दंड की अवधारणा के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। कोर्ट ने सवाल उठाया कि ऐसे अपराधियों की संपत्ति क्यों नहीं जब्त की जा सकती? न्यायाधीशों का मानना है कि पीड़ितों को मुआवजा देने और भविष्य में ऐसे अपराधों को रोकने के लिए आरोपी की संपत्ति कुर्क करने जैसे निवारक उपाय आवश्यक हैं।

अदालत ने केंद्र सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल से कहा कि सजा को और अधिक कठोर बनाने के लिए विधायी हस्तक्षेप की आवश्यकता है। पीठ ने इसकी तुलना दहेज हत्या से करते हुए कहा कि तेजाब हमला किसी भी मायने में उससे कम गंभीर अपराध नहीं है। इसके साथ ही, सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सख्त निर्देश जारी किए हैं कि वे चार सप्ताह के भीतर तेजाब हमलों से संबंधित विस्तृत जानकारी पेश करें। इसमें पिछले वर्षों के मामलों का ब्यौरा, अदालतों में उनकी वर्तमान स्थिति, अधीनस्थ अदालतों में दाखिल आरोपपत्र और उच्च न्यायालयों में लंबित अपीलों की संख्या शामिल होनी चाहिए।

कोर्ट ने केवल कानूनी आंकड़ों तक ही सीमित न रहकर पीड़ितों के मानवीय पक्ष पर भी जानकारी मांगी है। राज्यों से कहा गया है कि वे प्रत्येक पीड़ित की संक्षिप्त जानकारी, उनकी शैक्षणिक योग्यता, नौकरी की स्थिति, वैवाहिक स्थिति और अब तक हुए चिकित्सा खर्च का विवरण दें। विशेष रूप से उन मामलों का विवरण मांगा गया है जहां पीड़ितों को तेजाब पीने के लिए मजबूर किया गया, जिससे उनके आंतरिक अंगों को जानलेवा नुकसान पहुंचा। यह सुनवाई तेजाब हमले की शिकार शाहीन मलिक द्वारा दायर याचिका पर हो रही थी। मलिक ने अदालत को बताया कि 26 साल की उम्र में हुए हमले के बाद उन्होंने अपने जीवन के 16 महत्वपूर्ण वर्ष कानूनी लड़ाई में बिता दिए, लेकिन अंत में हमलावरों को बरी कर दिया गया। उनकी पीड़ा को समझते हुए कोर्ट ने उन्हें कानूनी सहायता और श्रेष्ठ वकीलों की सेवाएं देने की पेशकश की। याचिका में यह भी मांग की गई है कि दिव्यांग व्यक्तियों की परिभाषा का विस्तार किया जाए ताकि आंतरिक अंगों के नुकसान को झेलने वाले पीड़ितों को भी पर्याप्त मुआवजा और सहायता मिल सके। अदालत ने साफ किया कि वह इस मुद्दे पर व्यापक नीतिगत बदलाव चाहती है ताकि पीड़ितों को समय पर न्याय और पुनर्वास मिल सके।

विद्यालय सेंट्रल इंडिया एकेडमी हायर सेकेंडरी स्कूल लांजी में मनाया गया 77 वॉ गणतंत्र दिवस

पद्मेश न्यूज। लांजी। नगर कि शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था विद्यालय सेंट्रल इंडिया एकेडमी हायर सेकेंडरी स्कूल लांजी में 77 वॉ गणतंत्र दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के प्राचार्य हेमंत बनकर ने मां सरस्वती व भारत माता की पूजा वंदना एवं माल्यार्पण किया द्य इसके बाद तिरंगे झंडे की पूजा अर्चना कर विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती संध्या मिश्रा के द्वारा ध्वज फहराया गया। इसके पश्चात विद्यालय में छात्राओं के द्वारा राष्ट्रगान व मध्य प्रदेश गान प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अग्रिम दौर में छात्र छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत व भाषण एक से बढकर एक प्रस्तुतियॉ दी गई। इसके पश्चात प्रभात फेरी निकाली गई जहां अमर शहीदों के जय घोष करते हुए यह प्रभात फेरी सुभाष चौक पहुंची, प्रभात फेरी सालेटेकरी मार्ग से होते हुए रानी अवंती बाई स्टेडियम पहुंची वहां हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यालय की छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया।विद्यालय के अनेक शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए गए । कार्यक्रम के अंत में संस्था के प्राचार्य हेमंत बनकर द्वारा छात्रों को गणतंत्र दिवस का महत्व बताया गया। समिति की सचिव श्रीमती मीरा बनकर द्वारा विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं के कार्यक्रम में सहयोग हेतु उनका आभार व्यक्त किया गया तथा समिति की अध्यक्ष श्रीमती विभा अनिल तिवारी द्वारा अमर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर स्वतंत्रता में उनके योगदान को याद किया गया।



पद्मेश न्यूज़
शहर | समाज | गांव

12

बालाघाट एक्सप्रेस

/padmeshmedia /padmeshmedia epaper.balaghatexpress.in E-mail: balaghatexpress@gmail.com

न्यूज गैलरी

बालाघाट के नये सीएसपी मयंक तिवारी ने संभाला कार्यभार, वैशाली सिंह भोपाल रवाना

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। पुलिस विभाग में हाल ही में हुए प्रशासनिक फेरबदल के तहत बालाघाट शहर को नया नगर पुलिस अधीक्षक मिल गया है। बैतूल जिले से स्थानांतरित होकर आए मयंक तिवारी ने बालाघाट के सीएसपी पद का कार्यभार औपचारिक रूप से संभाल लिया है। अब तक इस पद पर पदस्थ रहीं वैशाली सिंह बालाघाट शहर के नगर अधीक्षक पद से मुक्त होकर भोपाल के लिए रवाना हो गई हैं। वैशाली सिंह का बालाघाट में कार्यकाल अपेक्षाकृत कम समय का रहा। वे नवंबर 2024 में बालाघाट स्थानांतरित होकर आई थीं। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने शहर में कानून व्यवस्था को मजबूत करने और अपराध नियंत्रण के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। विशेष रूप से रात्रिकालीन गश्त को सक्रिय किया गया, जिससे चोरी और अन्य आपराधिक घटनाओं पर काफी हद तक अंकुश लगा। इसके अलावा वैशाली सिंह ने यातायात व्यवस्था सुधारने और सड़क सुरक्षा को लेकर भी विशेष पहल की। हेलमेट जागरूकता अभियान में उनकी सक्रिय भूमिका रही, जिसके तहत आम नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। उनके इन प्रयासों को शहरवासियों और पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सराहा गया। अब बैतूल से स्थानांतरित होकर आए मयंक तिवारी के सामने बालाघाट शहर की कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने की जिम्मेदारी है। उनके कार्यभार संभालते ही पुलिस महकमे में नई ऊर्जा देखने को मिल रही है। माना जा रहा है कि उनके नेतृत्व में अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था और यातायात सुधार को लेकर प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। शहरवासियों और प्रशासन को उम्मीद है कि नए सीएसपी मयंक तिवारी के कार्यकाल में बालाघाट में शांति व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी तथा अपराधों पर सख्त नियंत्रण

पुलिस और सुरक्षाबलों का आदिवासियों के जंगलों में प्रवेश पर रोक से बुनियादी जरूरतों पर संकट

वनांचल में विकास के दावों के बीच आदिवासियों की आजीविका प्रभावित : पलायन को मजबूर बैहर, बिरसा और गढ़ी के आदिम जनजाति

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। बैहर, बिरसा और गढ़ी क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि उनके इलाकों में मूलभूत सुविधाओं की कमी के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी लगभग समाप्त हो चुके हैं। हालात यह हैं कि बड़ी संख्या में लोग आजीविका की तलाश में अपने गांव छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं, जिससे क्षेत्र में सामाजिक और आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार उनका जीवन लंबे समय से जंगलों पर आधारित रहा है। वन उपज संग्रह, मजदूरी और जंगल से जुड़े अन्य कार्य ही उनकी आय का मुख्य साधन थे। लेकिन हाल के दिनों में संबंधित विभागों और वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा जंगलों में प्रवेश पर रोक लगाए जाने से उनकी आजीविका पर सीधा असर पड़ा है। जंगलों में जाने पर प्रतिबंध के चलते कई परिवारों के सामने रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना भी कठिन हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि वैकल्पिक रोजगार की कोई ठोस व्यवस्था न होने के कारण क्षेत्र के युवा और मजदूर वर्ग दूसरे जिलों और राज्यों की ओर पलायन करने लगे हैं। इसका असर परिवारों और गांव की सामाजिक संरचना पर भी पड़ रहा है।



बीते कुछ महीनों से जिला प्रशासन द्वारा जिले के आदिवासी अंचलों में विकास कार्यों को गति देने और आदिवासी समाज को मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। वनांचल क्षेत्रों सहित बैहर और बिरसा अंचल के बैगा आदिवासी समुदाय के लोगों का कहना है कि विकास के ये दावे जमीनी स्तर पर उनकी वास्तविक समस्याओं का समाधान नहीं कर पा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उनके क्षेत्रों में आज भी मूलभूत सुविधाओं की भारी कमी बनी हुई है। पेयजल, रोजगार और आजीविका के साधन जैसे बुनियादी मुद्दों पर कोई ठोस व्यवस्था नहीं हो पाई है। वहीं दूसरी ओर, जिस तरह से वे वर्षों से जंगलों पर निर्भर रहकर अपना जीवन यापन करते आ रहे थे, अब वह रास्ता भी उनके लिए बंद होता नजर आ रहा है।

बैहर क्षेत्र के डूलेश मरकाम ने बताया कि हाल के दिनों में वन विभाग द्वारा आदिवासी समुदाय के लोगों को जंगलों में जाने से रोका जा रहा है। जबकि आदिवासी परिवारों की पूरी आजीविका जंगलों पर आधारित रही है। वन उपज संग्रह और जंगल से जुड़े कार्यों के माध्यम से ही वे अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे और अपनी आर्थिक स्थिति को संभाल पाते थे। जंगलों में प्रवेश पर रोक के कारण अब उनके सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि आय के स्रोत समाप्त होने के चलते बड़ी संख्या में लोग मजबूरी में पलायन करने लगे हैं। इससे न केवल परिवार बिखर रहे हैं, बल्कि आने वाले समय में क्षेत्र को सामाजिक और आर्थिक रूप से भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। लोगों ने आशंका जताई है कि यदि यही स्थिति बनी रही, तो गांव खाली होने की नौबत आ सकती है। आदिवासी समुदाय के लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि जल, जंगल और जमीन ही उनकी पहचान है, लेकिन विकास के नाम पर उन्हें केवल आश्वासन दिए जा रहे हैं। न तो पर्याप्त सुविधाएं मिल रही हैं और न ही पारंपरिक जीवनशैली को बनाए रखने का अवसर दिया जा रहा है। उल्टा, जंगलों से दूर कर उन्हें और अधिक असुरक्षित किया जा रहा है।

गढ़ी क्षेत्र के ग्राम हीरापुर में अभी से पेयजल संकट

इधर गढ़ी क्षेत्र के ग्राम हीरापुर से पहुंचे ग्रामीणों ने भी अपनी समस्या साझा की। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में अभी से ही पेयजल संकट गहराने लगा है। यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो आगामी गर्मी के मौसम में हालात और भी गंभीर हो सकते हैं और आमजन को पानी के लिए भारी परेशानी उठानी पड़ेगी। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि किसान योजनाओं के साथ-साथ उनकी आजीविका, पेयजल और रोजगार जैसे बुनियादी मुद्दों पर भी गंभीरता से ध्यान दिया जाए, ताकि आदिवासी समाज को वास्तव में सशक्त बनाया जा सके और पलायन जैसी समस्याओं पर रोक लग सके।

यातायात पुलिस ने जारी किया डायवर्सन प्लान

28 जनवरी से आगामी आदेश तक के लिए यातायात एडवाईजरी जारी

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। बालाघाट-वारासिवनी रोड पर गर्रा रेल्वे ओव्हर ब्रिज के निर्माण कार्य में अब प्रगति आ गई है। ऐसे में आम नागरिकों की सुविधा को देखते हुए यातायात पुलिस द्वारा 28 जनवरी से आगामी आदेश तक के लिए डायवर्सन प्लान एवं यातायात एडवाईजरी जारी की गई है।

दुर्गावती चौक से गर्रा रेलवे क्रासिंग तक सम्पूर्ण यातायात बंद रहेगा

बालाघाट रोड से वारासिवनी-लालबर्रा की ओर आने-जाने वाले वाहन चालकों के लिये आवागमन मार्ग को परिवर्तित किया गया है। बालाघाट से वारासिवनी मुख्य मार्ग पर रानी दुर्गावती चौक से गर्रा रेल्वे क्रासिंग, गर्रा नाका टी पाईट तक सम्पूर्ण यातायात बंद रहेगा ।

परिवर्तित /वैकल्पिक मार्ग

बालाघाट से वारासिवनी, लालबर्रा, सिवनी जाने वाले दो पहिया, हल्के चार पहिया एवं यात्री परिवहन वाहन विश्वेश्वरैया चौक-आकाशवाणी-पावर हाउस रोड-डेंजर रोड-वैनगंगा पुल होकर आवागमन करेंगें। वारासिवनी, लालबर्रा, सिवनी से बालाघाट आने वाले दो पहिया, हल्के चार पहिया एवं यात्री परिवहन वाहन वैनगंगा पुल-डेंजर रोड-पावर हाउस रोड-आकाशवाणी-विश्वेश्वरैया चौक-होकर आवागमन करेंगें।

भारी मालवाहक वाहनों के लिए परिवर्तित / वैकल्पिक मार्ग

लालबर्रा, सिवनी से बालाघाट आने वाले भारी वाहन गर्रा चौक से डोंगरिया होते हुए नेशनल हाईवे-543 से खुरसोड़ी-नवेगांव- सरेखा ब्रिज होते हुए बालाघाट आएंगे। वारासिवनी से बालाघाट आने वाले भारी वाहन नेशनल हाईवे-543 से होकर खुरसोड़ी-नवेगांव-सरेखा ब्रिज होकर बालाघाट आवेंगे। बालाघाट से वारासिवनी, लालबर्रा, सिवनी की ओर जाने वाले भारी वाहन अंबेडकर चौक से सेन चौक-महामृत्युंज घाट-गोंगलई-नवेगांव-खुरसोड़ी से नेशनल हाईवे-543 होकर जाएंगे। समस्त नागरिको एवं वाहन चालको से अपील की गई है कि शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने मे बालाघाट पुलिस का सहयोग करें।

तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने साइकिल सवार छात्रा को चपेट में लिया-छात्रा गंभीर रूप से घायल

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। नगर के अवंती बाई चौक से बूढ़ी रोड पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने साइकिल सवार छात्रा को चपेट में ले लिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल छात्रा मुस्कान पिता पुत्री डब्ल्यू सिंह मरकाम 20 वर्ष मोहगांव, मलाजखंड है निवासी। जिसे तुरंत भटेरा रोड स्थित ट्राइपॉड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मुस्कान बीकॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा हैं और बालाघाट बूढ़ी में अपनी बहन सुमन मरकाम के साथ किराए के कमरे में रहकर पढ़ाई कर रही हैं। 28 जनवरी को 4:00 बजे करीब मुस्कान मरकाम साइकिल में अपने कमरे से किसी निजी काम से बालाघाट नगर की ओर जा रही थी।। तभी

गैस एजेंसी के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने साइकिल सवार छात्र मुस्कान मरकाम को चपेट में ले लिया। ट्रैक्टर की ठोकर से छात्र मुस्कान ट्रैक्टर ट्राली के पिछला पहिया में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के तुरंत बाद ट्रैक्टर चालक ने रहवासियों के सहयोग ने गंभीर रूप से घायल छात्र मुस्कान मरकाम को आँटो से नगर के ट्राइपॉड अस्पताल ले जाकर उसे भर्ती किया। जहा उसका इलाज किया जा रहा है। बताया गया है कि मुस्कान मरकाम के माता-पिता खेती किसानी करते हैं मुस्कान चार बहने और एक भाई है। मुस्कान अपनी बहन सुमन के साथ बालाघाट बूढ़ी में रहकर पढ़ाई करती है। और एक भाई और दो बहने गांव में ही पढ़ाई कर रहे हैं

खरखड़ी में जुआ खेलते 2 आरोपी गिरफ्तार, 37,800 नगद व जुआ सामग्री जप्त



पद्मेश न्यूज। बालाघाट। खैरलांजी पुलिस ने ग्राम खरकड़ी में एक जुए के अड्डे में छापा मार कार्रवाई करते हुए मौके पर दो व्यक्ति को गिरफ्तार किया। जबकि पुलिस की भनक लगते ही दो व्यक्ति फरार फरार होने में कामयाब हो गए।गिरफ्तार आरोपियों मेंअमित बागड़े बागड़े 42 वर्ष ग्राम खैरलांजी औरअशोक भगत 34 वर्ष, घुबड़गोदी, थाना खैरलांजी निवासी है। जिनके पास से 37800 रुपए के अलावा ताश के 52 पत्ते जप्त गई है। ?रार आरोपियों में विशाल मसखरे ग्राम खरैलांजी एवं परमेश्वर उर्फ परमया बानेवार ग्राम रामपायली निवासी बताए गए हैं जिनकी तलाश की जा रही है

जिले में अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने हेतु पुलिस द्वारा लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है । इसी क्रम में 27 जनवरी 2025 को थाना खैरलांजी पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम खरखड़ी के पास एक खेत में कुछ व्यक्ति ताश के पत्तों पर रुपये-पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं।सूचना की तस्दीक उपरांत थाना प्रभारी के निर्देशन में पुलिस टीम द्वारा मौके पर दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने जुआ खेलते हुए दो आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया, जबकि दो अन्य आरोपी पुलिस को देखकर फरार हो गए। गिरफ्तार आरोपियों मेंअमित बागड़े, 42 वर्ष ग्राम खैरलांजी औरअशोक भगत34 वर्ष, घुबड़गोदी, थाना खैरलांजी निवासी है।पुलिस ने मौके से एवं आरोपियों के कब्जे से 37,800 नगद, ताश के 52 पत्तों की एक गड्डी तथा एक पीले रंग की तिरपाल जप्त की है।फरार आरोपियों के नाम विशाल मसखरे ग्राम खरैलांजी एवं परमेश्वर उर्फ परमया बानेवार ग्राम रामपायली निवासी बताए गए हैं। जिनकी तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है।उक्त सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 13 जुआ अधिनियम के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की गई है। जप्त मशरूका को विधिवत मालखाना में जमा कराया गया है।बालाघाट पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। सूचना देने वाले का नाम पूर्णत: गोपनीय रखा जाएगा।

ग्राम खारी की नहर में फंसे सांभर को ग्रामीणों और वन विभाग ने किया सुरक्षित रेस्क्यू

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। मुख्यालय से कुछ ही किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम खारी में बुधवार को दोपहर के समय अचानक हड़कंप मच गया। वैनगंगा नहर के उफनते पानी में एक व्यस्क सांभर फंसा दिखाई दिया, जिसने ग्रामीणों के साथ-साथ वन विभाग की टीम की भी चिंता बढ़ा दी। स्थानीय ग्रामीणों की मदद और वन विभाग की तत्परता के चलते सांभर की जान सुरक्षित बचाई गई। घटना दोपहर की थी, जब ग्रामीण नहर के किनारे से गुजर रहे थे। उनकी नजर तेज बहाव में फंसे सांभर पर पड़ी। सांभर पानी की तेज धार में संघर्ष कर रहा था और खुद को बाहर निकालने में असमर्थ था। ग्रामीणों ने तुरंत सरपंच प्रतिनिधि कैलाश नखाते को घटना की सूचना दी। कैलाश नखाते ने तत्काल पुलिस और वन विभाग को सूचित किया। इस बीच, ग्रामीणों ने हिम्मत दिखाते हुए रस्सियों की मदद से सांभर को बाहर निकालने का प्रयास किया। हालांकि, बाहर आने की कोशिश के दौरान सांभर की अचानक झटपटाहट के कारण वह फिर से नहर में गिर गया। मौके पर पहुंची लालबर्रा पुलिस और वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से घंटों की कड़ी मेहनत के बाद सांभर को सुरक्षित बाहर निकालने में सफलता पाई। परिक्षेत्र अधिकारी सीता भलावी ने बताया कि ग्रामीणों की सूझबूझ और विभाग की सक्रियता के कारण सांभर को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया है। उन्होंने कहा कि फिलहाल यह वन्यप्राणी पूरी तरह स्वस्थ है और हमारी निगरानी में रखा गया है। जल्द ही इसे उसके प्राकृतिक आवास और घने जंगल में सुरक्षित छोड़ा जाएगा।



पैसा ठीक होने के बाद देना
शादी से पहले एवं शादी के बाद
उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेडापन, निःसंतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।
पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना
गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464





स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट (म.प्र.) से मुद्रित कराकर दैनिक बालाघाट एक्सप्रेस कार्यालय, काली पुतली चौक, बालाघाट(म.प्र.) से प्रकाशित, प्रधान संपादक : उमेश बागरेचा, मो.नं. :9425138710,
स्थानीय संपादक : डॉ. विपिन बिहारी शाडिल्य, ई-मेल- balaghatexpress@gmail.com पंजीयन क्रं. MPHIN/2009/32311, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट